आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज
बौद्ध और सिख श्रद्धालुओं की तीर्थ यात्रा की आस पूरी कराएगी...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



रविवार 06 जुलाई, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 261 www.janexpresslive.com/epaper

बढ़ रही गरीबों की संख्या, अमीर और... 12

## 48 मिनट के भाषण में उद्धव और राज ठाकरे ने कहा

# हिंदी थोपना बर्दाश्त नहीं

## अगर मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी, तो हम गुंडे हैं

- 20 साल बाद ठाकरे परिवार एक साथ, उद्धव बोले, मराठी ने दूरियां खत्म कीं, राज बोले, फडणवीस ने वो किया जो बालासाहेब नहीं कर पाए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर जारी विवाद के बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी एकता पर शनिवार को मुंबई के वर्ली सभागार में रैली की। दोनों ने 48 मिनट तक हिंदी-मराठी भाषा विवाद, मुंबई-महाराष्ट्र, भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कहा कि तीन भाषा का फॉर्मूला केंद्र से आया। हिंदी से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे थोपा नहीं जाना चाहिए। अगर मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी है तो हम गुंडे हैं। उद्धव और राज 20 साल बाद एक मंच पर नजर आए। आखिरी बार 2006 में बाला साहेब ठाकरे की रैली में साथ दिखे थे। उद्धव को शिवसेना का मुखिया बनाने के बाद राज ने अलग पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बनाई थी। तब दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं थे।



### महाराष्ट्र में भाषा विवाद क्या है

- महाराष्ट्र में अप्रैल में 1 से 5वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी अनिवार्य की गई थी। ये फैसला राज्य के सभी मराठी और अंग्रेजी मीडियम स्कूलों पर लागू किया गया था।
- नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के नए करिकुलम को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र में इन क्लासेज के लिए तीन भाषा की पॉलिसी लागू की गई थी।
- विवाद बढ़ने के बाद अपडेटेड गाइडलाइंस जारी की गई। मराठी और अंग्रेजी मीडियम में कक्षा 1 से 5वीं तक पढ़ने वाले स्टूडेंट्स तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी के अलावा भी दूसरी भारतीय भाषाएं चुन सकते हैं।
- इसके लिए शर्त बस यह होगी कि एक क्लास के कम से कम 20 स्टूडेंट्स हिंदी से इतर दूसरी भाषा को चुनें। ऐसी स्थिति में स्कूल में दूसरी भाषा की टीचर भी अपॉइंट कराई जाएगी। अगर दूसरी भाषा चुनने वाले स्टूडेंट्स का नंबर 20 से कम है तो वह भाषा ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई जाएगी।

### आडवाणी भी मिशनरी स्कूल में पढ़े: राज ठाकरे

- **तीन भाषा का फॉर्मूला केंद्र से आया:** ये तीन भाषा का फॉर्मूला कहां से आया, ये सिर्फ केंद्र सरकार से आया है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में आज सब कुछ अंग्रेजी में है। किसी और राज्य में ऐसा नहीं है। सिर्फ महाराष्ट्र में ही ऐसा क्यों? जब महाराष्ट्र जागता है, तो दुनिया देखती है।
- **हमारे बच्चे ही नहीं, सभी अंग्रेजी स्कूल में पढ़ें:** हमारे बच्चे इंग्लिश मीडियम जाते हैं तो हमारी मराठी पर सवाल उठते हैं। लालकृष्ण आडवाणी मिशनरी स्कूल में पढ़े। दक्षिण में स्टालिन, कनिमोझी, जयललिता, नारा लोकेश, आर रहमान, सूर्या, सभी ने अंग्रेजी में पढ़ाई की है। रहमान ने डायस छोड़ दिया जब एक वक्ता ने हिंदी में बोलना शुरू किया। बालासाहेब और मेरे पिता श्रीकांत ठाकरे ने अंग्रेजी में पढ़ाई की है, लेकिन वे मातृभाषा मराठी के प्रति बहुत संवेदनशील थे।
- **अगर आप किसी को पीटते हैं, तो वीडियो न बनाएं:** चाहे गुजराती हो या कोई और, उसे मराठी आनी चाहिए, लेकिन अगर कोई मराठी नहीं बोलता तो उसे पीटने की जरूरत नहीं है, लेकिन अगर कोई बेकार का ड्रामा करता है तो आपको उसके कान के नीचे मारना चाहिए। अगर आप किसी को पीटते हैं, तो घटना का वीडियो न बनाएं।

### उद्धव ने 24 मिनट स्पीच दी, कहा, तो हां, हम गुंडे हैं

- **हम भी गुंडे हैं:** 1992 में जब मुंबई में हिंसा फैली थी, तो यहां के मराठी लोगों ने हिंदुओं की जान बचाई थी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बोला है कि वह गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे। तो उन्हें बता देना चाहता हूं कि अगर वह अपनी भाषा (मराठी) को लेकर गुंडागर्दी करेंगे तो फिर हम भी गुंडे हैं।
- **हिंदी थोपना बर्दाश्त नहीं:** आजादी के वक्त हमने मुंबई के लिए लड़ाई लड़ी। उस समय के राजनेता नहीं चाहते थे कि महाराष्ट्र में मराठी हों। अब केंद्र की मोदी सरकार कहती है कि हिंदी, हिंदू और हिंदुस्तान। हमें हिंदू और हिंदुस्तान तो चाहिए, लेकिन जबरदस्ती हिंदी थोपना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आपकी सात पीढ़ियां भी अगर हम पर हिंदी थोपेंगी तब भी हम ऐसा होने नहीं देंगे।
- **हमारा इस्तेमाल कर फेंक दिया गया:** उद्धव ठाकरे ने कहा, आज कई बाबा ज्योतिषी व्यस्त हैं। कोई हमारी कुंडली देख रहा है, ये जानने के लिए कि हम (राज-उद्धव) साथ आएंगे। हम दोनों ने इसका अनुभव किया है कि किस प्रकार हमारा इस्तेमाल कर फेंक दिया जाता है। आज हम दोनों साथ हैं। हम दोनों भाइयों के स्कूल बच्चों के स्कूल के बारे में कहा, लेकिन नरेंद्र मोदी किस स्कूल में पढ़े थे।

### 'हमें शपथ लेनी होगी कि हमेशा साथ रहेंगे'

उद्धव ने कहा कि हम दोनों ने इसका अनुभव किया है कि किस प्रकार हमारा इस्तेमाल करके फेंक दिया जाता है, आज हम दोनों साथ हैं। आज हम एक हुए हैं, लेकिन दोबारा ये झगड़ा लगाने की कोशिश करेंगे ये उनकी आदत है। उन्होंने कहा, %जिस महाराष्ट्र में हम रहते हैं, जहां हमारा जन्म हुआ इसे तोड़ने की कोशिश करेंगे तो ऐसा हम नहीं करने देंगे। आज हमें शपथ लेनी चाहिए हम दोनों एक साथ ही रहेंगे। इसकी शुरुआत आज से हुई है। विजय रैली के लिए वर्ली डोम के गेट पर भारी भीड़ जमा हो गई है। मनसे और शिवसेना के नेताओं को भी अंदर जाने में मुश्किल हो रही है। इनमें अविनाश जाधव और प्रकाश महाजन भी शामिल हैं। पुलिस भीड़ को नियंत्रित करने और नेताओं के लिए रास्ता बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन कार्यकर्ताओं को रोकना मुश्किल हो रहा है।

# जनता अस्पताल

## नहीं, जबरन वसूली का केंद्र!

### पत्रकार को धमकी, दरोगा बना दलाल, माफिया संचालक का खुला खेल

जन एक्सप्रेस। हरदोई

हरदोई के बेनीगंज क्षेत्र में एक अस्पताल नहीं, बल्कि जनता की जेब काटने का अड्डा चलाया जा रहा है। इस अस्पताल में इलाज कम, जबरन वसूली ज्यादा होती है। और हैरानी की बात ये कि जब पत्रकार ने इस गोरखधंधे के खिलाफ आवाज उठाई, तो उसे धमकाया गया वो भी पुलिस की वर्दी पहनकर!




### मामला क्या है?

एक स्वतंत्र पत्रकार ने अपने बीमार भाई को इलाज के लिए जनता हास्पिटल, बेनीगंज में भर्ती कराया। पहले 3,000 रुपये जमा कराए गए। फिर इलाज के नाम पर 10,000 रुपये और मांग लिए गए। इलाज में न कोई सर्जरी, न कोई विशेष जांच, बस नॉर्मल ग्लूकोज़, इंजेक्शन, यूरिन पाइप और नली! जब पत्रकार ने बिल और दवाओं की पर्ची मांगी, तो अस्पताल संचालक अतुल सिद्धार्थ भड़क गया और साफ कहा, हमें ऊपर तक देना पड़ता है, पैकेज यही है। नहीं देना है तो मरीज को ले जाओ।

### सीएमओ कार्यालय तक बात पहुंची, फिर भी नहीं रुकी वसूली

पत्रकार ने इस वसूली की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय तक पहुंचाई, संबंधित कर्मचारी से फोन पर बात भी करवाई। लेकिन जब तक 6,000 रुपये और नहीं दिए गए, मरीज को छोड़ा नहीं गया।

### पुलिस से मदद मांगी, उल्टा धमकी मिली

पत्रकार ने जब दरोगा फहीम खान से इस मामले में सहायता मांगी, तो शुरुआत में बात टाली गई। लेकिन रात 10:36 बजे दरोगा ने खुद पत्रकार को कॉल किया, 12 मिनट बातचीत में पत्रकार ने पूरी घटना बताई। पर अंत में दरोगा ने जो कहा, उसने लोकतंत्र को शर्मिंदा कर दिया, आज के बाद जनता हास्पिटल की कोई खबर फेसबुक, ट्विटर या किसी भी ग्रुप में नहीं डालोगे।

जनता जानना चाहती है, क्या न्याय अब भी जिंदा है, या अब उसे भी घूस से खरीदा जा सकता है?

### सवाल उठते हैं...

- क्या उत्तर प्रदेश की पुलिस अब भ्रष्ट अस्पताल संचालकों की ढाल बन गई है?
- क्या इलाज मांगने पर लूट और पत्रकारिता करने पर धमकी देना अब सामान्य हो गया है?
- दरोगा फहीम खान के पीछे कौन-सा ऊपर खड़ा है जो उसे इतना ताकतवर बना रहा है?

### जनता की नजरें अब सरकार और सीएमओ कार्यालय पर

अब सवाल उठता है कि क्या हरदोई के मुख्य चिकित्सा अधिकारी इस मामले की निष्पक्ष जांच कराएंगे? क्या दरोगा फहीम खान पर विभागीय कार्रवाई होगी या फाइलें ठंडी पड़ जाएंगी? क्या पत्रकारिता को दबाने की इस हरकत पर यूपी सरकार कोई सख्त कदम उठाएगी?

## पूर्वोत्तर रेलवे में आठ जुलाई से 8 घंटे पहले बनेगा रिजर्वेशन चार्ट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

आठ जुलाई से ट्रेनों का रिजवेशन चाटे आठ घंटे पहले बनाया जाएगा। इस बाबत आदेश जारी कर दिए गए हैं। पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय सहित लखनऊ, इज्जतनगर व वाराणसी मंडल में इसे लागू किया जा रहा है। इस बाबत मुख्य वाणिज्य प्रबंधक की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। इसके तहत तीनों मण्डलों के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि ट्रेनों के नए चाटिंग सिस्टम में चाटिंग मैनुअली की जाएगी। मसलन, गोरखधाम एक्सप्रेस का रिजर्वेशन चार्ट अभी दोपहर 12:20 बजे बनता है।

## यूपी में राजस्व जांच को लेकर बड़ा बदलाव

# अब नहीं चलेगी लेखपाल की रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने राजस्व मामलों में न्याय और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लेखपाल जांच व्यवस्था पर बड़ा फैसला लिया है। अब राजस्व मामलों में लेखपाल की रिपोर्ट अंतिम नहीं मानी जाएगी, बल्कि जांच की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार को सौंपी जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर यह सख्त कदम उठाया गया है। अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि अब लेखपाल स्तर की जांच पर तत्काल रोक लगाई जाए।

### नई व्यवस्था के तहत

- अब नायब तहसीलदार से नीचे का कोई अधिकारी राजस्व मामलों की जांच नहीं करेगा।
- शिकायतकर्ता को सुनने के बाद ही रिपोर्ट दी जाएगी।
- मामले का अंतिम निपटारा एसडीएम स्तर पर किया जाएगा।
- सरकार का मानना है कि अब रिपोर्ट नहीं, सुनवाई से मिलेगा न्याय। मुख्यमंत्री कार्यालय की यह पहल जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेने और उन्हें न्याय दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है।

## ट्रांसफर घोटाले पर सीएम का बड़ा एक्शन!

# डॉ. जयकेश पांडेय पर जांच तय संयुक्त निदेशक ज्योति को सौंपी गई कमान




जन एक्सप्रेस। लखनऊ

> मामले की जांच की जा रही है जल्द ही जांच रिपोर्ट भेज दी जाएगी सभी बातें मोबाइल पर नहीं की जा सकती है।
>
> – श्रीमती ज्योति, संयुक्त निदेशक (प्रशासन) पशुपालन विभाग लखनऊ

पशुपालन विभाग में हुए ट्रांसफर घोटाले ने अब तगड़ा मोड़ ले लिया है। जन एक्सप्रेस की खबर ने विभाग की जो पोल खोली थी, अब उसी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाते हुए तत्कालीन निदेशक डॉ. जयकेश पांडेय पर जांच के आदेश दे दिए हैं। मानव सम्पदा पोर्टल के जरिये की जा रही ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया को दरकिनार कर मनमाने ढंग से किए गए तबादलों की शिकायत जैसे ही सामने आई, जन एक्सप्रेस ने उसे पूरी प्रमुखता से उजागर किया। खबर का असर यह हुआ कि खुद मुख्यमंत्री को इसमें हस्तक्षेप करना पड़ा।

मुख्यमंत्री ने इस घोटाले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं और इस कार्यवाही की जिम्मेदारी सौंपी गई है श्रीमती ज्योति, संयुक्त निदेशक (प्रशासन), को। वह जल्द ही विभागीय अधिकारियों से पूछताछ शुरू कर पूरी रिपोर्ट सौंपेंगी। इस कार्यवाही से पशुपालन विभाग में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच खलबली मच गई है, वहीं ई-गवर्नेंस और पारदर्शिता को लेकर सरकार के संकल्प को और बल मिला है। मुख्यमंत्री का यह स्पष्ट संदेश है÷नियमों की अनदेखी चाहे किसी भी स्तर पर हो, बख्शा नहीं जाएगा। अब सबकी निगाहें इस जांच पर टिकी हैं कि इसमें कौन-कौन चेहरे बेनकाब होते हैं और दोषियों के खिलाफ क्या कड़ी कार्यवाही होती है।

## धर्मांतरण रैकेट का बड़ा खुलासा: 100 करोड़ की विदेशी फंडिंग पाने वाला 'छांगुर बाबा' गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश एटीएस ने एक बड़े धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 100 करोड़ रुपये की विदेशी फंडिंग प्राप्त करने वाले मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बाबा बलरामपुर जनपद के ग्राम रेहरा माफी, थाना गैंडास बारा का निवासी है। यूपी एसटीएफ चीफ अमिताभ यश ने खुलासा किया कि छांगुर बाबा पाकिस्तान और खाड़ी देशों से फंडिंग प्राप्त कर भारत में अवैध धर्मांतरण का नेटवर्क चला रहा था। उसके बैंक खातों की जांच में 100



करोड़ रुपये की विदेशी फंडिंग की पुष्टि हुई है। छांगुर बाबा के पास से भड़काऊ और अवैध इस्लामिक लिटरेचर भी बरामद हुआ है, जिससे साफ होता है कि वह भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने की साजिश में लिप्त था। वह गरीब, पिछड़े और कमजोर वर्गों को धमका कर, लालच देकर और भयभीत कर धर्म परिवर्तन करवाता था। एटीएस ने छांगुर बाबा के साथ उसके गैंग के तीन अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। बता दें कि यूपी एसटीएफ ने छांगुर बाबा पर पहले ही मुकदमा दर्ज किया था, जिसकी जांच अब एटीएस द्वारा की जा रही है। यह गिरफ्तारी प्रदेश में चल रही धर्मांतरण विरोधी मुहिम में अब तक की सबसे बड़ी सफलता मानी जा रही है।

### 30 जिलों में आज बारिश का अलर्ट, कई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। प्रदेश में रविवार को कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की जा रही है। हालांकि बारिश को लेकर पूरे प्रदेश में शनिवार को अच्छी बारिश के आसार थे लेकिन कई जगह केवल बूंदाबांदी और हल्की बारिश से ही संतोष करना पड़ा। ज्यादातर जगहों पर उमस ने थोड़ा परेशान भी किया। रविवार को भी कुछ ऐसा ही मौसम रहने के आसार व्यक्त किए जा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को अयोध्या का तापमान सबसे अधिक 37 डिग्री दर्ज किया गया तो वहीं कानपुर का तापमान 36.8 डिग्री रहा। झांसी में सबसे कम तापमान 29.9 डिग्री दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि उत्तराखंड और मध्यप्रदेश से सटे जिलों में भारी बारिश के आसार हैं। उत्तराखंड से सटे जिलों में मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और मेरठ में और मध्यप्रदेश से सटे जिलों में प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट, सोनभद्र और आसपास भारी बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और बूंदाबांदी व हल्की बारिश होगी। दोपहर में धूप हल्की धूप और उमस परेशान कर सकती है।

## बीबीडी ग्रुप पर आयकर विभाग का बड़ा शिकंजा

# 100 करोड़ की बेनामी संपत्तियां जब्त!

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयकर विभाग ने बाबू बनारसी दास ग्रुप पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 100 करोड़ की बेनामी संपत्तियां जब्त कर ली हैं। यह कार्रवाई बेहद संवेदनशील और हाई प्रोफाइल मानी जा रही है। जांच के मुताबिक जब्त की गई संपत्तियां लखनऊ के अयोध्या रोड स्थित उत्तरधौना, जुग्गौर, 13 खास, सरायशेख और सेमरा गांव में स्थित हैं। इन जमीनों को 2005 से 2015 के बीच खरीदा गया था, जो आज बीबीडी यूनिवर्सिटी के आसपास के इलाके में आती हैं – यानी हाई वैल्यू ज़ोन में शामिल हैं। आयकर विभाग की जांच में खुलासा हुआ है कि इन संपत्तियों के असली




लाभार्थी बीबीडी ग्रुप की प्रमुख अलका दास, उनके बेटे विराज सागर दास, और उनसे जुड़ी कंपनियां विराज इंफ्राटाउन व हाईटेक प्रोटेक्शन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड हैं। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार संपत्तियों को अलग-अलग नामों पर छुपाकर खरीदा गया था दस्तावेज़ी हेरफेर से असली मालिकों को छिपाया गया कार्रवाई के दायरे में और संपत्तियां भी आ सकती हैं यह कार्रवाई न सिर्फ बेनामी संपत्तियों के खिलाफ चल रही मुहिम को बल देती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि प्रभावशाली और रसूखदार संस्थाएं भी अब जांच एजेंसियों की रडार पर हैं।

## जरूरत पड़ी तो हेलिकॉप्टर से पहुंचाई जाएंगी पोलिंग पार्टियां

# मानसून के कारण कई जगह सड़कें बंद

जन एक्सप्रेस। देहरादून

प्रदेश में मानसून के कारण कई जगहों पर सड़कें बंद होने की खबरों के बीच राज्य निर्वाचन आयोग भी चुनाव में सुरक्षा को लेकर गंभीर है। आयोग ने सभी डीएम से आपदा प्रबंधन की कार्ययोजना मांगी है। निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार का कहना है कि जरूरत पड़ी तो हेलिकॉप्टर की भी मदद ली जाएगी। प्रदेश में पहले चरण का पंचायत चुनाव 24 जुलाई और दूसरे चरण का चुनाव 28 जुलाई को होने जा रहा है। चूंकि इन दिनों मानसून भी चल रहा है, इसलिए राज्य निर्वाचन आयोग लगातार मौसम विभाग से अपडेट ले रहा है। इस बीच प्रदेश में कई जगहों पर मानसून में सड़कें बंद होने, कहीं नुकसान होने की खबरें भी लगातार आ रही हैं। इसी आधार पर




सचिव आपदा प्रबंधन को अवगत कराया जाएगा। आयुक्त सुशील कुमार का कहना है कि अभी आयोग ने कोई प्रस्ताव शासन को भेजा नहीं है। लेकिन कहीं सड़कें टूटी होने या अन्य किसी विशेष परिस्थिति में जरूरत पड़ने पर हेलिकॉप्टर से पोलिंग पार्टियों को गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। उधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने पहले ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आपदा के लिए दो हेलिकॉप्टर स्टैंडबाय में खड़े हैं, जो तुरंत मदद पहुंचाएंगे। चुनाव में भी यह काम लाए जा सकते हैं।

### दो हेलिकॉप्टर स्टैंडबाय में खड़े

राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि मानसून के मद्देनजर सुरक्षित चुनाव के लिए आयोग पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने बताया कि सभी जिलाधिकारियों से चुनाव के दौरान आपदा प्रबंधन का प्लान मांगा गया है। सात जुलाई को सभी डीएम के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक होने जा रही है। इसमें सभी अपने प्लान और जरूरतें बताएंगे।

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अपने खेत में चलाया हल, धान की रोपाई की, किसानों के श्रम को किया नमन



जन एक्सप्रेस। देहरादून

खटीमा खटीमा के नगरा तराई क्षेत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अपने खेत में धान की रोपाई कर किसानों के परिश्रम, त्याग और समर्पण को नमन किया। सीएम ने कहा कि खेतों में उतरकर पुराने दिनों की यादें ताजा हो गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता न केवल हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, बल्कि वे हमारी संस्कृति और परंपराओं के संवाहक भी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा- खटीमा के नगरा तराई में अपने खेत में धान की रोपाई कर किसानों के श्रम, त्याग और समर्पण को अनुभव कर पुराने दिनों का स्मरण किया। अन्नदाता न केवल हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं बल्कि संस्कृति और परंपरा के संवाहक भी हैं। इस अवसर पर उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा हुड़किया बौल के माध्यम से भूमि के देवता भूमियां, पानी के देवता इंद्र, छाया के देव मेघ की वंदना भी की

## तहसीलदार से एसडीएम पद पर पदोन्नत होने पर क्षेत्रीय लोगों ने किया सम्मान समारोह

जन एक्सप्रेस। मथुरा

मांट तहसील में तहसीलदार पद पर तैनात रहे पवन कुमार गुप्ता का एसडीएम पद पर पदोन्नत होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें तहसीलदार से एसडीएम बने पवन कुमार गुप्ता को स्मृति चिन्ह व पटका पहना कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाई दीं। कार्यक्रम में गीतम चौधरी ने कहा कि वह अभी



तक जहां भी तैनात रहे हैं, वहां पर आम जन को किसी भी कार्य के लिए फरियादी को परेशान नहीं होने दिया है। हर किसी की हरसंभव सहायता की है। यही कारण है कि क्षेत्र के लोगों में उनके प्रति श्रद्धा है। पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि अब जब उनकी पदोन्नति हुई है। वह आम जन के हित में कार्य करने के लिए तैयार रहेंगे और गरीब वर्ग के लोगों की हरसंभव सहायता करेंगे। हरीश चौधरी ने कहा कि समस्त विभागों को पवन कुमार गुप्ता जैसे अधिकारी की आवश्यकता है। तभी प्रशासन में आम जन की समस्याओं की सुनवाई हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान दौरान गीतम चौधरी, दिलीप चौधरी, प्रेम विहारी, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में आए फरियादियों को वितरित किए गए पौधे

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनपद की सभी तहसीलों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इसी क्रम में कर्वी तहसील में डीएम, एसपी व डीएफओ ने समस्या लेकर आने वाले फरियादियों को पौधो का भी वितरण किया।

सदर तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने फरियादियों के प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ निस्तारण के लिए निर्देशित किया। कहा कि नाली, चकरोड व तालाब पर फैले अतिक्रमण को तत्काल मौके पर पहुंचकर हटवाएं तथा भूमि संबंधी मामले में राजस्व, चकबंदी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निष्पक्ष निस्तारण कराएं।

पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित मामलों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण किया जाएं। समाधान दिवस में गैरहाजिर रहने पर डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, मुख्य पशु



चिकित्साधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी सहित कुल 11 लोगो का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

इस दौरान डीएम, एसपी व डीएफओ ने फरियादियों को पौधों का वितरण कर कहा कि सभी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण अवश्य करें। इसके बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील परिसर में नीम व बरगद के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस मौके पर उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व/प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कुमार कटियार, उप जिलाधिकारी पूजा साहू, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सत्यनारायण यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, उप कृषि निदेशक राजकुमार, अधिशासी अधिकारी जल निगम आशीष भारती, कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह, तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी, नायब तहसीलदार मंगल यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी गईं जन समस्याएं, 9 का हुआ मौके पर ही निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस जालौन तहसील सभागार में नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान कुल 51 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 09 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केवल संतुष्टिपरक समाधान के बाद ही शिकायत की आख्या अपलोड की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निस्तारण की प्रक्रिया में संवाद, स्थलीय निरीक्षण और फीडबैक को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि कोई भी अधिकारी केवल कार्यालय में बैठे-बैठे शिकायतों का निस्तारण न करें, ऐसा पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर निस्तारित शिकायतों में 03 नामांतरण, 03 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, 02 दिव्यांगजन से जुड़ी समस्याएं तथा 01 पूर्ति विभाग




से संबंधित शिकायत शामिल रही। समाधान दिवस में लगे विभागीय कैंप संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा विशेष कैंप लगाए गए। समाज कल्याण विभाग ने एक दिव्यांगजन का नया आवेदन स्वीकार किया और 02 वृद्धा पेंशन तथा 06 निराश्रित पेंशन के आवेदन में कमियां दूर कराई गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 06 दिव्यांगों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वहीं आयुर्वेद विभाग के स्टॉल से 238 लोगों को निशुल्क औषधियाँ वितरित की गईं। संपूर्ण समाधान दिवस की कार्यप्रणाली को जन सेवा की दिशा में एक प्रभावी पहल शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समयबद्ध समाधान ही प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य, उप जिलाधिकारी न्यायिक विशेश्वर यादव, आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मड़ैया प्रधान ने बीडीओ महेवा की डीएम से की शिकायत

**जन एक्सप्रेस । उरई/जालौन**

महेवा विकासखंड की ग्राम पंचायत मड़ैया के ग्राम प्रधान गोपालदास ने जिलाधिकारी को संबोधित दी गयी शिकायत में आरोप लगाया कि वह अपने गांव में मजरेगा का कार्य मजदूरों से करवा रहे हैं। जिसमें कार्य आईडी लगभग 15 दिन पूर्व ब्लाक महेवा में निकालने को दी गयी थी। वह आईडी ब्लाक के कर्मचरियों ने नहीं निकाली और बीडीओ से मिलने की बात कही। जब मैं बीडीओ से मिलने गया तो उन्होंने 5 प्रतिशत कमीशन पहले और पांच प्रतिशत कमीशन भुगतान होने पर देने की बात कही। इस पर मैंने कहा किम मैं मनरेगा का काम मजदूरों से करवा रहे है। हम इतना पैसा नहीं दे पायेंगे इस पर बीडीओ ने कहा कि तुम्हारे बगल की ग्राम पंचायत से दस प्रतिशत मिलता है। जब मैंने जबाब दिया कि वहां पर तो जेसीबी से मरेगा के पुराने कार्य बंधा व बंधी को नया कर दिया



जाता है। वहां पर कोई भी मजदूर मनरेगा का कार्य नहीं करता। इसलिये वह दस प्रतिशत कमीशन दे देंगे पर हम नहीं दे पायेंगे। डीएम को संबोधित शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान मड़ैया ने इस बात का भी उल्लेख किया कि क्षेत्र पंचायत द्वारा मनरेगा के सभी कार्य जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर से कराये जाते हैं वहां पर एक भी मजदूर कार्य नहीं करता है। एक ही काम की हर वर्ष नाम बदलकर आईडी निकलवा कर पैसा फर्जी तरीके से निकाला जाता है। ग्राम पंचायत मड़ैया की लेवर क्षेत्र पंचायत के कार्य रायपुर मलथुआ में लगाये जाती है जबकि मड़ैया से मलथुआ की दूरी लगभग 12 से 13 किमी दूर है। ग्राम प्रधान ने क्षेत्र पंचायत महेवा द्वारा मनरेगा में करवाये जा रहे फर्जी कार्यों पर रोक लगाने व ग्राम पंचायत रायपुर में भी मनरेगा के फर्जी कार्यों पर रोक लगाये जाने की मांग की है।

# समाधान दिवस में आये 74 फरियादियों में तीन की फरियाद का हुआ मौके पर निपटारा



**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के मौदहा में बांदा मण्डल के कमिश्नर की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, समाधान दिवस में डी0आई0जी0, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अपर पुलिस अधीक्षक उपजिलाधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं सम्पूर्ण समाधान दिवस में 74 फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। जिसमें तीन फरियादियों की फरियाद का मौके पर निस्तारण कराया गया। जबकि बाकी के बारे में वक्त पर बेहतर तरीके से निस्तारण किये जाने के लिये जिम्मेदारों को निर्देशित किया गया। वही कमिश्नर और डीआईजी ने मौदहा तहसील परिसर में पौध लगाकर आम लोगों को वृक्षारोपण अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के साथ ही उनकी देख रेख करने का भी संदेश दिया। इस मौके पर आयुक्त नं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मौदहा का जायजा लेने के साथ ही वहाँ पर साफ-सफाई के साथ ही मरीजों को बेहतर सहूलियत देने की हिदायत दी।

# ग्रामीणों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए किया गया प्रेरित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

विश्व युवक केन्द्र नई दिल्ली एवं जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति चित्रकूट के संयुक्त तत्वाधान में चलाए रहे पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत जनपद में विभिन्न रैली निकालकर व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों व लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत विकासखण्ड मानिकपुर के ग्राम पंचायत सरैयां के मजरा घाटी कोलान मे रैली निकाल कर ग्रामवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम मे कर्वी नगर के जेएम सिंह बालिका इण्टर कॉलिज मे पौघरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही रैली निकालकर समाज को पर्यावरण जागंरूकता का सन्देश दिया गया। इसके अलावा पहाडी के रघुवीर प्रसाद कन्या इण्टर कॉलिज में संगोष्ठी तथा पौधरोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था सचिव शंकर दयाल ने कहा कि लोगो को पर्यावरण के प्रति संवेदित करने के लिए प्रत्येक वर्ष नई थीम के साथ पांच जून को विश्व मे पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। जिसकी इस वर्ष की थीम बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन अर्थात प्लास्टिक के प्रदूषण को समाप्त करना है। जिसके तहत लोगों को प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, रिसाइक्लिंग को बढावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वन्दना गुप्ता ने कहा कि बढते पर्यावरण के प्रदूषण को रोकने के लिए वृक्ष लगाना बहुत आवश्यक है।

## अनियंत्रित होकर पलटा ई रिक्शा, एक मौत-तीन घायल

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र में सवारियों को लेकर जा रहा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे रिक्शे में सवार एक युवक की दबकर मौत हो गई, जबकि अन्य सवारियां घायल हो गई और रिक्शा चालक मौके से भाग गया।

माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नुनायचा निवासी योगेंद्र सिंह 40 वर्ष शुक्रवार को घर का सामान लेने के लिए माधोगढ़ गया हुआ था। खरीदारी करने के बाद वह ईरिक्शा पर बैठ कर वापस घर जा रहा था। जबकि ई-रिक्शा पर उसके अलावा तीन लोग और सवार थे। ई-रिक्शा जब ग्राम लक्ष्मणपुरा के बाहर से गुजर रहा था। तभी वह अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें योगेन्द्र सिंह दबकर अचेत हो गया, जबकि अन्य तीन लोग मामूली चुटहिल हो गए। उधर हादसे के बाद चालक मौके पर ईरिक्शा छोड़कर भाग निकला। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने योगेंद्र को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा, जहां उसे मृत बताया गया। जिसके बाद पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कुठौद थाना क्षेत्र के हदरुख में अधेड़ ने घर से कुछ ही दूरी पर खड़े नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम हदरुख निवासी प्रकाश सिंह 45 वर्ष राजस्थान में पानी पुड़ी का काम करता था। बताया गया कि शुक्रवार सुबह वह कई महीनो बाद अपने गांव लौटा था। घर आने के बाद शराब पीने को लेकर उसका परिवार में झगड़ा हो गया और वह अंधेरा होने पर घर से चुपचाप निकल गया। जिसने देर रात घर से कुछ ही दूरी पर जाकर साफी का फंदा अपने गले में डाला और वहां नीम के पेड़ में जाकर लटक गया। जिसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह गांव के लोग जब उधर से गुजरे तो उन्होंने उसका शव लटका देखा तो उनमें हड़कंप मच गया और उन्होंने परिजनों को सूचना दी।

# 'फर्जीवाड़ा': कदौरा ब्लाक में बीडीओ व टीए बने मनमर्जी के मालिक, लाखों के फर्जी भुगतान में हुए बारे न्यारे

### कदौर खंड विकास अधिकारी ने तकनीकि सहायक के साथ बिठाई ट्यूनिंग, 60-40 के रेशियो बनाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह**

**उरई/जालौन।** विकास खंड कदौरा फर्जीबाड़ा मामले में जनपद के अब्बल स्थान में गिना जाने लगा है। हाल ही में एक ग्राम पंचायत में 2.97 लाख रुपए का घोटाला उजागर की सुर्खियां खत्म नहीं हुई कि खंड विकास अधिकारी के साथ तकनीकि सहायक की ट्यूनिंग ने विकास खंड कदौरा को हैरत में डाल दिया है। कदौरा ब्लाक में हो रही विभागीय चर्चाओं के मुताबिक तरह तरह के आरोप राजनैतिक संरक्षण व उच्चाधिकारियों की मिलीभगत की ओर इशारा कर रहे है कदौरा विकास खंड में सालों से एक ही जगह तकनीकि सहायक की तैनाती विभागीय सांठ गांठ का अहम भूमिका का हिस्सा नजर आती है।

तो वहीं ब्लाक में हो रही प्रधानों व अन्य लोगों से मिली गोपनीय जानकारी के तौर पर खंड विकास अधिकारी व तकनीकि सहायक की गुड बैल से ब्लाक में फर्जीबाडा कर लाखों के भुगतान में बारे न्यारे हो रहे है कुछ जिम्मेदार जानकारों के मुताबिक ब्लाक कदौरा में तकनीकि सहायक की तैनाती उच्चाधिकारी व राजनैतिक हस्तक्षेप के पीछे बड़ा खेला है तो वहीं भ्रष्टाचार में लिप्त टीए फर्जी तरीके से एम बी बढ़ाकर फर्जी भुगतान कर लाखों रुपए का गमन कर चुका है। मनरेगा मामले में चकरोड़ों की माप तौल व अन्य कामों के स्टीमेटो को यह तकनीकि सहायक मास्टरमाइंड साबित हुआ है मनरेगा पटल व विभागीय तौर पर तकनीकि सहायक की जांच स्पष्ट कर दी जाए तो मामला पूर्णतया उजागर हो जाए फिलहाल तकनीकि सहायक का विभाग में लम्बे समय तक तैनात रहना एक बड़े प्रश्न की ओर इशारा करता है?

# मोरम के ओवर लोड ट्रकों के बेधड़क गुजरने से यमुना पुल का स्लैब हुआ क्षतिग्रस्त

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर यमुना पुल से शासन प्रशासन की रोक के बावजूद मोरम के ओवर लोड ट्रकों के बेधड़क गुजरने से पुल की दूसरी कोठी की स्लैब हुई क्षतिग्रस्त, वही पुल के क्षतिग्रस्त होने की खास वजह मोरम के ट्रकों की ओवरलोडिंग रही। जबकि हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना की रोक के बावजूद भी मोरम की ओवरलोडिंग पर नहीं लग सकी लगाम।

हालांकि अभी चल रहा है पुल की बैयरिंग बदलने का काम। वहीं जिलाधिकारी की रोक के बावजूद पुल से निकलते हैं बेधड़क मोरम के ओवरलोड ट्रक, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा। हालांकि बड़ा सवाल ये है कि पुल का मेंटिनैंस करते वक्त




पीएनसी मोरम के ओवरलोड ट्रकों की क्षमता की तरफ क्यों नहीं देता है ध्यान, जबकि ओवरलोड ट्रक के टोल से गुजरते वक्त मोरम की ओवर लोडिंग के मुताबिक ही टन के हिसाब से धनराशि वसूली जाती है। फिलहाल पुल की मरम्मत के लिये चल रहे बेयरिंग बदलने के काम के दौरान 21 जुलाई तक यमुना पुल बंद रहेगा।

# 'चित्रकूट समेत सम्पूर्ण बुंदेलखण्ड के विकास की चिंता करते हैं सीएम योगी'



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए यहां की प्रमुख समस्याओं से भी अवगत कराया। सीएम योगी से मुलाकात कर चित्रकूट लौटे जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य और जिला मंत्री मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि चित्रकूट जनपद का विकास सीएम योगी की प्राथमिकता में शामिल है। यहां के विकास के लिए सीएम योगी व्यक्तिगत रुचि रखते हैं। उन्होंने इस बार सीएम योगी से मुलाकात के दौरान कर्वी के कसहाई, बूढ़ा सेमरवार, राजापुर मार्ग को टू-लेन करते हुए भारत रत्न नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित दीनदयाल संस्थान गनीवां को जोड़ने की मांग की है। साथ ही भरतकूप के ग्रामीण क्षेत्र की समस्या को ध्यान में रखते हुए भरतकूप को विकासखंड का दर्जा दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में वर्गीकरण कर गाय और बछड़े अलग-अलग करके उनकी नस्ल सुधार पर भी काम किया जाना चाहिए। इसी प्रकार जिले में मेडिकल कॉलिज की स्थापना की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि चित्रकूट में पर्यटन की अपार संभावना के दृष्टिगत मंदाकिनी नदी को स्वच्छ बनाए रखने के लिए गोमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर यहां भी मंदाकिनी रिवर फ्रंट बनाया जाना चाहिए। जिससे यहां के पर्यटन विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिले के विकास को लेकर हुई चर्चा के दौरान सीएम योगी ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए चित्रकूट का संपूर्ण विकास करने की बात कही है। इसके अलावा संगठनात्मक मुद्दों पर भी सीएम योगी ने बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने और पात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं।

## कत्ल की कोशिश के दो गुनाहगारों को दस साल की सख्त सज़ा के साथ ही हुआ दस-दस हजार का जुर्माना

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के राठ कस्बे के सिकन्दरपुरा में 18 अप्रैल 2018 को अभियुक्तों ने एक राय होकर पीड़ित के चचेरे भाई और बड़े पापा को जान से मारने की नियत से गोली मारकर जख्मी कर दिया था, राठ पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या -465/2014 धारा-307,504,506 आईपीसी के तहत अभियुक्त सोनू पुत्र गोपाल,अमन पुत्र भूरे निवासी ग्वालटोली, कानपुर नगर,उदय पुत्र सुरेश निवासी राठ, अरविन्द पुत्र हीरालाल निवासी सिकन्दरपुरा राठ, हमीरपुर के खिलाफ 18 अप्रैल 2014 को दर्ज किया गया था। जबकि उदय और अरविन्द पहले से ही जेल में बंद है। वही आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर की अपर जिला, सत्र अदालत फर्स्ट के स्कॉलर जज प्रहलाद सिंह (सेकेंड) ने अभियुक्त सोनू पुत्र गोपाल सहित अमन पुत्र भूरे को गुनाहगार मानते हुये दस-दस साल की सख्त सजा के साथ ही दस-दस हजार का हुआ जुर्माना।

# पौधरोपण कर दिया वन संरक्षण का संदेश

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**

वृहद पौधरोपण महाभियान पखवाड़ा के अंतर्गत तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रगौली एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण शुद्ध करने के उद्देश्य से वृहद पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी राकेश कुमार द्विवेदी ने अपनी मां सुधा द्विवेदी के नाम पर रोपित कर किया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को दूर करने के लिए दूर करने के लिए पौधरोपण करना अत्यंक आवश्यक है। पौधे मानव को ऑक्सीजन देकर स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

पौधों के संरक्षण के साथ ही नदी, तालाबों का अस्तित्व और जल संरक्षण के माध्यम से पर्यावरण को शुद्ध किया जा सकता है। जिससे वन्य जीवों को भी संरक्षण मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी छिपे पौधों का कटान तेज रफ्तार से चल रहा है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पौधों के कटान पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया गया है। बताया कि ग्राम पंचायत में यमुना नदी के तट पर भी कटान को रोकने के लिए सैकड़ों पौधे रोपित किए जाएंगे। समाजसेवी प्रभास्कर दत्त द्विवेदी ने कहा कि पौधे धरती के आभूषण है, इन्हें नष्ट करना या काटना दण्डनीय अपराध है। जिस प्रकार से परिवार में बच्चों का पालन पोषण किया जाता है, उसी प्रकार पौधों का पालन पोषण करना सामाजिक दायित्व है। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर उसका संरक्षण करें।

# डीएम व एसपी ने मूंग क्रय केंद्र का निरीक्षण कर किसानों से किया संवाद

**जन एक्सप्रेस । उरई**

नवीन गल्ला मंडी परिसर जालौन स्थित मूंग क्रय केंद्र का आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्था का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्र की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को पारदर्शी व सुचारु क्रय प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद क्रय पंजिका (रजिस्टर) का अवलोकन किया तथा उसमें दर्ज किसानों के नाम व विवरणों की जांच की। पारदर्शिता की पुष्टि हेतु जिलाधिकारी ने दो किसानों शिवनारायण (ग्राम सिकरी) व रघुनाथ सिंह (ग्राम भिटारा) से मोबाइल पर सीधे संवाद कर जानकारी ली।

किसानों से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पूर्व केंद्र पर पंजीकरण करा लिया है, परंतु मूंग की उपज अभी उनके घर पर ही सुरक्षित है, जिसे जल्द ही केंद्र पर भेजने



की योजना है। जिलाधिकारी द्वारा किसानों से की गई यह प्रत्यक्ष बातचीत न केवल प्रक्रिया की पारदर्शिता को प्रमाणित करती है, बल्कि किसानों में विश्वास एवं संतोष का भाव भी जागृत करती है। जिला प्रशासन की यह सक्रियता न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) योजना के सफल क्रियान्वयन की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य, मंडी सचिव, क्रय प्रभारी आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



**भाजपा को जल्द मिलेगा नया अध्यक्ष...**

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को जल्द ही नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है, क्योंकि पार्टी ने अपने संविधान के अनुसार अधिकांश राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली है। 2024 के लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद से ही... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# बौद्ध और सिख श्रद्धालुओं की तीर्थ यात्रा की आस पूरी कराएगी योगी सरकार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- मुख्यमंत्री की पहल, बौद्ध व सिख श्रद्धालुओं के लिए शुरू होंगी दो तीर्थ यात्रा योजनाएं
- आस्था को सम्मान, बौद्ध तीर्थ दर्शन और पंच तख्त यात्रा योजना का ऐलान
- धार्मिक सहिष्णुता और पर्यटन को नया आयाम देंगी नई तीर्थ यात्रा योजनाएं: मुख्यमंत्री
- तीर्थ यात्राएं आत्मिक उत्थान और सामाजिक समरसता का माध्यम: मुख्यमंत्री
- बौद्ध और सिख श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी, उत्तर प्रदेश सरकार देगी तीर्थ यात्रा का खर्च

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बौद्ध और सिख श्रद्धालुओं की धार्मिक यात्राओं की आस पूरी करने के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थ यात्राएं भारतीय संस्कृति में आत्मिक उत्थान और सामाजिक समरसता का माध्यम रही हैं। ऐसे में राज्य सरकार का दायित्व है कि वह नागरिकों को उनकी आस्था से जुड़े स्थलों तक पहुंचने में सहायता प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बौद्ध श्रद्धालुओं की विशिष्ट तीर्थ यात्राओं हेतु 'बौद्ध तीर्थ दर्शन योजना' और सिख श्रद्धालुओं के लिए 'पंच तख्त यात्रा योजना' प्रारम्भ की जाए। इन योजनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपनी आस्था के प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा सुलभता से कर



सकें। मुख्यमंत्री के मंशानुसार बौद्ध तीर्थ दर्शन योजना का उद्देश्य प्रदेश के निवासी हिन्दू/बौद्ध श्रद्धालुओं को देश के विभिन्न भागों में स्थित बौद्ध तीर्थ स्थलों की यात्रा की साध पूरी कराना है। मुख्यमंत्री ने योजना के लाभार्थियों के चयन में बौद्ध भिक्षुओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, पंच तख्त यात्रा योजना सिख श्रद्धालुओं के लिए होगी। इसके अंतर्गत प्रदेश के निवासी सिख श्रद्धालुओं को भारत के पाँच पवित्र 'तख्त साहिब' स्थल की यात्रा कराई जाएगी। बता दें कि सिख पंथ के लिए पवित्र पंच तख्त स्थलों में श्री आनंदपुर साहिब, पंजाब, श्री अकाल तख्त साहिब, अमृतसर, पंजाब, श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो, पंजाब, श्री तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़, महाराष्ट्र, श्री हरमंदिर जी साहिब (पटना साहिब), बिहार, शामिल हैं। प्रस्तावित दोनों ही योजनाओं में प्रति व्यक्ति न्यूनतम 10,000 की राशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दोनों योजनाओं के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी जानी चाहिए, श्रद्धालुओं के चयन में पूरी पारदर्शिता के साथ कमजोर आय वर्ग के लोगों को वरीयता दी जानी चाहिए। दोनो ही योजनाएं आईआरसीटीसी के सहयोग से संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ये दोनों योजनाएं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और धार्मिक आस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लागू की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ये योजनाएं प्रदेश की समावेशी विकास नीति और सबका साथ, सबका विकास की भावना को और सशक्त करेंगी। प्रदेश की धार्मिक सहिष्णुता और पर्यटन को नया आयाम देंगी, साथ ही 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को भी मूर्त रूप प्रदान करेंगी।

# यूपी व्यापार प्रदर्शनी 3.0

## हर जिले को मिलेगा मंच, हर कारीगर को मिलेगी पहचान!

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश एक बार फिर देश और दुनिया के व्यापार जगत का केंद्र बनने जा रहा है। कारण है उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी 3.0 जो इस बार पहले से भी अधिक भव्य और योजनाबद्ध ढंग से आयोजित होने जा रही है। यह पाँच दिवसीय विशाल आयोजन 25 से 29 सितंबर तक इंडिया एक्सपो केंद्र और मार्ट, ग्रेटर नोएडा में होगा। इस मेले में देशभर के साथ-साथ लगभग 50,000 विदेशी और घरेलू व्यापार प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है।

### उत्तर प्रदेश को मिलेगा नया औद्योगिक आयाम

इस प्रदर्शनी के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार राज्य की प्रगति, आधारभूत ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) और औद्योगिक क्षमताओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करेगी। खासतौर पर राज्य की



प्रमुख विकास योजनाएँ जैसे रक्षा औद्योगिक गलियारा (डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर) समेकित विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स समूह (इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर) इस मेले में आकर्षण का केंद्र होंगी।

### एक ज़िला-एक उत्पाद को मिलेगा वैश्विक मंच

इस बार प्रदर्शनी में प्रदेश के हर ज़िले से कम से कम एक प्रमुख उत्पाद को प्रदर्शित किया जाएगा। उदाहरण के लिए, बरेली का बांस शिल्प, मुरादाबाद का पीतल कार्य, कन्नौज का इत्र, वाराणसी की बनारसी साड़ियाँ इन जैसे दर्जनों पारंपरिक और विशिष्ट उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और निवेशकों के सामने लाया जाएगा। स्थानीय कारीगरों और सूक्ष्म उद्यमों को मिलेगा बल। यह व्यापार प्रदर्शनी राज्य के स्थानीय शिल्पकारों, हस्तशिल्प, हथकरघा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तथा नवाचार आधारित उद्यमों (स्टार्टअप्स) को वैश्विक बाज़ार से जोड़ने का एक ऐतिहासिक अवसर प्रदान करेगी।

### निवेश, नवाचार और नेटवर्किंग का महामंच

प्रदर्शनी के दौरान अनेक व्यवसाय-से-व्यवसाय (बी2बी) बैठकें, विचार संगोष्ठियाँ, उद्यम प्रस्तुतियाँ, उत्पाद प्रदर्शनियां, और प्रदर्शन डेमो आयोजित किए जाएंगे, जहाँ उद्यमी, निवेशक और कारीगर आपस में संवाद कर सकेंगे।

# भक्ति, भाव, भाईचारे और समर्पण के संकल्प के साथ मनाया गया विधायक ओपी श्रीवास्तव का जन्मदिन

- लखनऊ पूर्व में जन्मदिन बना जनसंपर्क और संकल्प का पर्व, विधायक श्रीवास्तव के घर पर बधाई देने वालों की उमड़ी भारी भीड़

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओपी श्रीवास्तव का जन्मदिन आज श्रद्धा, उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया गया। सुबह पूजा-अर्चना के साथ दिन की शुरुआत कर विधायक ने भगवान का आशीर्वाद लिया और फिर अपने निवास पर शुभकामनाएं देने पहुंचे जनसामान्य, क्षेत्रीय नागरिकों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। दिन भर विधायक आवास पर आमजन से लेकर राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र के गणमान्य लोगों का तांता लगा रहा। लखनऊ नगर निगम के पार्षदों, भाजपा के मंडल अध्यक्षों, क्षेत्रीय पदाधिकारियों से लेकर लखनऊ



महानगर अध्यक्ष तक सभी ने विधायक को पुष्पगुच्छ और मिठाइयों के साथ शुभकामनाएं दीं। शाम होते-होते विधायक निवास का माहौल भक्ति में रंग गया – महिला कार्यकर्ताओं ने भजनों के माध्यम से जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर विधायक श्रीवास्तव ने विनम्रता के साथ कहा यह सिर्फ मेरा जन्मदिन नहीं, बल्कि हम सबके बीच के विश्वास और प्रेम का पर्व है। कार्यकर्ता मेरा परिवार हैं, और जनबल ही मेरा वास्तविक बल। आप सबका स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। विधायक ने अपने जन्मदिन को एक सामान्य दिन बताया जिसे समर्थकों ने उत्सव में बदल दिया। उन्होंने सभी आगंतुकों से व्यक्तिगत रूप से भेंट की, कोई भेदभाव नहीं किया हर किसी से आत्मीयता के साथ मिले और शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया। उन्होंने यह भी कहा आज मैंने जाना कि जनसेवक होने का असली सुख क्या होता है जब जनता अपने प्रतिनिधि को इस तरह स्नेह देती है, तब लगता है कि हमारी ज़िम्मेदारियाँ और बढ़ गई हैं। आने वाले साल में और बेहतर काम करने का संकल्प आज लेता हूँ। दिन की शुरुआत अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर में पूजन से हुई। इसके बाद विधायक ओपी श्रीवास्तव आदिल नगर स्थित समर्पण वरिष्ठजन परिसर पहुंचे, वहां उपस्थित सभी वृद्धजनों को फल वितरित किया एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त कर उनसे मिली जन्मदिन की शुभकामनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके बाद वह तकरोही स्थित निर्वाण रिहैब सेंटर पर मानसिक रूप से अविकसित बच्चों को भोजन कराने भी पहुंचे और उनके साथ कुछ समय भी बिताया।

**महिला कार्यकर्ताओं ने भजन गायन के माध्यम से दी शुभकामनाएं**

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग और निगम पार्षदों समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी रहे मौजूद।

# खेत में काम करते समय महिला को सांप ने डसा माल सीएचसी से केजीएमयू रेफर, इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भदौरिया खेड़ा में एक दुखद घटना सामने आई। स्व. चंद्रपाल की पत्नी रामदेवी (40) को खेत में काम करते समय सांप ने काट लिया। बता दें कि घटना उस समय हुई जब रामदेवी गांव के किनारे



स्थित खेत में धान की रोपाई कर रही थीं, वह मेड़ पर पड़ी घास को हटा रही थीं, इसी दौरान घास में छिपे विषैले सांप ने उनके हाथ पर काट लिया। वहीं हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सकों ने स्थिति को देखते हुए उन्हें केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात उनकी मृत्यु हो गई। वहीं शनिवार दोपहर को रहीमाबाद पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई कर शव को केजीएमयू अस्पताल भेज दिया। वहीं मृतका के दो बेटे मुकेश और लवकुश हैं। दोनों अपनी मां के अचानक चले जाने से बेहद दुःखी और रो-रो कर बेहाल हैं।

## जातीय नफरत फैलाने वालों पर कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के मलिहाबाद क्षेत्र में ब्राह्मण समाज के लोगों के लिए आपत्तिजनक शब्द लिखकर सोशल मीडिया पर वायरल करने को लेकर ब्राह्मण समाज में आक्रोश व्याप्त है। बता दें कि इटावा कांड के बाद सोशल मीडिया पर एक जाति विशेष (ब्राह्मण समाज) को निशाना बनाकर वायरल किए जा रहे आपत्तिजनक संदेशों से तनाव बढ़ गया है। इससे आहत ब्राह्मण समाज के लोगों ने मलिहाबाद पुलिस से कड़ी कार्रवाई की गुहार लगाई है। यह मामला तब और गरमा गया जब शनिवार को समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रणदीप गुप्ता उर्फ रिक्की गुप्ता ने सोशल मीडिया पर एक जाति विशेष को टारगेट करते हुए आपत्तिजनक संदेश वायरल कर दिया। वहीं ब्राह्मण समाज के कई लोगों ने मलिहाबाद थाने में रिक्की गुप्ता के खिलाफ जातीय हिंसा फैलाने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि रिक्की गुप्ता सोशल मीडिया के सहारे राजनीति चमकाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे समाज में जातीय संघर्ष बढ़ने की आशंका है। वहीं शिकायत पर मलिहाबाद पुलिस छानबीन में जुटी है। वहीं लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं से स्थानीय लोगों में रोष है और वे समाज में सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन से ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## तारपीन तेल डालकर व्यक्ति ने खुद को जला लिया, इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के रहीमाबाद थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने तारपीन का तेल डालकर खुद को आग लगा ली। बता दें कि परिजनों ने गीला कंबल डालकर जैसे-तैसे आग बुझाई ओर उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रामनगर के रहने वाले रतिराम (45) के रूप में हुई। रतिराम ने शनिवार सुबह करीब 10 बजे तारपीन का तेल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। परिजनों ने उसे जलता देख तुरंत कंबल डालकर आग बुझाई। लेकिन तब तक उनका शरीर बुरी तरह जल चुका था। वहीं झुलसे रतिराम को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।वहीं ग्रामीणों के अनुसार रतिराम काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे।पुलिस ने बताया कि वह नशे के आदी थे। रतिराम की मौत से गांव में शोक की लहर है। रहीमाबाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुखर्जी जयंती पर संस्कृति विभाग करायेगा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं स्वायत्तशासी संस्थानों में भारत माता के सच्चे सपूत, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और सांस्कृतिक एकता के प्रबल पक्षधर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती 6 जुलाई को श्रद्धा, गौरव एवं प्रेरणा के भावों के साथ मनाई जाएगी।संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की प्रेरणा तथा प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन के मार्गदर्शन में संस्कृति विभाग द्वारा इस अवसर पर राज्य भर में विविध आयोजन सुनिश्चित किए जा रहे हैं।केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार 06 जुलाई 2025 से 06 जुलाई 2027 तक '125वीं जयंती स्मृति वर्ष' के अंतर्गत प्रदेश भर में दो वर्षीय विशेष आयोजनों की श्रृंखला संचालित की जाएगी, जिसका शुभारंभ 06 जुलाई से किया जा रहा है। उनके त्यागमयी जीवन और भारत की अखंडता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से अवगत कराना है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बीकेटी में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न, 82 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील बीकेटी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान, जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण और स्थानीय स्तर पर समाधान को सरकार की प्राथमिकता बताया।बता दें कि बीकेटी तहसील में कुल 248 प्रकरण प्राप्त हुए,जिनमें से 82 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करने के सख्त निर्देश के साथ सौंप दिया गया है। वहीं लखनऊ जिले की अन्य तहसीलों का हाल, अन्य तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुए। तहसील सदर 49 में से 8 प्रकरण निस्तारित तहसील मलिहाबाद 77 में से 12 प्रकरण निस्तारित, तहसील मोहनलालगंज 265 में से 39 प्रकरण निस्तारित। तहसील सरोजनीनगर 111 में से 10 प्रकरण निस्तारित। वहीं लखनऊ जनपद में पुलिस से संबंधित 130, राजस्व से 405, विकास से 53, और अन्य विभागों से कुल 750 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मोहनलाल का तहसील में प्रधान ने समाधान दिवस के दौरान बैठकर किया धरना प्रदर्शन लगाए नारे। मलिहाबाद में तहसील समाधान दिवस संपन्न हुआ, एसडीएम मलिहाबाद ने जनता की शिकायतें सुनी।

**अधिकारियों को सख्त निर्देश**

लखनऊ जिलाधिकारी विशाख जी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए, कि प्राप्त सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समय सीमा में, फोटो और वीडियो सहित आख्या के साथ सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए गए। वहीं इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति ज्योति गौतम, जिला विकास अधिकारी अजीत सिंह, उप जिलाधिकारी तहसील बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी, एसीपी बीकेटी,तहसीलदार बीकेटी सहित कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहें।

# एल.आई.पी.एस. स्कूल की मिली भगत से सरकारी पेड़ों को मिट्टी से पाटा जा रहा, लापरवाहीं का आरोप

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ सीतापुर हाईवे पर इटौंजा स्थित लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के सामने सरकारी पेड़ों को अवैध रूप से मिट्टी से पाटने का गंभीर मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कई दर्जन डंपर मिट्टी डालकर सड़क किनारे के इन पेड़ों को ढंका जा रहा है, जिससे उनका अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। वहीं इस घटना ने पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय लोगों में गहरा रोष पैदा कर दिया है, खासकर तब जब वन सप्ताह जैसा महत्वपूर्ण अभियान चल रहा है। वहीं सूत्रों के अनुसार, यह काम कथित मिलीभगत से चल रहा है। जिससे अवैध मिट्टी खनन को



बढ़ावा मिल रहा है। वहीं बीकेटी तहसील प्रशासन के अधिकारी और वन अधिकारी भी इस मामले में घोर लापरवाही बरत रहे हैं। जिससे वृक्षों के साथ यह खिलवाड़ जारी है। वहीं एनएचएआई के अधिकारियों पर भी अनदेखी का आरोप लग रहा है, क्योंकि उनकी निगरानी में ही हाईवे पर यह सब हो रहा है। वहीं पेड़ों को मिट्टी से पूरी तरह ढकने से उन्हें पर्याप्त ऑक्सीजन और पानी नहीं मिल पाता, जिससे वे धीरे-धीरे सूख सकते हैं। यह न केवल सरकारी संपत्ति का नुकसान है, बल्कि पर्यावरण संतुलन के लिए भी बड़ा खतरा है। वहीं सवाल यह है कि आखिर किसकी शह पर और किस उद्देश्य से सरकारी पेड़ों को इस तरह नष्ट किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने इस अवैध गतिविधि को तत्काल रोकने और इसमें शामिल सभी जिम्मेदार व्यक्तियों, चाहे वे खनन माफिया हों या सरकारी अधिकारी, के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। क्या प्रशासन इस गंभीर पर्यावरणीय अपराध पर संज्ञान लेगा और इन हरे-भरे जीवन को बचाने के लिए कदम उठाएगा।


**सूचना**

मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम सुशीला (SUSHILA) है। जो कि सत्य व सही है। मेरे पासपोर्ट नं0- N1804424 में त्रुटिवश मेरा नाम सुशीला द्विवेदी (SUSHILA DWIVEDI) दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। सुशीला (SUSHILA) व सुशीला द्विवेदी (SUSHI-LA DWIVEDI) मेरे ही नाम हैं।

-सुशीला

पत्नी वेद प्रकाश धर द्विवेदी

निवासिनी-मकान नं0-2/521, सेक्टर एच, जानकीपुरम, लखनऊ।


## उत्तर प्रदेश का आम बना अंतरराष्ट्रीय ब्रांड

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की उर्वर भूमि में उपजा आम अब केवल स्वाद का प्रतीक नहीं बल्कि प्रदेश की आर्थिक समृद्धि और वैश्विक पहचान का वाहक बन चुका है। योगी सरकार के प्रयासों से फलों का यह 'राजा' अब दोहा, सिंगापुर, बेल्जियम, इटली, कतर, रूस, ऑस्ट्रेलिया और ओमान जैसे देशों की रसोइयों तक पहुंच चुका है। इसी गौरवगाथा को जीवंत कर रहे आम महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में उल्लास और नवाचार के संगम के रूप में मनाया गया।

# दूध में थूकने का सनसनीखेज मामला: सीसीटीबी में कैद हुई हरकत, आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- सीसीटीवी फुटेज ने खोली पोल, सामने आई असली पहचान
- हिंदू संगठन ने लगाया थूक जिहाद का आरोप, रासुका की मांग

राजधानी लखनऊ के पॉश इलाके गोमती नगर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बता दें कि यहां एक दूध विक्रेता पर दूध में थूक कर घरों में सप्लाई करने का आरोप लगा है। उसकी यह घिनौनी हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है,जिसके बाद हड़कंप मच गया है। वहीं आरोप है कि यह व्यक्ति खुद को पप्पू बताता था, लेकिन सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद उसकी असली पहचान मोहम्मद शरीफ के रूप में हुई है। वहीं जिन घरों में वह सालों से दूध दे रहा था, वे अब खुद को ठगा हुआ और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। शनिवार को अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने गोमतीनगर थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पहले थूका, फिर फूंक मारी वीडियो में कैद हुई करतूत

गोमती नगर के विनय खंड निवासी लव शुक्ला ने बताया कि मोहम्मद




शरीफ उर्फ पप्पू उनके घर कई सालों से दूध दे रहा था। शरीफ मल्हौर का रहने वाला है, और मोहल्ले के कई अन्य घरों में भी दूध की सप्लाई करता था। वहीं शनिवार सुबह जब लव शुक्ला अपने घर का सीसीटीवी फुटेज देख रहे थे, तो उसमें मोहम्मद शरीफ को दूध में थूकते हुए और फिर फूंक मारते हुए देखा गया। यह फुटेज देखकर वे सन्न रह गए, क्योंकि यह दूषित दूध हर दिन उनके घर आ रहा था। उन्होंने तुरंत शरीफ के खिलाफ गोमती नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दूधवाला घर की घंटी बजाता है और जब तक कोई गेट खोलकर बाहर आता है, वह इस दौरान दूध में थूक चुका होता है और फूंक भी मार चुका होता है। इस घटना के बाद अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ÷गोमती नगर में एक ब्राह्मण परिवार के घर में सालों से दूध देने वाला पप्पू का असली नाम मोहम्मद शरीफ है। दूध छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक का सबसे जरूरी आहार है और वह इसे ही दूषित करके बेचता है।÷ शिशिर चतुर्वेदी ने आगे कहा, ÷सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि वह पहले कुछ पढ़ता है और फिर दूध में फूंक मारने के साथ थूक भी देता है। ऐसे में आम लोगों की सुरक्षा खतरे में है।÷ उन्होंने थाने में मांग की है कि ऐसे अपराधी पर रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) लगाया जाए। इसके बाद शिशिर चतुर्वेदी ने अपने समर्थकों के साथ थाने के बाहर थूक जिहाद बंद करो के नारे भी लगाए। पुलिस का कहना है कि वे सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रहे हैं और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने सुनी शिकायतें, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनसामान्य की शिकायतों के सम्यक निस्तारण हेतु शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये।




इस दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुनी एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण का निर्देश दिया।

तहसील अमेठी में कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 का मौके पर निस्तारण कराया गया। गौरीगंज में 60 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 का निस्तारण किया गया। तिलोई में 27 शिकायतें प्राप्त हुई, दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। तथा तहसील मुसाफिरखाना में 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष कुमार सिंह,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## किसान जागरूकता कैंप में पीएम किसान रजिस्ट्रेशन व वृक्षारोपण को भी किया गया प्रोत्साहित

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा कमई में शनिवार को कृषि विभाग द्वारा किसान जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर अरुण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कैंप के दौरान पीएम किसान योजना के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री, संचारी रोग नियंत्रण तथा पर्यावरण संरक्षण के तहत वृक्षारोपण अभियान से जुड़ी जानकारियाँ किसानों को दी गईं। बड़ी संख्या में किसानों ने मौके पर फार्मर रजिस्ट्रेशन और संचारी रोग नियंत्रण से संबंधित फॉर्म भरवाए। किसानों को बताया गया कि संचारी रोगों से बचाव के लिए समय-समय पर जागरूकता और सावधानी जरूरी है।

# माहिया सिंदुरिया में वन महोत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के विकास खंड सिंहपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत माहिया सिंदुरिया में शनिवार को वन विभाग के तत्वावधान में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर सिंह रहे।

जिनके साथ तिलोई ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह तथा सिंहपुर ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी भी विशेष रूप से मौजूद रहे।इस अवसर पर क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधान, स्थानीय जनप्रतिनिधि, वन विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भूमि पूजन व




पौधरोपण से हुई। इसके पश्चात वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर सिंह ने कहा कि वृक्ष केवल ऑक्सीजन के स्रोत नहीं, बल्कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने वाले स्तंभ हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे वृक्षारोपण को महज औपचारिकता न समझें, बल्कि हर पौधे की देखभाल को अपना दायित्व मानें। ब्लॉक प्रमुख मुन्ना सिंह व अंकित पासी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देने के लिए हमें आज ही संकल्प लेना होगा कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। और उनकी रक्षा करें।रेंजर जहीर मिर्जा ने पौधों के रख रखाव और संरक्षण कीजिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपने की बात कही। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर नारे लगाते हुए जागरूकता रैली भी निकाली। जिससे पूरा वातावरण हरियाली और उत्साह से भर गया।

# डंपर की टक्कर से किशोर और युवक की मौत, चालक फरार

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिले के जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अयोध्या राजमार्ग पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मंगौली गांव के पास एक अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवारों को पीछे से टक्कर मार दी और हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान कमरौली थाना क्षेत्र के मंगरौरा गांव निवासी साहिल 20 वर्ष पुत्र मोहम्मद यामीन और फैजान 15 वर्ष पुत्र अफसर अली के रूप में हुई है। दोनों युवक शनिवार सुबह मोटर साइकिल से रानीगंज बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे एक डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए और तत्काल पुलिस को



सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जगदीशपुर कोतवाली पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दी गई तो घर में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार डंपर की रफ्तार बहुत तेज थी और चालक लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। हादसे के बाद चालक डंपर को लेकर अयोध्या की दिशा में फरार हो गया। पुलिस ने आसपास के थानों को इसकी सूचना भेज दी है और फरार चालक की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी धीरेंद्र यादव ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। डंपर की शिनाख्त की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है। एवं मृतकों के परिवार में गहरा शोक व्याप्त है।

## अपहरण कर नाबालिग छात्रा से रेप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में दो नाबालिग छात्राओं के साथ उनके जान-पहचान के युवकों ने दरिंदगी की। आरोपियों ने दोनों छात्राओं को कार में अगवा कर लिया। दोनों पर शादी का दबाव बनाया गया। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की।दोनों छात्राओं को अमेठी रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों छात्राएं सहेलियां हैं।एक का दोस्त सोहेल और दूसरी का मेहताब है। आरोपी मेहताब ने एक छात्रा से कार में रेप किया।सोहेल ने दूसरी छात्रा से जबरन संबंध बनाने का प्रयास किया। मेहताब के भाई इरफान और चांद हाशमी ने दोनों को धमकाया। फिर अगले दिन दोनों को रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया। पुलिस ने मेहताब,इरफान और चांद हाशमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चौथा आरोपी सोहेल फरार है। पुलिस ने दोनों छात्राओं के बयान और मेडिकल परीक्षण के आधार पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। गौरीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण पांडेय के अनुसार सोहेल की तलाश जारी है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर ताला, मरीजों की उम्मीदों पर पानी

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से सरकार की मंशा को लग रहा बट्टा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

सरकार द्वारा जहां ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना के तहत आरोग्य मंदिर केन्द्रों की स्थापना कर रही है, वहीं ज़मीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। तहसील तिलोई अंतर्गत बेलवा हसनपुर में बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर केन्द्र पर अक्सर ताला लटक रहता है। जिससे इलाज के लिए आने वाले मरीजों को निराश होकर बिन इलाज के ही लौटना पड़ता है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि केन्द्र पर न तो कोई स्टाफ मौजूद होता है। और न ही नियमित समय पर खुलता है। कई बार मरीज दूर-दराज़ से आते हैं, लेकिन दरवाज़ा बंद




पाकर लौटने को मजबूर हो जाते हैं। सरकार की मंशा है कि इन केन्द्रों के माध्यम से गांवों में ही बीमार लोगों को इलाज, दवाएं और स्वास्थ्य परामर्श मिल सकेगा। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और निगरानी के अभाव में यह केन्द्र कागज़ों तक ही सिमट गया है।

ग्रामीणों ने नाराज़गी जताते हुए प्रशासन से मांग की है कि स्वास्थ्य केन्द्र को जल्द चालू कराया जाए। और वहां स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए,ताकि ग्रामीणों को अच्छी और बेहतर चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई,तो ग्रामीण एक बड़ा विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी और जवाब देही प्रशासन की होगी द्य यह मामला एक बार फिर इस बात की ओर इशारा करता है कि सरकार की योजनाएं ज़मीन पर तभी सफल हो सकती हैं जब प्रशासनिक अमला जवाबदेही के साथ कार्य करे।

# आरटीई एक्ट और एसएमसी को विभागीय अधिकारियों ने कर दिया नजरंदाज: राजेश शुक्ला

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देशानुसार शनिवार को दूसरे दिन राहुल गांधी, सांसद-रायबरेली, किशोरी लाल शर्मा, सांसद-अमेठी, राहुल लोधी, विधायक-हरचंदपुर, श्रीमती अदिति सिंह, विधायक-सदर, देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक-सरेनी एवं अशोक कोरी, विधायक सलोन को संगठन द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को बंद किए जाने के विरोध से संबंधित ज्ञापन सतांव अध्यक्ष डा चंद्रमणि बाजपेई, नगर अध्यक्ष पंकज द्विवेदी, खीरों अध्यक्ष नीरज हंस, हरचंदपुर अध्यक्ष अरविन्द द्विवेदी, राही अध्यक्ष डा गजेन्द्र सिंह, अमावां अध्यक्ष अशोक पाल, सलोन अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, छतोह अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय, डीह अध्यक्ष कमलेश ओझा, सरेनी अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, लालगंज अध्यक्ष शेखर यादव व जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह, डलमऊ



अध्यक्ष योगेश सिंह द्वारा सौंपा गया। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि मनमानीपूर्ण तरीके से आरटीई एक्ट और एसएमसी को एकदम नजरंदाज कर दिया गया है। जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी और जिला कोषाध्यक्ष यादवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यालय बंद करने की जल्दी में यह भी ध्यान नहीं दिया गया कि कितने बच्चों वाले विद्यालय को बंद किया जाना है। अध्यक्ष जिला संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी ने कहा कि विद्यालय बंदी के लिए कोई मानक तक नहीं बनाया गया।

जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि सभी अधिकारियों को लक्ष्य दे दिया गया कि आपको इतने विद्यालय बंद कराने हैं। जनपदीय लेखाकार गंगा चरण भारती ने कहा कि आरटीई एक्ट का उल्लंघन हो रहा है।

जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई व संघर्ष समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि विभाग आजतक एसएमसी को मजबूत करने की बात करता था,इस प्रकरण में एसएमसी को ही नजरंदाज कर दिया गया । जनपदीय उपाध्यक्ष सत्येश सिंह और अमावां अध्यक्ष अशोक पाल ने कहा कि आरटीई एक्ट कहता है कि प्रत्येक बच्चे को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। हरचंदपुर अध्यक्ष अरविन्द द्विवेदी ने कहा कि विभाग अपनी मनमानी के आगे कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। डलमऊ अध्यक्ष योगेश सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी करके आनन फानन में गुप चुप तरीके से मर्जर आदेश बांटे जा रहे हैं। राही अध्यक्ष डा गजेन्द्र सिंह ने कहा कि संगठन का संघर्ष का इतिहास रहा है, संगठन इसकी भी लड़ाई लड़ेगा।

जनपदीय उपाध्यक्ष अनुराग शुक्ला व जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह ने कहा कि इस उत्पीडन के खिलाफ क्रमबद्ध लडाई लडनी पडेगी। जनपदीय उपाध्यक्ष उमेश त्रिवेदी व सुधीर सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी, ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति, अभिभावकों की आवाज को बुलंद किया जाएगा।

इस अवसर पर सुधीर द्विवेदी, सूर्य कान्त, मनीष यादव, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, अवध किशोर शुक्ला, हरिश्चंद्र चौधरी, अरविन्द शुक्ला, राकेश पाल, रामेन्द्र यादव, राम नारायण लोधी, अमित सिंह, विश्वनाथ प्रसाद, कीर्ति मनोहर शुक्ला, अनिल सिंह, आकाश त्रिपाठी, राम प्रकाश, अनुपम शुक्ला, अभिषेक द्विवेदी, गरिमा पाण्डेय, मनीषा सिंह, संगीता अग्रहरि आदि शिक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कैसे रुकेगी अवैध वसूली, कार्रवाई से कतरा रहे अधिकारी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली से सुल्तानपुर ग्राम राही राजमार्ग जाने वाली के बीच ग्राम राही मिल एरिया थाना क्षेत्र शारदा नहर के पास जमकर चल रही है मनचाही वसूली आखिरकार कार्रवाई से क्यों कतरा रहे अधिकारी पूरा मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र के पास रायबरेली से सुल्तानपुर राजमार्ग के पास रही ग्राम को जाने वाली सड़क के बीच शारदा नहर के पुल के पास मनचाही वसूली जबरन वसूल रहे हैं नगर पालिका के द्वारा लगाया गया टोकन टैक्स के नाम पर वसूल रहे हैं गुंडे में इन टोकन टैक्स पर तैनात कर्मचारी रायबरेली नगर पालिका की छवि को धूमिल करते हैं नगर पालिका की टोकन के बहाने से मनचाही वसूली बगैर पर्ची



पर अपना मनचाहा पैसा लेना कमर्शियल गाड़ी पर भी मनचाही वसूली अपनी सारंगी से करते हैं ऐसी कई बार शिकायतें व सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो चुके हैं लेकिन नगर पालिका के बैठे आल्हा अधिकारी अपनी चुप्पी साध लेते हैं हाल ही में अभी चंद्रपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऐसा मामला भी सामने प्रकाश में आया था जहां पर जबरन वसूली कर रहे थे लेकिन रायबरेली के शारदा नहर के पास जबरन वसूली रुकने का नाम नहीं ले रही है कई बार ऐसे मामले प्रकाश में भी आए हैं लेकिन इस पर संबंधित आल्हा अधिकारी अपनी कार्यवाही से कतरा या करते हैं।

# सावन मास व कावड़ यात्रा के दृष्टिगत डीएम-एसपी ने घाटों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

तहसील दिवस के उपरांत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने आगामी सावन मास और कावड़ यात्रा के दृष्टिगत गंगा घाट गेगासो व बालेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने घाट का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि घाटों पर सुरक्षा, साफ-सफाई, शौचालय,और पार्किंग की व्यवस्था दुरुस्त करा दी जाए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए स्थापित कंट्रोल रूम में कर्मचारी समय से उपस्थित रहे। बढ़ते जल स्तर की लगातार निगरानी भी की जाए।

पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने निर्देश दिया कि बैरिकेडिंग की व्यवस्था पहले से ही करा ली जाए और गोताखोरों की तैनाती कर ली जाए। सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था करा ली जाए। पार्किंग स्थान पर वाहनों को व्यवस्थित तरीके से रोकने की व्यवस्था की जाए।

बालेश्वर मंदिर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए साफ सफाई, बिजली, पेयजल आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा ली जाए।

एडीएम (प्रशासन) व एएसपी ने कावड़ यात्रा को लेकर घाटों का किया निरीक्षण

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने सावन मास व कावड़ यात्रा के दृष्टिगत डलमऊ व गोकना घाट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये पुलिस बल की तैनाती और घाटों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये, घाटों और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई का विशेष प्रबंध किया जायें।

## अमेठी संसदीय क्षेत्र के विधानसभा सलोंन के नगर अध्यक्ष पद सभासद अयाज अहमद की ताजा पोसी की गई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

अमेठी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 181 सुरक्षित विधानसभा सलोंन के नगर अध्यक्ष पद पर नगर के तेज तर्रार सभासद अयाज अहमद की ताजा पोसी की गई। लखनऊ से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा जारी सूची में सलोंन नगर पंचायत से नगर अध्यक्ष हेतु अयाज अहमद उर्फ काजू नगर अध्यक्ष मनोनीत किए गए। सूची आते ही नगर सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई, समर्थकों ने घर जाकर के बधाइयां देने का सिलसिला जारी रखा। बता दें कि लोकसभा चुनाव जीतने के बाद से ही सांसद के एल शर्मा संगठन पर विशेष नजर रख रहे हैं। इसी क्रम में मजबूत व जिम्मेदार लोगों पर ही भरोसा कर उनका चयन किया जा रहा है। नगर अध्यक्ष पद के लिए लगभग आधा दर्जन लोगों ने दावेदारी की थे जिसमें सूची आने पर अयाज अहमद ने इस पद पर अपना स्थान बना लिया।

# डीएम-एसपी ने तहसील दिवस में सुनी लोगों की शिकायतें, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने तहसील लालगंज में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं।

जिलाधिकारी के सामने बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, पेंशन, स्वास्थ्य, राजस्व, राशन व सिंचाई आदि से संबंधित शिकायत आईं। जिसे उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिया कि लोगों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जाए। भूमि विवाद और राजस्व से संबंधित मामलों में संयुक्त टीम बनाकर मामले की जांच की जाए। निर्णय लेने से पहले दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। कार्यवाही नियमानुसार ही सुनिश्चित कराई जाए। लालगंज समाधान दिवस में जिलाधिकारी के सामने कुल 85 शिकायते आयीं



जिनमें से नौ का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। जिनमें राजस्व 36, पुलिस 23, विकास 09, समाज कल्याण 01 सहित अन्य 16 मामले आये। सदर तहसील में कुल 90 मामले आए जिनमें से 11 का तत्काल निस्तारण करा दिया गया। महाराजगंज तहसील में 36 मामले आए छः का मौके पर ही निस्तारण हुआ। ऊंचाहार तहसील में 36 मामले आयें तीन का तत्काल निस्तारण किया गया। तहसील डलमऊ में 41 मामले आए जिनमें से सात का निस्तारण हुआ। सलोन तहसील में 89 शिकायतें आई जिनमें से 05 का मौके पर निस्तारण हुआ।

## शस्त्रधारी स्वरूप, लेकिन भोजन के समय सौम्य राम

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राजाराम का स्वरूप शस्त्र धारी है। श्रीराम के हाथ में सदा धनुष रहता है, जो रक्षक रूप का प्रतीक है। लेकिन हाल ही में सोशल मीडिया पर राम दरबार की ऐसी तस्वीरें वायरल हुई, जिनमें उनके हाथ में धनुष नहीं था। तस्वीर के सामने आते ही तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। किसी ने सुरक्षा का सवाल उठाया, तो किसी ने परंपरा की बात कही। इस पर मंदिर के पुजारियों का कहना है कि यह कोई लापरवाही या भूल नहीं, बल्कि मंदिर की शास्त्र सम्मत परंपरा है।

राम मंदिर के भूतल पर रामलला पांच साल के बालक के रूप में विराजमान हैं। प्रथम तल पर राजाराम के रूप में सपरिवार विराजमान हैं। दोनों मूर्तियों की खासियत यह है कि श्रीराम ने धनुष-बाण धारण कर रखा है। रामलला को प्रतिदिन भोग अर्पण किया जाता है, जिसमें उनका राजसी सत्कार होता है। शास्त्रों में उल्लेख है कि भोजन के समय राजा को शस्त्र धारण नहीं करने चाहिए, यह शांति और सौहार्द का प्रतीक माना गया है।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 06 जुलाई, 2025 | 05




**विद्यालय मर्ज के विरोध में सभी ब्लाकों पर...**

सरकार के स्कूल बंद करने के निर्णय पर लगातार विरोध जारी है। शनिवार को जिले के सभी ब्लाकों पर शिक्षक और शिक्षक संगठन द्वारा स्कूल मार्च के विरोध में... शेष पेज 10 पर...

# 70 लाख की चोरी में गोल्ड लोन कंपनी के मैनेजर समेत सात गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर





चकेरी क्षेत्र में नकदी समेत करीब 70 लाख के जेवरात चोरी में पुलिस ने गोल्ड लोन कंपनी के मैनेजर समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो सराफा करोबारी हैं। उन्होंने गहनों को गलाकर सोने के बिस्कुट में बदल दिया था। वारदात में शामिल एक आरोपी को चोरी के दूसरे मामले में गुजैनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 160 ग्राम जेवर बरामद किए हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस सिर्फ 60 फीसद ही गहने बरामद कर सकी है। रामपुरम निवासी जटाधर दीक्षित के घर से 28 जून की रात को करीब 35 हजार की नकदी और जेवर चोरी हो गए थे। वह परिवार के साथ चित्रकूट गए थे। पड़ोसी के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में सफेद कार नजर आई थी। उसमें सवार तीन युवक 17 मिनट में आते और जाते दिखाई दी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच की। करीब 150 के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई। कार सवार दक्षिण क्षेत्र में दिखाई दी फिर कार का कहीं पता नहीं चला। पुलिसकर्मियों ने कार के नंबर को ट्रेस किया, जिससे असली मालिक की जानकारी हुई। उनसे पूछताछ करने पर हनुमंत विहार के शिवम के बारे में पता चला। शिवम ने कार करीब दो लाख 60 हजार रुपये में खरीदी थी। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से सभी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के इनाम देने की घोषणा की गई। डीसीपी पूर्वी के मुताबिक आरोपी घूमने और मौज मस्ती करने के शौकीन हैं। वारदात से पहले गोवा से घूमकर आए थे। मास्टरमाइंड हिमांशु गौतम अपनी महिला मित्र के साथ काठमांडू घूमकर आया था। रामपुरम के घर में रेकी हिमांशु ओर रोहन सचान ने की थी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज मं एक दिन पहले बाइक से रेकी करते ही दिखाई दे रहे हैं।

### सबसे पहले पकड़ा गया मास्टरमाइंड

डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि गिरोह का मास्टरमाइंड बर्रा के कर्रही रोड निवासी हिमांशु गौतम है। वह पूर्व में चोरी के मामले में जेल जा चुका है। उसने कर्रही के रोहन सचान व हनुमंत विहार के शिवम राजपूत और कैंट क्षेत्र के हरिओम के साथ मिलकर चोरी की। कार हरिओम चला रहा था। गिरोह में फर्रुखाबाद के मैरापुर क्षेत्र का रोहित दुबे, उन्नाव के गंगाघाट निवासी संजय सोनी और शिवाला बाजार के निमिष गुप्ता शामिल हैं। रोहित गोल्ड लोन कंपनी की माल रोड ब्रांच में मैनेजर है, जबकि संजय सोनी और निमिष सराफा कारोबारी हैं। चकेरी के एसीपी अभिषेक पांडेय ने बताया कि आरोपियों ने गहनों को दोनों सराफा करोबारियों को दे दिया था। उन्होंने जेवरात को गलाकर सोने का बिस्कुट बना दिया था। रोहित दुबे ने हरिओम से कुछ सोना लेकर करीब चार लाख का गोल्ड लोन दिला दिया, जबकि बाकी आरोपियों को लोन दिलाने की तैयारी में था। इससे पहले पुलिस ने सभी को दबोच लिया। शिवम को गुजैनी पुलिस ने चोरी के दूसरे मामले में गिरफ्तार किया है।

# सांसद रमेश अवस्थी के प्रयासों से जे.के. कैंसर हॉस्पिटल, कानपुर की सुविधाओं में हुआ विस्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर के सांसद श्री रमेश अवस्थी जी द्वारा जे.के. कैंसर हॉस्पिटल, रावतपुर, कानपुर की बदहाल व्यवस्था को लेकर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को एक पत्र के माध्यम से 31 दिसंबर 2024 को अवगत कराया गया था। सांसद श्री अवस्थी ने पत्र में उल्लेख किया था कि यह संस्थान कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, किंतु वर्तमान में यहां जन सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने आग्रह किया था कि मरीजों को सस्ती, सुलभ और बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु जे.के. कैंसर हॉस्पिटल का विस्तार किया जाए, साथ ही सभी प्रकार की जांच और उपचार की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएं ताकि मरीजों को दूसरी जगह न भटकना पड़े और समय पर समुचित उपचार मिल सके। सांसद जी के इस पत्र को मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा गंभीरता से संज्ञान में लिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने पत्र के उत्तर में जानकारी दी कि सांसद रमेश अवस्थी के आग्रह पर निम्न सुविधाओं को हॉस्पिटल में बढ़ाया गया है अस्पताल में बेड की संख्या में वृद्धि की गई। आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी, कीमोथैरेपी और अन्य जांच सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराई गईं। जन सुविधाओं जैसे शौचालय, पेयजल, प्रतीक्षालय आदि में सुधार किया गया। मरीजों को बेहतर परामर्श एवं मार्गदर्शन देने हेतु हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भेजे गए उत्तर पत्र को भी सांसद रमेश अवस्थी ने साझा किया, जिसमें साफ उल्लेख किया गया है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को प्राथमिकता से निस्तारित किया जाएगा। सांसद रमेश अवस्थी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय न केवल कानपुर के नागरिकों के लिए राहत की बात है, बल्कि बुंदेलखंड क्षेत्र के मरीजों के लिए भी जीवनदायिनी सिद्ध होगी।

# बिल्हौर एसडीएम ने किसान पंचायत में पहुंचकर ज्ञापन लिया, शिकायत सही करें निस्तारण होगा




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक पंचायत में जिला अध्यक्ष राधेश्याम मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई एसडीम संजीव कुमार दीक्षित,नायब तहसीलदार सीपी राजपूत और एलआईओ एके सिंह ने पहुंचकर ज्ञापन लिया जिसमें दुरदराज से आए किसानों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराकर प्रार्थना पत्र दिया उसमें प्रमुख रूप से आवारा पशुओं के आतंक से किसान वह राहगीर सभी परेशान हैं विगत कई महीनो से तहसील प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी आवारा पशुओं को प्रतिबंधित नहीं किया गया है ना उन्हें गौशाला में भेजा गया है पशुओं को तत्काल गौशाला में शिफ्ट कर दिया जाए बिल्हौर ग्राम सभा देहात त्रिवेणीगंज में बुद्ध विहार के पास तालाब में जो गंदगी के अंबार से पटा रहता है जिससे तरह-तरह की बीमारियां फैलती रहती है हर वर्ष की भांति बारिश आ गई है गंदगी से पटा पड़ा है दुर्गंध के चलते मोहल्ले वालों का जीना दूबर है उसकी सफाई कराई है बलराम नगर से गोलियापुर रोड पर बने मकानों में बांस बल्लियो के सहारे केबल से दौड़ रही बिजली हमेशा हादसे को दावत देती रहती है बिल्हौर तहसील के अंतर्गत ग्राम पचोर में सरकार के द्वारा छोड़ी गई भूमि 25 बीघा भूमि को गांव के ही दबंग लोगों ने कब्जा कर लिया है जुताई बुवाई करते हैं जिससे अन्य किसानों को अपने खेतों पर जाने का रास्ता भी नहीं छोड़ा है। तत्काल जांच कराके अवैधानिक कब्जा धारकों को विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा चारागाह के लिए छोड़ी गई भूमि कब्जा मुक्त कराई जाए। एसडीएम संजीव कुमार दीक्षित ने किसानों को बताया कि शिकायतें प्रमाणित हो उन पर जल्द निस्तारण होगा। फर्जी शिकायत करके अपना और मेरा समय ना बर्बाद करें।

# एमपी की क्राइम ब्रांच बताकर युवक को बनाया बंधक, तीन लाख ऐंठे

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

मध्य प्रदेश क्राइम ब्रांच अफसर बनकर आए शातिरों ने सचेंडी में एक युवक को दुकान से उठा लिया। होटल में बंधक बनाकर बुरी तरह पीटा, फिर पांच लाख रुपये फिरौती मांगी। परिजनों ने इतनी रकम देने में असमर्थता जताई तो तीन लाख रुपये लेकर छोड़ दिया। पीड़ित ने शनिवार को एडीसीपी पश्चिम से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। सचेंडी के सिद्धपुर सीढ़ी निवासी रामबहादुर घर में ही परचून की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि दो जुलाई की शाम कार से पांच युवक उनके घर आए। खुद को मध्य प्रदेश क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर जबरन गाड़ी में बैठा लिया। उन्हें किदवईनगर स्थित होटल ले गए और रातभर पिटाई की। जान का डर दिखाकर उनसे पांच लाख रुपये मांगे। इसके बाद परिजनों से फोन पर बात कर रुपये देने का दबाव बनाया। परिजनों ने बमुश्किल तीन लाख रुपये की व्यवस्था करने की बात कही। आरोपी मान गए तो पत्नी ने जेवर बेचकर पैसे जुटाए। तीन जुलाई को आरोपी राम बहादुर को किदवई नगर चौकी ले गए, जहां फिर से उन्हें मारापीटा। इसके बाद कार में बैठाकर पनकी, अटलघाट और गंगा बैराज जैसे इलाकों में घुमाते रहे।



# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधनू का औचक किया निरीक्षण 5 डॉक्टर और 33 कर्मचारी मिले अनुपस्थित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधनू का औचक निरीक्षण किया। सुबह 9:50 बजे पहुंचे डीएम को ओपीडी काउंटर पर एक व्यक्ति अनधिकृत रूप से पर्चियां बनाता मिला। इसके अलावा उन्होंने मरीजों से बात करके उनको मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही प्राइवेट कर्मी पर कानूनी कार्रवाई की बात कही। निरीक्षण के दौरान 5 डॉक्टर और 33 कर्मचारी अनुपस्थित मिले हैं। डीएम ने सभी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये।

# ट्रन्किल टोन स्पोर्ट क्लब में बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ सफल आयोजन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। ट्रन्किल टोन स्पोर्ट क्लब में बैडमिंटन टूर्नामेंट का सफल आयोजन मेंस एंड वूमेन सिंगल एंड डबल मिक्स प्रतियोगिता हुई। इसमें शहर के खिलाड़ियों ने बढ़कर हिस्सा लिया। हर कैटेगरी के विनर और रनर अप को ट्रॉफी और कैश प्राइज देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के एडिशनल सेक्रेटरी आशीष गर्ग रहें। जिन्होंने सभी विजेता एवं उपविजेता को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस टूर्नामेंट का आयोजन अयांस स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा किया गया। जिसमें आनंद गुप्ता, विनम्र गुप्ता, विट्ठल भाटिया, कृष्णा भाटिया, देवीशा, सुजीत, राधे प्रभु आदि उपस्थित रहें।

# अरौल स्थित विद्या भवन इंटर कॉलेज में प्रबन्धक और कार्यवाहक प्रधानाचार्या विवाद थाने पहुंचा, बयान दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल स्थित विद्या भवन इंटर कॉलेज में हिंदी प्रवक्ता /कार्यवाहक प्रधानाचार्या ममता सिंह ने प्रबंधक प्रकाश नारायण पाण्डेय पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। कार्यवाहक प्रधानाचार्या ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि प्रबंधक उनकें साथ अभद्र व्यवहार करतेहैं। गुरुवार को गाली-गलौज कर बर्बाद करने की धमकी दी। कार्यवाहक प्रधानाचार्या का कहना कि पुलिस दो बार जांच के लिए आई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिला और बाहरी होने के नाते यहां पर कोई सहयोग नहीं करते हैं। स्थानीय लोगों का पुलिस भी सहयोग करती है। प्रबंधक प्रकाश नारायण पांडे का आरोप है कि कार्यवाहक प्रधानाचार्या बैठकों में नहीं आतीं। 27 जून की बैठक में भी वह अनुपस्थित रहीं। नोटिस देने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। प्रबंधक के अनुसार गुरुवार को कार्यवाहक प्रधानाचार्या ने उनके कार्यालय में जबरन घुसकर शोर-शराबा किया। स्टाफ के मुताबिक विवाद एक जुलाई को नए बाबूशिव शंकर की नियुक्ति से शुरू हुआ। उसी दिन कार्यवाहक प्रधानाचार्या की शिवशंकर से नोंक-झोंक हुई। अगले दिन कार्यवाहक प्रधानाचार्या और प्रबंधक का विवाद थाने तक पहुंच गया।अरौल थानाध्यक्ष जनार्दन यादव ने बताया कि विद्यालय के प्रबंधक, कार्यवाहक प्रधानाचार्या, स्टाफ और शिक्षकों के बयान लिए जा रहे हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिल्हौर संपूर्ण समाधान दिवस में 167 शिकायतें पहुंची 8 का मौके पर निस्तारण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर ब्लॉक सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एडीएम आपूर्ति आशुतोष द्विवेदी, एसडीएम संजीव दीक्षित और एसीपी अमरनाथ यादव, नायब तहसीलदार सीपी राजपूत , रंजीत यादव एबीएसए रवि कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुल 167 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 8 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। ककवन थाना अंतर्गत मनावा गांव निवासी जब्बार के अनुसार बीते गुरुवार को उनके पुत्र दिलशाद ने घर पर वाद विवाद किया। सूचना पर पहुंची पुलिस उनके निर्दोष पुत्र शमशाद व मुस्कान को अपने साथ लेकर चली गई और तब से उन्हें थाने में बैठाए है। जब वह उन्हेंलेने गया तो थानाध्यक्ष ने भगा दिया। पीड़ित शिकायत कर पुत्रों को छुड़वाने की मांग की। पिता को पट्टे मिली भूमि पर बेटे ने मांगा कब्जा त्रिवेणीगंज बिल्हौर निवासी विनय कुमार के अनुसार उसके पिता को सन 1976 में पट्टे पर भूमि मिली थी।पिता की मौत के बाद मां ने दूसरी शादी कर ली। वह जब बड़ा हुआ तब भूमि की जानकारी हुई। उन्होंने खतौनी में अपना नाम अंकित करा लिया। लेकिन आबादी क्षेत्र में मौजूद उक्त भूमि पर पड़ोसी का कब्जा है। उन्होंने भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग की। काजीगंज हसौली गांव निवासी अरुण कुमार आदि के अनुसार उनका आधा घर हाइवे निर्माण में चला गया था। घर के पास न तो सर्विस रोड पूरा बनाया गया और न ही नाला बनाया गया। ऐसे हाइवे पर बरसात का पानी उनके घर में भरता है। पीडित समस्या समाधान की मांग की। भडिया से सुजाबलपुर गांव निवासी छुन्ना बाबू के अनुसार 17 साल बाद भी नहीं नहीं मिला कब्जा सन्2007 में उनें पट्टेपर भूमि मिली थी। लेकिन 17 साल बाद भी जमीन पर कब्जा नहीं मिल सका। उन्होंने प्रशासन से पैमाइश कर जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेज दिया है। कैल्शियम संजीव दीक्षित ने बताया कि विभागों को समयबद्ध तरीके से शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। शिकायतों की पारदर्शिता से जांच कर रिपोर्ट लगाए जिससे जनता का विश्वास बढ़े।

# पैचवर्क से अनियंत्रित होकर गिरे स्कूटी सवार पीडब्ल्यूडी कर्मी की मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चुन्नीगंज में मेट्रो के सड़क पर किए गए खराब पैचवर्क की वजह से आठ दिन पहले पीडब्ल्यूडी का संविदा कर्मी बीएनएसडी इंटर कॉलेज के सामने उछलकर सड़क पर गिर गया। हफ्ते भर तक चले इलाज के बाद शुक्रवार रात उसने दम तोड़ दिया। रावतपुर के गणेशनगर निवासी संदीप सोनवानी (37) पीडब्ल्यूडी में संविदा पर ऑपरेटर थे। गुरुग्राम निवासी बड़े भाई मनीष ने बताया कि 27 जून को संदीप सिविल लाइंस स्थित कार्यालय से निकलकर रिश्तेदार के घर गया था। वहां से रात एक बजे स्कूटी से वापस लौट रहा था। बीएनएसडी इंटर कॉलेज के पास सड़क पर कुछ दिन पहले हुए पैचवर्क से उसकी स्कूटी अनियंत्रित हो गई और वह गिरकर जख्मी हो गया। कर्नलगंज पुलिस ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। सिर में चोट लगने की वजह से वह कोमा में चला गया था। उसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। परिवार में पत्नी शिवानी और आठ साल का बेटे वेदांश है। कर्नलगंज इंस्पेक्टर रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी से कोमा में जाने के कारण मौत हुई है। तहरीर के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# वैशाली एक्सप्रेस में महिला यात्रियों से लूटपाट, जीआरपी ने किया इनकार



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

> उन्नाव की तरफ गंगापुल में वैशाली एक्सप्रेस रुकी थी तभी वारदात हुई है। तीन नकाबपोश कोच में चढ़े थे, जिससे महिलाएं डर गईं। टीमें पहुंचने तक वह भाग गए। लूटपाट नहीं हुई है। न ही कोई तहरीर दी गई है।
>
> – ओम नारायण सिंह, जीआरपी कानपुर सेंट्रल थाना प्रभारी

गंगाघाट रेलवे स्टेशन के आउटर पर शुक्रवार देर रात वैशाली एक्सप्रेस में महिला यात्रियों से नकाबपोश बदमाशों ने लूटपाट की। महिलाओं ने बैग और पर्स ले जाने का आरोप लगाया है। वहीं, कानपुर सेंट्रल जीआरपी और आरपीएफ वारदात शुक्लागंज क्षेत्र में होने की बात कहती रही। हालांकि बाद में जीआरपी ने लूट की वारदात से इनकार किया है। बिहार के सहरसा जंक्शन से लखनऊ के रास्ते नई दिल्ली जाने वाली वैशाली एक्सप्रेस शुक्रवार रात करीब डेढ़ घंटा लेट चल रही थी। गंगाघाट रेलवे स्टेशन के आगे आउटर पर सिग्नल न होने से ट्रेन रुक गई। इसी दौरान एसी-2 के इकोनॉमी कोच में सफर कर रही इंदू देवी, बेबी कुमारी ने आरपीएफ कंट्रोल रूम को सूचना दी कि ट्रेन में लूटपाट हुई है। वहीं, कोच में शोर-शराबा होने पर ट्रेन टिकट निरीक्षक राजेश ने सुरक्षा दस्ते को जानकारी दी। इसके बाद ट्रेन मरे कंपनी पुल के पास सिग्नल न होने पर खड़ी हो गई। इस दौरान जीआरपी और आरपीएफ जवानों ने पूरी ट्रेन की छानबीन की, लेकिन लुटेरे नहीं मिले। इंदू देवी व बेबी कुमारी ने आरपीएफ जवानों को बताया कि उनके और कोच में सफर कर रही रजनी, राजरानी समेत अन्य महिलाओं के बैग व पर्स बदमाश ले गए हैं। बताया कि तीन नकाबपोश कोच में चढ़े थे, लेकिन अंधेरा होने की वजह से वह घटनास्थल नहीं बता सकीं। सेंट्रल पर ट्रेन निर्धारित समय रात 11:40 बजे के स्थान पर 2:20 बजे पहुंची। हालांकि पीड़ित महिला यात्रियों ने तहरीर नहीं दी है। आरपीएफ के सीओ विवेक वर्मा का कहना है कि वारदात गंगा पुल पर हुई है।

# गवाह की अपहरण के बाद हत्या का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



सेन पश्चिम पारा पुलिस ने गवाह की अपहरण के बाद हत्या करने के मुख्य आरोपी इरफान और उसके साथी रोहित को शुक्रवार देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। दोनों बाइक से कानपुर देहात की ओर जा रहे थे। मुठभेड़ में गोली इरफान के पैर में लग गई। उसे प्राथमिक उपचार के लिए हैलट अस्पताल ले जाया गया। दोनों से पूछताछ के बाद तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार हुई, जबकि एक फरार है। बिनगवां गांव निवासी ट्रैक्टर चालक विमल गौतम (49) पांच साल पुराने हत्या के प्रयास और एससी-एसटी एक्ट के मामले में गवाह थे। उनका बुधवार देर रात अपहरण कर लिया गया। परिजनों ने पड़ोसी इरफान ओर साथियों के पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार सुबह विमल का शव डांडेपुरवा गांव के पास पनकी नहर किनारे मिला था। अपहरण की घटना सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में आ गई थी। सेन पश्चिम पारा पुलिस इरफान ओर उसके साथियों की तलाश शुरू कर दी थी। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली। रमईपुर-सचेंडी मार्ग पर गढ़ेवा मोहसिनपुर गांव के पास घेराबंदी की गई। इस दौरान इरफान और उसका साथी कानपुर देहात के रोहित उर्फ बबलू बाइक से जाते हुए दिखे। पुलिस के रोकने पर इरफान ने फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में इरफान के पैर में गोली लग गई। उसे और रोहित को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से तमंचा और दो कारतूस मिले। शनिवार की सुबह बिनगवां निवासी करन वर्मा, राजा और आलोक को भी गिरफ्तार कर लिया। कानपुर देहात के अंकित की तलाश चल रही है। अब तक पांच आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह ने बताया कि अपहरण के बाद आरोपी विमल गौतम को पनकी नहर के पास ले गए थे। वहां अंगौछे से उसका गला कसा गया फिर सिर पर डंडे से हमलाकर मौत के घाट उतार दिया।

### घर पर तैनात रही एक कंपनी पीएसी

हत्या के बाद से ग्रामीणों में नाराजगी थी। यहां का माहौल न खराब हो उसके लिए अधिकारियों ने विमल के घर पर क्षेत्रीय पुलिस के साथ एक कंपनी पीएसी तैनात की थी। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को परिजनों ने नजफगढ़ घाट में विमल का अंतिम संस्कार कर दिया।

# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, दो दोस्तों की मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

मंगलपुर-डेरापुर मार्ग पर खजुरी के पास शनिवार दोपहर अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद दोनों युवक गड्ढे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सीएचसी डेरापुर पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित किया। सिकंदरा थाना के मदनपुर निवासी अंकित शेखर (22) पुत्र उमाशंकर संखवार शनिवार दोपहर एक बजे के करीब बाइक से गांव निवासी दोस्त शोषित उर्फ सुशांत (35) पुत्र सतीश चंद्र के साथ घर से निकला था। मंगलपुर-डेरापुर मार्ग पर खजुरी की पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए। नजर पड़ने पर राहगीरों ने घायलों को गड्ढे से निकाल कर सीएचसी डेरापुर पहुंचाया। वहां डॉ. यश सिंघल ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# कर्नाटक में कांग्रेस राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ वाली गलती दोहरा रही है

**उधर, कर्नाटक में कांग्रेस के दोनों धुरंधर नेताओं के समीकरणों पर गौर करें तो आपको बता दें कि अत्यंत पिछड़े कुरबा समुदाय से आने वाले मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बड़े जनाधार वाले नेता हैं। वह सोशल इंजीनियरिंग के मास्टर हैं और उन्हें पता है कि चुनावों में भाजपा के जातिगत समीकरणों को कैसे बिगाड़ना है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार आर्थिक–सामाजिक रूप से संपन्न वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं। वह पुराने कांग्रेसी हैं, गांधी परिवार के विश्वस्त हैं और धनबल, बाहुबल के खिलाड़ी हैं।**

*कर्नाटक में कांग्रेस ने 2023 के विधानसभा चुनावों में शानदार जीत दर्ज की थी। यह जीत केवल भाजपा को सत्ता से हटाने तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके साथ ही कांग्रेस ने यह संदेश भी दिया था कि यदि पार्टी एकजुट और ठोस नेतृत्व के साथ मैदान में उतरे तो वह भाजपा को घेर सकती है। लेकिन अब, कर्नाटक में कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान और लगातार सार्वजनिक रूप से सामने आने वाले मतभेदों ने सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या कांग्रेस यहां पर वही गलती दोहरा रही है जो उसने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में की थी? हम आपको याद दिला दें कि राजस्थान में अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट का विवाद कांग्रेस के लिए दीर्घकालिक सिरदर्द बना रहा था। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव के बीच सत्ता-साझेदारी को लेकर विवाद लगातार सामने आता रहा था। ऐसा ही वाकया मध्य प्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया और कमलनाथ के बीच देखने को मिला था। ज्योतिरादित्य भाजपा में चले गये थे जिससे कमलनाथ की सरकार बीच में ही गिर गयी थी। तीनों ही राज्यों में मतभेद पार्टी मंच के बजाय मीडिया में उछलते रहे, जिससे भाजपा को सत्ता में आने का मौका मिल गया। इसी तरह कर्नाटक में भी देखने को मिल रहा है कि आलाकमान द्वारा समय रहते निर्णायक कदम नहीं उठाने के कारण टकराव बढ़ते जा रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि कर्नाटक में कांग्रेस की जोरदार जीत के बाद से ही यह स्पष्ट था कि सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे। समझौते के तहत सिद्धारमैया को 5 साल के लिए मुख्यमंत्री बनाया गया, लेकिन शिवकुमार खेमा इसे अंदर ही अंदर चुनौती दे रहा है। कर्नाटक में मंत्रिमंडल विस्तार की बात हो चाहे प्रशासनिक निर्णयों की बात हो या फिर रणनीतिक घोषणाओं की बात हो, सभी मामलों में दोनों नेताओं के बीच मतभेद लगातार उजागर होते रहते हैं। इसके अलावा, कांग्रेस के विधायक और मंत्री भी खुलेआम एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाज़ी कर रहे हैं। डीके शिवकुमार के समर्थक अक्सर उन्हें ÷भावी मुख्यमंत्री÷ कहकर प्रचारित करते हैं जो सिद्धारमैया समर्थकों को असहज करता है और इसके चलते दोनों ओर से बयानबाजी शुरू हो जाती है। हम आपको बता दें कि देश में सिर्फ तीन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है और देखने में आ रहा है कि तीनों जगह पार्टी में कलह है। कर्नाटक के साथ ही हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में भी कांग्रेस नेता आपस में भिड़े हुए हैं लेकिन कर्नाटक की कलह कुछ ज्यादा ही उजागर हो रही है। यही नहीं, कर्नाटक के विवाद को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा हाईकमान पर टालना दर्शाता है कि उनके हाथ में कुछ नहीं है और सब कुछ ऊपर से ही मैनेज हो रहा है, तभी इस प्रकार का टकराव बना हुआ है। देखा जाये तो कांग्रेस इस समय देश में मुख्य विपक्षी पार्टी है इसलिए सवाल उठता है कि जब वह अपना घर ही नहीं संभाल पा रही तो देश में मजबूत विपक्ष की भूमिका कैसे निभा पायेगी? कांग्रेस विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों को भी एकजुट रख पाने में विफल रही है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि केरल और हरियाणा में पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का सरकार में आना तय माना जा रहा था लेकिन अपने ही नेताओं के आपसी झगड़ों की बदौलत पार्टी सत्ता से बहुत दूर रह गयी थी।*

### एक्सप्रेस आलेख

**भारत में बसे तिब्बती शरणार्थियों को शिक्षा, रोज़गार और यात्रा से संबंधित नागरिक अधिकार देने की दिशा में ठोस कदम उठाकर भारत उनके प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर सकता है। भारत में इस वक्त करीब 1 लाख से ज्यादा तिब्बती बौद्ध रहते हैं, जिन्हें पूरे देश में पढ़ाई और काम की स्वतंत्रता है। दलाई लामा को भारत में भी काफी सम्मान दिया जाता है। दलाई लामा के उत्तराधिकारी का प्रश्न केवल एक व्यक्ति के चयन का विषय नहीं, बल्कि यह बौद्ध संस्कृति, तिब्बती आत्मनिर्णय और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा का सवाल है। चीन की तानाशाही मानसिकता इसे नियंत्रित करना चाहती है, जबकि भारत को इसकी स्वतंत्रता की रक्षा करनी है।**

# दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप



**ललित गर्ग**

**चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग की कमान में चीनी सेना लंबे समय तक तिब्बत पर कब्जे की कोशिश में जुटी रही। इसके खिलाफ जब दलाई लामा के नेतृत्व में तिब्बती बौद्धों ने आवाज उठाई तो चीनी सेना ने इसे बर्बरता से कुचल दिया। इसके बाद 1959 में चीन के तिब्बत पर कब्जा करने के बाद दलाई लामा तिब्बतियों के एक बड़े समूह के साथ भारत आ गए और यहां से ही तिब्बत की निर्वासित सरकार का संचालन करने लगे।**

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है। इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी। चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, ‘स्वर्ण कलश’ प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे ‘स्वर्ण कलश’ प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है। इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है। दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन ने इस मसले में साजिशपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। चीन दलाई लामा की उत्तराधिकार प्रक्रिया पर नियंत्रण चाहता है ताकि तिब्बती जनता को अपने ही धार्मिक नेता से अलग किया जा सके। 2007 में चीनी सरकार ने एक ‘धार्मिक मामलों पर नियंत्रण कानून’ लागू किया जिसके अंतर्गत दलाई लामा जैसे धार्मिक नेताओं की नियुक्ति भी राज्य की अनुमति से ही संभव बताई गई। यह न केवल बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह तिब्बती जनता की आस्था और पहचान का गला घोंटने जैसा है। 1959 में जब दलाई लामा को कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन की योजना यह है कि जब वर्तमान दलाई लामा का देहांत हो, तो वह अपनी पसंद का एक ‘दलाई लामा’ घोषित करे, जिसे वैश्विक समुदाय भले ही स्वीकार न करे, लेकिन चीन उसकी पहचान को जबरन वैधता प्रदान करे। यह एक ÷राजनीतिक कठपुतली÷ खड़ी करने जैसा है, जिससे तिब्बत पर उसका शासन वैचारिक रूप से मजबूत हो सके। लेकिन भारत, जो दलाई लामा और तिब्बती निर्वासित समुदाय का स्वागत करता रहा है, अब उस नाजुक मोड़ पर है जहाँ केवल नैतिक समर्थन पर्याप्त नहीं होगा। चीन की विस्तारवादी नीति और आक्रामक कूटनीति को देखते हुए भारत को अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करनी होगी। चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर वैश्विक राजनीति का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है। भारत पर तो चीन लंबे समय से दबाव डालता रहा है कि वह दलाई लामा को उसे सौंप दे। चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है और नई दिल्ली-पेइचिंग के बीच तनाव का एक बड़ा कारण बनती रही है। दलाई लामा की घोषणा के अनुसार, उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है- अनुमान है कि भारत में मौजूद अनुयायियों में से कोई एक, तो यह तनाव और बढ़ सकता है। लेकिन, इसमें भारत के लिए मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है, जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा और बॉर्डर से लेकर व्यापार तक, हर जगह राह में रोड़े अटकाने में लगा है। धर्मशाला, जहाँ वर्तमान दलाई लामा रहते हैं, अब विश्व स्तर पर तिब्बती संस्कृति एवं बौद्ध परंपराओं का केंद्र बन गया है। भारत को इस केंद्र को आधिकारिक मान्यता देनी चाहिए और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर इस धार्मिक स्वतंत्रता के प्रश्न को उठाना चाहिए। अब जबकि दलाई लामा स्वयं कह चुके हैं कि उनके उत्तराधिकारी का चयन भारत में हो सकता है तो भारत सरकार को इस पर एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए कि वह चीन द्वारा घोषित किसी भी ‘नकली’ दलाई लामा या अनुचित हस्तक्षेप को मान्यता नहीं देगा। भारत को अमेरिका, जापान, यूरोपीय संघ जैसे लोकतांत्रिक देशों के साथ समन्वय स्थापित करके इस विषय पर वैश्विक समर्थन, कूटनीतिक दबाव और अंतरराष्ट्रीय समन्वय तैयार करना चाहिए। अमेरिका भी पहले ही कह चुका है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी केवल तिब्बती परंपराओं के अनुसार चुना जाएगा। अमेरिका में तिब्बती बौद्धों की धार्मिक स्वायत्तता को लेकर डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी दोनों ही मुखर रही हैं। इतना ही नहीं अमेरिकी सरकार अगले दलाई लामा के चयन में चीन के दखल को भी अमान्य करार देती आई है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग की कमान में चीनी सेना लंबे समय तक तिब्बत पर कब्जे की कोशिश में जुटी रही। इसके खिलाफ जब दलाई लामा के नेतृत्व में तिब्बती बौद्धों ने आवाज उठाई तो चीनी सेना ने इसे बर्बरता से कुचल दिया। इसके बाद 1959 में चीन के तिब्बत पर कब्जा करने के बाद दलाई लामा तिब्बतियों के एक बड़े समूह के साथ भारत आ गए और यहां से ही तिब्बत की निर्वासित सरकार का संचालन करने लगे। तिब्बत में इस घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तब से दलाई लामा ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला को अपना घर बना लिया, जिससे बीजिंग नाराज हो गया और वहां उनकी उपस्थिति चीन और भारत के बीच विवाद का विषय बनी रही।



**भारत को इस धर्म–राजनीति के संघर्ष में विवेकपूर्ण, दृढ़, निर्णायक और न्यायोचित भूमिका निभाते हुए न केवल तिब्बती जनता का, बल्कि विश्व भर के धार्मिक अधिकारों का भी संरक्षक बनना चाहिए। यही भारत की ‘वसुधैव कुटुम्बकम्’ की नीति की सच्ची अभिव्यक्ति होगी।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | एकादशी 21:13 तक |
| नक्षत्र: | विशाखा 22:33 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | रविवार |
| योग: | साध्य, 21:17 |
| सूर्योदय: | 05:30 |
| सूर्यास्त: | 19:21 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 17:34-19:18 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्त: | 11:57-12:52 |

## जन एक्सप्रेस

### रहे उसी पर ध्यान !

*जो मिला है काम ।*
*रहे उसी पर ध्यान ।।*
*इधर उधर भटकाने से ।*
*है गिरता सम्मान ।।*
*बन रहा समूह लगाता ।*
*भ्रम का मायाजाल ।।*
*चेते ना अभी अगर ।*
*होगा बुरा हाल ।।*
*देखें अपना क्षेत्र ज़रा ।*
*कैसा पड़ा अकाल ।।*
*हर तरफ से आप पर ।*
*उठते हैं सवाल ।।*
*साथ साथ इस जोश के ।*
*होश को ठुकराया ।।*
*गुणा भाग ना कर जाए ।*
*पूरा ही सफाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# कई बीमारियों को दूर करता है कुलेखरा साग

**भारत** विभिन्न प्रकार के साग खाए जाते हैं। पालक, सरसों, मेथी, बथुआ जैसे कई साग भारत में खाए जाते हैं। साग औषधीय गुणों से भरपूर होने के कारण बीमारियों का खतरा कम करते हैं। औषधीय गुणों से भरपूर एक साग और है कुलेखरा साग। कुलेखरा साग को भारत के विभिन्न राज्यों में कुलीखारा, कुलेखड़ा और कुलिखा के नाम से भी जाना जाता है। दिल्ली के अंजना कालिया क्लीनिक की आयुर्वेदिक डॉ. अंजना कालिया के अनुसार, आयुर्वेदिक ग्रंथों में कुलेखरा को पित्तशामक, रक्तवर्धक और मूत्रवर्धक औषधि के रूप में वर्णित किया गया है। कुलेखरा साग वात, पित्त और कफ को संतुलित करती है।

**हीमोग्लोबिन बढ़ाए:** कुलेखरा साग में आयरन की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद करती है। विशेषकर महिलाओं और बच्चों के लिए यह बेहद लाभकारी माना जाता है। आयुर्वेदिक डॉ. अंजना कालिया के अनुसार, गर्भावस्था और स्तनपान में कुलेखरा साग खाया जाए तो ये शरीर में खून की मात्रा को बढ़ाकर मां को पोषण देता है।

**लिवर को करें डिटॉक्स:** कुलेखरा साग में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट तत्व लिवर को डिटॉक्स करते हैं। कुलेखरा साग के तत्व शरीर को विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालते हैं। इससे लिवर की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं। तेल-मसाले और अतिरिक्त सोडियम वाला खाना खाने की वजह से जब लिवर में गंदगी जमा हो जाती है, तब कुलेखरा साग खाने से लिवर स्वस्थ रहता है।



**किडनी की समस्याएं करें दूर:** कुलेखरा साग में मूत्रवर्धक गुण होते हैं जो शरीर से विषैले तत्वों को मूत्र मार्ग से बाहर निकालने में मदद होते हैं। इससे किडनी और मूत्राशय से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं।

**स्किन प्रॉब्लम में फायदेमंद:** आयुर्वेदिक डॉक्टर का कहना है कि कुलेखरा साग की पत्तियों का लेप त्वचा पर लगाने से खुजली, चकत्ते, सूजन और फोड़े-फुंसी जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। कुलेखरा साग खाने से ब्लड प्यूरीफाई होता है, जिससे त्वचा से जुड़ी परेशानियां दूर होती हैं।

**इम्यूनिटी बूस्टर:** कुलेखरा साग में पाए जाने वाले विटामिन और मिनरल्स शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं, जिससे मौसमी बीमारियों से बचाव होता है। बारिश में कुलेखरा साग खाने से सर्दी, खांसी और जुकाम की परेशानियां दूर होती हैं। ये साग संक्रमण को भी दूर करता है।

**पाचन में सहायक:** कुलेखरा में फाइबर की मौजूदगी पाचन को बेहतर बनाती है। यह गैस, अपच और कब्ज जैसी समस्याओं को दूर करता है।

**हड्डियों को बनाएं मजबूत:** कुलेखरा साग में मौजूद कैल्शियम और फास्फोरस हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। मेनोपॉज के बाद महिलाएं एक सीमित मात्रा में कुलेखरा साग खाए तो इससे मूड स्विंग और हड्डियों की कमजोरी से जुड़ी परेशानियां दूर होती हैं।

**कुलेखरा साग कैसे खाएं:** कुलेखरा साग की पत्तियों को अच्छे से धोकर सरसों के तेल और लहसुन के साथ सब्जी की तरह बनाएं। कुलेखरा साग को उबालकर हल्का नमक डालकर सूप बनाकर पिया जा सकता है। इन साग की कच्ची पत्तियों का रस भी औषधीय रूप से पिया जाता है।

### एक्सप्रेस विशेष

# वंशानुगत बीमारियों पर भारी बिगड़ती जीवनशैली



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**एक शोध के अनुसार केवल धूम्रपान के कारण ही 21 तरह की बीमारियां जकड़ सकती हैं तो पारिवारिक व रोजगारपरक तनाव के चलते 17 तरह की बीमारियां सीधे सीधे प्रभावित करती हैं। खान-पान का बदलाव तो इसी से समझा जा सकता है।**

**अब** वंशानुगत बीमारियों से ज्यादा जानलेवा बीमारियां हमारी बदलती जीवनशैली के कारण होती जा रही है। खान-पान, रहन-सहन, प्रकृति से दूरी, बदलती जीवनचर्या यह सब वंशानुगत बीमारियों से ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। वंशानुगत बीमारियों से तो राहत प्राप्त की जा सकती है पर पल-पल बदलती जीवनशैली के कारण होने वाली बीमारियां साइलेंट अटैक का काम करती हैं। पता ही नहीं चलता कि कब जानलेवा बन जाती हैं। जानी मानी पत्रिका नेचर मेडिसिन में प्रकाशित एक रिपोर्ट से साफ हो गया है कि अब जीन से ज्यादा जीवन पर खतरा खराब या अव्यवस्थित जीवनशैली के कारण हो गया है। अब तक यह माना जाता रहा है कि कुछ बीमारियां वंशानुगत या यूं कहें कि आनुवांशिकी के कारण जन्मजात होती हैं। वह उम्र के साथ अपना असर दिखाना आरंभ कर देती हैं। नए शोध के अनुसार, बदलती जीवनशैली, रहन-सहन, आहार-विहार उससे भी गंभीर असर दिखाने लगा है। विशेषज्ञों के अनुसार, जीन प्रभावित लोग बेहतर और संतुलित जीवनशैली से अपनी जीवन रेखा को बड़ा कर सकते हैं। चिंतजानक यह है कि बदलती जीवनशैली के कारण असामयिक मौत की संभावना 78 फीसदी तक अधिक हो गई है। नेचर मेडिसिन पत्रिका में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के आलेख में यह दावा किया गया है। शोधार्थियों ने यूके बॉयोबैंक से 5 लाख लोगों का आंकड़ा प्राप्त कर यह निष्कर्ष निकाला है। शोधार्थियों ने 164 फैक्टर और जेनेटिक जोखिमों का विस्तृत अध्ययन किया है। भारत भी इससे अछूता नहीं हैं। जीवनशैली और आहार-विहार में बदलाव के कारण ही आज हार्ट संबंधी रोग, कैंसर, डाइबिटिज, ब्लड प्रेशर, अनिद्रा, डिप्रेशन और इसी तरह की कई बीमारियां आम होती जा रही हैं। इससे हर उम्र के लोग प्रभावित हैं। कल तक रईसों और उम्र के पड़ाव के अवसर पर होने वाली बीमारियां पूरी साम्यवादी सोच के साथ किसी को भी अपने दायरे में लेने लगी हैं। एक समय था जब सूर्योदय से पहले उठने और रात नौ-साढ़े नौ बजे तक सो जाने की सामान्य परंपरा रही है तो प्रातःकाल भ्रमण, दिन में भोजन के बाद कुछ समय के लिए आराम और रात को खाना खाने के बाद थोड़ी चहल कदमी अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी मानी जाती थी। स्वास्थ्यवर्द्धक खाद्य सामग्री और खान-पान में संयम के साथ ही शुद्धता पर जोर दिया जाता था, जिससे शरीर को तदनुरूप पौष्टिक तत्व मिल सकें। आज हालात में तेजी से बदलाव आया है। रसोई और रसोई सामग्री की शुद्धता और गुणवत्ता की बात तो करना ही बेमानी होगा। मिलावट या फिर रासायनिक खाद-कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण वस्तुओं की गुणवत्ता में कमी आना तो स्वाभाविक ही है इसके साथ ही चंद लाभ के लिए खाद्य सामग्री में मिलावट आम होती जा रही है। इसके साथ ही प्रदूषित वातावरण बीमारियों का कारक तो बन ही रहा है इसके साथ ही दवाएं भी बेअसर होती जा रही हैं। एक शोध के अनुसार केवल धूम्रपान के कारण ही 21 तरह की बीमारियां जकड़ सकती हैं तो पारिवारिक व रोजगारपरक तनाव के चलते 17 तरह की बीमारियां सीधे सीधे प्रभावित करती हैं। खान-पान का बदलाव तो इसी से समझा जा सकता है कि जंक फूड या बाहर खाना खाना हमारी प्राथमिकता बनता जा रहा है। घर का खाना अब बच्चों की पंसद से दूर होता जा रहा है। रही सही कसर ऑनलाइन प्लेटफार्म ने पूरी कर दी है। आधी रात को भी गली मोहल्लों में स्वीगी या इसी तरह की संस्था से जुड़े कार्मिक को आसपास ही खाद्य सामग्री सप्लाई करते हुए आसानी से देखा जा सकता है। जहां तक शुद्ध हवा और शुद्ध पानी का प्रश्न है तो आज आरओ और बोतलबंद पानी की गुणवत्ता पर प्रश्न उठाये जाने लगे हैं। प्रदूषण के कारण शुद्ध हवा की बात करने का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। भले ही पार्कों में कितने ही घूम आओ या जिम में जाकर वर्कआउट कर आओ पर सवाल यही है कि आपके आसपास शुद्ध हवा तो अब रही ही नहीं। वाहनों का प्रदूषित धुआं, एसी सहित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के कारण वातावरण का बढ़ता तापमान भी खतरनाक है। रही सही कसर मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है। पिता एक तरफ अपने मोबाइल में मशगूल है तो मां अलग। बेटा-बहू अलग व बच्चों को भी इसी तरह से एक ही कमरे में बैठे होने के बावजूद एक दूसरे से अंजान की जैसी हालात में देखना आम है। सबसे खास यह कि सोशल मीडिया पर किस पोस्ट पर किसने लाइक किया या किसने इग्नोर किया यह तक तनाव का कारण बनता जा रहा है।

**वाहनों का प्रदूषित धुआं, एसी सहित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के कारण वातावरण का बढ़ता तापमान भी खतरनाक है। रही सही कसर मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है। पिता एक तरफ अपने मोबाइल में मशगूल है तो मां अलग। बेटा–बहू अलग व बच्चों को भी इसी तरह से एक ही कमरे में बैठे होने के बावजूद एक दूसरे से अंजान की जैसी हालात में देखना आम है।**

# जनपद में जीपीएस आधारित गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण

## 2.36 लाख किसानों के 5.02 लाख प्लॉट का हुआ सर्वे

■ 20 जुलाई से शुरू होगा ग्राम स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन, मोबाइल नंबरों का होगा शुद्धिकरण- जिला गन्ना अधिकारी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जनपद में इस वर्ष जीपीएस तकनीक के माध्यम से कराए जा रहे गन्ना सर्वेक्षण का कार्य 30 जून को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। एक मई से शुरू किए गए इस कार्य में गन्ना विकास विभाग व जिले की सभी चीनी मिलों के समन्वय से 145 सर्किल बनाकर सर्वेक्षण कराया गया। इस दौरान 2.36 लाख किसानों के कुल 5.02 लाख प्लॉटों का सर्वे किया गया, जिसमें जनपद का कुल गन्ना क्षेत्रफल 1.07 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है। यह आंकड़ा गत वर्ष के बराबर है। गन्ना विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सर्वे कार्य के उपरांत अब ग्राम स्तरीय सट्टा प्रदर्शन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। यह प्रक्रिया 20 जुलाई से 30 अगस्त तक जनपद के सभी गाँवों में संपन्न कराई जाएगी। चीनी मिलों एवं गन्ना विकास विभाग के गन्ना पर्यवेक्षक संयुक्त रूप से यह कार्य करेंगे।

### सार्वजनिक स्थलों पर होगा प्लॉटवार विवरण का प्रदर्शन

गांव के सार्वजनिक स्थलों पर निर्धारित प्रारूप (63 कॉलम) में प्लॉटवार गन्ना सर्वेक्षण, किस्मवार क्षेत्रफल, किसानवार अनुमानित बेसिक कोटा से संबंधित विवरण प्रदर्शित किया जाएगा। इस विवरण की प्रति किसानों को भी दी जाएगी। प्रारूप के नीचे लिखा होगा- आंकड़ों को देखा एवं संतुष्ट हूँ व उक्त की एक प्रति प्राप्त की। किसान से इसके नीचे हस्ताक्षर भी कराए जाएंगे।

### मोबाइल नंबरों की होगी पुष्टि, एसएमएस पर भेजी जाएगी पर्ची

गन्ना पर्यवेक्षकों को किसानों के मोबाइल नंबरों की शुद्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है, ताकि पेराई सत्र के दौरान एसएमएस आधारित पर्चियां किसानों के पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर भेजी जा सकें। विभाग ने बताया कि जिन किसानों को सर्वेक्षण में कोई त्रुटि नजर आती है, वे मौके पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उनकी शिकायतों की जांच ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा की जाएगी और आवश्यक संशोधन भी किया जाएगा।

### खतौनी से होगा मिलान, फर्जीवाड़ा रोकने को सतर्कता

सर्वेक्षण के आंकड़ों का मिलान राजस्व रिकॉर्ड (खतौनी) से कराया जाएगा। गन्ना पर्यवेक्षक अपने सर्किल में फर्जी, मृतक, डबल एंट्री या भूमिहीन किसानों के नाम चिन्हित कर विस्तृत रिपोर्ट के साथ शत-प्रतिशत मिलान का प्रमाणपत्र संबंधित ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक को सौंपेंगे।ग्राम स्तरीय सट्टा प्रदर्शन का कार्य पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो, इसके लिए सभी सचिवों और ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहने और प्रतिदिन कार्य की प्रगति से जिला गन्ना अधिकारी को अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने की अपील

जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर ग्राम स्तरीय प्रदर्शन स्थलों पर पहुंचकर अपने सर्वे से जुड़े विवरणों को भलीभांति जांच लें और यदि कोई त्रुटि हो तो तत्काल संबंधित गन्ना पर्यवेक्षक को सूचित करें।

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और किसानहित सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी स्तरों पर सतर्कता बरती जा रही है।

# गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड विद्यालय में डॉक्टर्स डे सप्ताह एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

■ विशिष्ट अतिथि डॉक्टरों ने छात्रों को दिए करियर मार्गदर्शन के मंत्र,स्किट व भाषण प्रतियोगिता में दिखा विद्यार्थियों का उत्साह

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड विद्यालय में शनिवार को डॉक्टर्स डे सप्ताह के अंतर्गत एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े चार प्रमुख चिकित्सकों-डॉ.रोहित सिंह (यूरोलॉजिस्ट), डॉ.नीलम अग्रवाल (पैथोलॉजिस्ट), डॉ.पीयूष (रेडियोलॉजिस्ट) एवं डॉ.के.एन.तिवारी (रेडियोलॉजिस्ट) ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

### डॉक्टरों के अनुभव से छात्रों को मिला मार्गदर्शन

समारोह में विद्यालय के छात्रों व शिक्षकों ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टरों ने अपने जीवन और करियर से जुड़े प्रेरणादायक अनुभव छात्रों के साथ साझा किए। उन्होंने चिकित्सा पेशे की चुनौतियों, समर्पण और सेवाभाव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने की सीख दी।

### कॉफी विद व्हाइट कोट सत्र रहा आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा कॉफी विद व्हाइट कोट सत्र, जिसमें छात्रों ने डॉक्टरों से सीधे संवाद कर अपने करियर से जुड़े प्रश्न पूछे। इस सत्र में अनामता शमसी (ढ्ढङ्ग- रोज़), रहबर अली खान (ढ्ढङ्ग- सनफ्लावर) और सिद्धि सिंह देशवार (ङ्गढ्ढ - मानविकी) ने उत्कृष्ट भूमिका निभाई। डॉक्टरों ने भी विद्यार्थियों के सवालों के विस्तृत उत्तर देकर उन्हें मेडिकल क्षेत्र की वास्तविकताओं और संभावनाओं से अवगत कराया।

### स्किट व भाषण प्रतियोगिता में दिखा विद्यार्थियों का जोश

इस अवसर पर स्किट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्लबों ने डॉक्टरों के संघर्ष, समर्पण और प्रेरक जीवन गाथाओं को रंगमंच के माध्यम से प्रस्तुत किया।एलिस क्लब ने हृदय शल्य चिकित्सा के अथक प्रयासों पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। सुप्रीम क्लब ने एक छोटे बच्चे की डॉक्टर बनने की यात्रा और भारत की पहली महिला डॉक्टर डॉ. आनंदीबाई जोशी पर आधारित प्रस्तुति दी। लीजेंड्स क्लब ने एक डॉक्टर के जीवन संघर्ष को दर्शाया।विक्टस क्लब ने एक डॉक्टर का जीवन अपने मरीजों के लिए समर्पित विषय पर प्रभावशाली अभिनय किया। हिंदी और अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में वैशाली शर्मा (ङ्ग - मानविकी) और निबाह (ढ्ढङ्ग - रोज़) ने डॉक्टरों के योगदान पर भावपूर्ण भाषण दिए, जिससे अतिथि डॉक्टरों सहित सभी उपस्थित जन भावविभोर हो उठे।



### विद्यालय प्रबंधन ने जताया आभार

समारोह के अंत में विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी एवं संरक्षिका डॉ. सोनिया गोस्वामी ने उपस्थित चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को न केवल प्रेरणा मिलती है, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का भी बोध होता है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्या जया घोष ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण विष्णु प्रिया, अभिनव तिवारी, पाती राम, प्रदीप गंगवार, भावेश पांडे, काव्यांजलि, आनंद मौर्य, नीता भटनागर, सुशांत, रितिक सिंह, विनोद गंगवार, रामधारी यादव, जयराम गंगवार, कुसुम लता, आयुषी, किंजा खान, उला, आपला शर्मा, अभिजीत आदित्य आदि उपस्थित रहे। इस प्रेरणादायी समारोह ने छात्रों में डॉक्टरों के प्रति सम्मान की भावना को और भी मजबूत किया तथा उन्हें समाज सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# जनतादर्शन में विधायक ने सुनीं समस्याएं, एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण






■ श्रीपरमअक्रियधाम आश्रम परिसर में हुआ आयोजन, अधिकारियों को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने शनिवार को श्रीपरमअक्रियधाम आश्रम, खमरिया पुल कार्यालय पर जनतादर्शन कार्यक्रम का आयोजन कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न वर्गों के लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने प्रत्येक व्यक्ति की बात को गंभीरतापूर्वक सुना और तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधान हेतु निर्देशित किया।विधायक ने जनहित से जुड़े मुद्दों जैसे सड़क मरम्मत, बिजली आपूर्ति, जलापूर्ति, वृद्धावस्था पेंशन, भूमिधारी विवाद और स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याओं को प्राथमिकता पर लेते हुए उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की सलाह दी।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत किया पौधरोपण

जनतादर्शन के उपरांत आश्रम प्रांगण में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एक वृक्ष लगाने से न केवल प्रकृति को बल मिलता है, बल्कि यह माँ जैसे भावनात्मक रिश्ते को प्रकृति से जोड़ने का माध्यम भी बनता है। इस अवसर पर आम, पीपल, नीम जैसे पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण किया गया।इस विशेष अभियान में वन विभाग के डिप्टी रेंजर समेत विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। स्वामी जी ने कहा कि बरसात का यह मौसम पौधरोपण के लिए सर्वोत्तम समय है और हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से विशेष आग्रह किया कि वे पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### जन सहयोग और सहभागिता का मिला संदेश

इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, आश्रम सेवकों और भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी ने विधायक के साथ मिलकर पौधरोपण किया और समाज में पर्यावरण व जनकल्याण की भावना को और सशक्त करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के समापन पर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सभी लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और जनसमस्याओं के समाधान हेतु संवाद और सहयोग की संस्कृति को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि फ्रजनतादर्शन सिर्फ समस्याओं का समाधान नहीं बल्कि समाज से जुड़ने और जनसेवा की भावना को जीवंत रखने का माध्यम है।फ्रकार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में उठीं 59 शिकायतें, केवल 5 का मौके पर हुआ निस्तारण




जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

तहसील पूरनपुर में शनिवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 59 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र 5 का मौके पर ही निस्तारण हो सका। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब शिकायतों की गुणवत्ता की जाँच मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर से की जा रही है, अतः किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करें और दोनों पक्षों को बुलाकर समाधान कराएं। समाधान की रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाए ताकि शिकायतकर्ता को दोबारा शिकायत करने की नौबत न आए।उन्होंने विरासत दर्ज कराने से संबंधित सभी लंबित मामलों को तत्काल निस्तारित करने का निर्देश दिया। साथ ही बाढ़ प्रभावित गांवों में मॉक ड्रिल कराने, चौपाल आयोजित करने और बाढ़ कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कृषि विभाग द्वारा प्रदान की गई बीज मिनीकिट्स का भी वितरण किया। ज्वार की किट रतीराम और वेदपाल को, तिल की किट मथुरा प्रसाद, ज्ञानेन्द्र प्रसाद, बेचेलाल, गुरचरण सिंह, रजा वारिश और सुमित को दी गई। बाजरे की किट गिरधारीलाल, महेश चन्द्र, विजयपाल और स्वर्ण सिंह को, तथा रागी की मिनीकिट मो. आसिम, प्रेमचंद्र सरोज, माखन लाल और रामचंद्र लाल को प्रदान की गई। साथ ही, तहसील परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, तहसीलदार पूरनपुर, खंड विकास अधिकारी सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




## दलित बच्चे की हत्या के प्रकरण में भाजपा जिला अध्यक्ष व विधायक पहुंचे पीड़ित के घर

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी। कोतवाली क्षेत्र के रघुवरनगर गांव में एक दलित परिवार के 8 वर्षीय बच्चे की हत्या का मामला पीड़ित परिवार से मुलाकात करने पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष सुनिल सिंह और निघासन विधायक शशांक वर्मा ने परिवार से की मुलाकात बीते दिन बच्चे का शव केले के खेत में एक पेड़ पर लटका मिला था। पीड़ित परिवार ने गांव के एक परिवार पर हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया है पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह और निघासन विधायक शशांक वर्मा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की उन्होंने परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया इस दौरान उपजिलाधिकारी राजीव निगम और सीओ महेश शर्मा भी मौजूद रहे। विधायक ने अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर जिला महामंत्री विनोद लोधी, रामजी दीक्षित, रामकुमार मौर्य, कमलेश वर्मा,रविकांत सोनी, सभासद अमित वर्मा और उमेश मौर्य समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय विधायक से बरवर क्षेत्र में आकस्मिक चिकित्सा हेतु एंबुलेंस की मांग की

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी



बरवर के समाजसेवी व पत्रकार महताब आलम सोनू ने बरवर क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए क्षेत्रीय विधायक व दर्ज़ा राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह से बरवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए एम्बुलेंस की मांग की है आपको बताते चलें की बरवर नगर की आबादी तकरीबन पचास हजार व क्षेत्र की आबादी तकरीबन दो लाख के आसपास है नगर पंचायत बरवर स्थिति एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है उस पर एम्बुलेंस सुविधा नहीं है क्षेत्र से निकले नेशनल हाईवे पर आयें दिन सड़क हादसे होते रहते हैं जिसको देखते हुए बरवर नगर के पत्रकार व समाजसेवी महताब आलम सोनू ने शनिवार को क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह से मिलकर एक प्रार्थना पत्र प्रेषित कर बरवर क्षेत्र के लिए आकस्मिक चिकित्सा हेतु एंबुलेंस की मांग की है जिसको मद्देनजर रखते हुए क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने आश्वासन दिया और कहा तत्काल ही जल्दी बरवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंबुलेंस की व्यवस्था करा दिय जाये गी आपको बताते चलें बरवर क्षेत्र से मोहम्मदी सोलह किलोमीटर की दूरी पर है वहीं पसगवां भी लगभग पंद्रह से बीस किलोमीटर की दूरी पर है जब तक यहां से एम्बुलेंस आती है तब तक दुर्घटना में घायलों की समस्या और बढ़ती जाती है कुछ की तो समय से प्राथमिक उपचार न मिल पाने से मृत्यु भी हो जाती है इस सब को मद्देनजर रखते हुए पत्रकार महताब आलम सोनू ने क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह को पत्र लिखकर एम्बुलेंस की मांग की विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने जल्द ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरवर पर एंबुलेंस देने का आश्वासन दिया और प्रार्थना पत्र पर विभाग को जल्द ही एम्बुलेंस के लिए आदेशित किया।

# परिवार परामर्श केन्द्र में आपसी कलह से बिखरते परिवारों को सुलह से पुन: जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी




पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में पुलिस लाईन परिसर में स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में प्रभारी उप निरीक्षक सुनीता कुशवाहा व काउंसलरों के अथक प्रयास से 13 परिवारों में सुलह कराके पुनः दाम्पत्य जीवन व्यतीत करने के लिए पति पत्नी की साथ साथ विदाई की गयी है। बताते चलें कि परिवार परामर्श केन्द्र की प्रभारी उप निरीक्षक सुनीता कुशवाहा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन लखीमपुर में स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में जुलाई माह के तृतीय शनिवार को काउंसलर श्रीमती नीति गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी, व महिला आरक्षी निकिता राठौर, मुद्रिका चौहान एवं मेहा सिंह के अथक प्रयास से परिवारों को विघटन से रोकने के लिए कुल 24 मामले जो कि साझी गृहस्थी में निवास को लेकर, घरेलू हिंसा के, अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर एवं परिवारिक कलह के थे, एक प्रकरण में शिकायत कर्ता अपने पति और ससुरालियों के विरूद्ध उत्पीड़न की शिकायत की थी जिसमे आज दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र में बुलाया गया दोनों पक्षों में काउन्सलिंग की गयी, काउन्सलिंग किये जाने पर जानकारी में आया कि दोनो पक्षों ने प्रेम विवाह किया था, परन्तु कुछ ही दिनों के बाद से ही दोनों में रहने को लेकर कलह शुरू हो गयी थी, इस तरह छोटी सी बात पर दोनों पक्षों में मतभेद उत्पन्न हो गया था, दोनों पक्षों की आपस में बातचीत कराई गई, दोनों पक्ष आपसी मतभेद समाप्त करके साथ साथ विदा होकर गये, अन्य प्रकरणों में आपसी मतभेद को दूर करने के लिए काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते का प्रयास करके 13 जोड़े पति-पत्नी की साथ साथ रहने के लिए विदा करायी गयी है, 05 मामला न्यायालय में लंबित होने के कारण व 06 मामले जिसमें पक्षकारों में अभी मनमुटाव होने कारण उन्हें सोचने समझने का समय दिया गया है।

परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा निरन्तर आपसी मतभेद के कारण विघटन से बचाने का काफी सराहनी कार्य किया जा रहा है।

# आरोग्य मंदिर और पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

कस्बा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मोहम्मदी और पसगवां ब्लॉक पर बनाए गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर और पब्लिक हेल्थ यूनिट के शुभारंभ को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक/ पंचायती राज सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष गुप्ता रहे। संचालन डॉक्टर सुशील शुक्ला ने किया है।शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के साथ फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया है। चिकित्सा अधिकारी ने बताया 10 आयुष्मान मंदिर और एक पब्लिक हेल्थ यूनिट मोहम्मदी ब्लाक और 8 आयुष्मान मंदिर पसगवां ब्लॉक क्षेत्र में निर्मित किए गए हैं। मुख्य अतिथि ने सभी नवनिर्मित आरोग्य मंदिरों का शुभारंभ कर जनता को समर्पित होंगे। उन्होंने सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा शासन की मंशा के अनुरुप समाज के हर व्यक्ति को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं देने की योजना को धरातल पर उतारा जा रहा है जिससे किसी को इलाज के अभाव में जान न गवानी पड़े। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक मयंक मिश्रा, अश्वनी वर्मा और अतुल रस्तोगी, कमलेश वर्मा, मनोज गुप्ता, राममोहन रस्तोगी, सूरज, सुशील वर्मा, सुशील त्रिवेदी सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# भीरा-पलिया रेलवे लाइन के पास बाढ़ और रिसाव पर प्रशासन अलर्ट

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



बाढ़ की संभावनाओं को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड में है। शनिवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने भीरा-पलिया के बीच रेलवे लाइन के पास जलभराव व रिसाव को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर निगरानी बढ़ाने और तकनीकी उपायों को तत्काल अमल में लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ उप जिलाधिकारी पलिया रत्नाकर मिश्रा, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड इंजीनियर अजय कुमार, रेलवे विभाग के सब डिविजनल इंजीनियर, लोक निर्माण विभाग समेत कई तकनीकी और राजस्व विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने स्पष्ट कहा कि बाढ़ से निपटने के लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए। रेलवे महकमे के जिम्मेदार अफसरों को रेलवे ट्रैक और आस-पास की भूमि की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि जहां रिसाव की संभावना है, वहां तात्कालिक रूप से सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाए ताकि कोई जनहानि या व्यवधान न हो। उन्होंने कहा किबाढ़ की स्थिति में समय से पूर्व तैयारियां और विभागों के बीच समन्वय सबसे महत्वपूर्ण है। सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने दायित्वों का तत्परता से निर्वहन करें और आपदा प्रबंधन की रूपरेखा के अनुसार कार्य करें।

### चीनी मिल प्रबन्ध कमेटी की बैठक सम्पन्न, गौशाला निर्माण का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। शनिवार को पूरनपुर स्थित 'दि किसान सहकारी चीनी मिल्स' की प्रबन्ध कमेटी की बैठक जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की स्वीकृति सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार कर उन्हें पारित किया गया।इनमें मिल फार्म पर खड़े सागौन के वृक्षों की नीलामी, कबाड़ की नीलामी, अंशखंड वारिस सदस्य का चयन, किसान भवन एवं कैंटीन निर्माण के प्रस्ताव शामिल थे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिल की मरम्मत जल्द कर उसे सुचारु रूप से चालू किया जाए।प्रबन्धक व उपसभापति द्वारा जिलाधिकारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक के उपरांत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने भी एक वृक्ष लगाकर अभियान को सफल बनाने का संदेश दिया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने ग्राम हरसिंहपुर में निर्माणाधीन गौशाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# नेपाल में भारतीय मुद्रा लाने की मिली अनुमति

## नेपाल सरकार का निर्णयः 4.25 लाख भारतीय रुपये नेपाल में ला सकेंगे पर्यटक

- पर्यटन के साथ-साथ व्यापार को भी गति मिलेगी, इससे लोगो को मिली बड़ी राहत

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

भारतीय सीमा क्षेत्र से सटे पड़ोसी राष्ट्र नेपाल की वादियों का सौंदर्य भारतीय पर्यटकों को शुरू से ही आकर्षित करता रहा है। पर्यटन नेपाल की अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा स्रोत है और इसमें भारतीयों की भागीदारी सबसे अधिक रही है। भारत-नेपाल के मजबूत सांस्कृतिक और भौगोलिक संबंधों के कारण दोनों देशों के नागरिकों को यात्रा के लिए वीजा या पासपोर्ट की आवश्यकता नहीं होती, जिससे पर्यटकों की आवाजाही सहज रहती है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में नेपाल सरकार द्वारा भारतीय नागरिकों को केवल 25 हजार रुपये नकद साथ ले जाने की अनुमति देने के फैसले से पर्यटन उद्योग प्रभावित हुआ। नतीजतन, नेपाल आने वाले भारतीय पर्यटकों




की संख्या में गिरावट दर्ज की गई। अब नेपाल सरकार ने इस दिशा में बड़ा निर्णय लेते हुए नकद सीमा में बढ़ोतरी कर दी है।

### नेपाल कैबिनेट ने दी मंजूरी, नकद सीमा बढ़कर हुई 4.25 लाख

नेपाल के केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में उपप्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री विष्णु प्रसाद पौडेल ने घोषणा की कि अब भारत से नेपाल आने वाले पर्यटक अपने साथ 4 लाख 25 हजार रुपये तक नकद ले जा सकते हैं। सरकार के इस निर्णय से पर्यटन के साथ-साथ व्यापार को भी गति मिलेगी। हालांकि, यह स्पष्ट किया गया है कि रु.100 से ऊपर के भारतीय नोटों का चलन नेपाल में अभी भी प्रतिबंधित है। लेकिन नकद सीमा में वृद्धि से पर्यटकों को खरीदारी, होटल, चिकित्सा और अन्य सेवाओं का लाभ उठाने में सुविधा होगी।

### अमेरिकी डॉलर और विदेशी मुद्रा को लेकर भी नया प्रावधान

मंत्री पौडेल ने बताया कि अब हवाई या भूमि मार्ग से नेपाल आने वाले किसी भी यात्री को 5,000 अमेरिकी डॉलर या ट्रैवलर्स चेक तक लाने की अनुमति होगी। अगर कोई यात्री 6 लाख रुपये या इससे अधिक विदेशी मुद्रा लाता है तो उसे प्रवेश भंसार (कस्टम) कार्यालय में इसकी जानकारी लिखित रूप में देनी होगी।

### सीमावर्ती नागरिकों और व्यापारियों को राहत

नेपाल सरकार के इस फैसले से खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों को राहत मिलेगी। भारत के उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों से बड़ी संख्या में लोग नेपाल के अस्पतालों में इलाज और व्यापारिक गतिविधियों के लिए नियमित रूप से आते-जाते हैं। नकद सीमा बढ़ने से न सिर्फ इलाज के खर्चों में आसानी होगी, बल्कि व्यापारी वर्ग को भी अपने लेन-देन में राहत मिलेगी।

### पर्यटन उद्योग को मिलेगा नया जीवन

नेपाल सरकार का यह कदम न सिर्फ व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि इससे नेपाल का पर्यटन उद्योग भी फिर से पटरी पर लौटेगा। नकद की सीमा बढ़ने से भारतीय पर्यटक अब अधिक आत्मविश्वास के साथ नेपाल यात्रा कर सकेंगे, जिससे होटल, ट्रैवल एजेंसी, गाइड और अन्य स्थानीय व्यवसायों को भी लाभ होगा।

# बॉर्डर पर नशीली दवा की तस्करी नाकाम, दो नेपाली युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। सोनौली/महराजगंज

सोनौली सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में लाखों रुपये मूल्य की प्रतिबंधित नशीली दवाओं की तस्करी का प्रयास विफल कर दिया गया। शनिवार को संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बड़ी खेप के साथ दो नेपाली तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनौली कोतवाली क्षेत्र के फरेंदी तिवारी टोला तिलहवा के पास नेपाल की ओर जा रही एक संदिग्ध बाइक (बजाज डिस्कवर, रजिस्ट्रेशन संख्या लू 23 प 2063) को रोकने का प्रयास किया गया।

जवानों को देखते ही बाइक सवार दोनों युवक भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान क्रमशः भूपेन्द्र कुमार पाण्डे (23 वर्ष) नूर मोहम्मद नाऊ 22 वर्ष, दोनों निवासी वार्ड 4, शुद्धोधन गांवपालिका, जिला




कपिलवस्तु, नेपाल के रूप में हुई है। जांच में उनकी बाइक से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद हुई, जिनमें बुप्रेनॉरफिनः 190 एम्पुल, डायजेपामः 200 एम्पुल, प्रोमेथाजीन हाइड्रोक्लोराइड 200 एम्पुल शामिल है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इस संयुक्त कार्रवाई को सीमा पर बढ़ती तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस। ठूठीबारी/महराजगंज



ठूठीबारी थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव निवासी दिनेश यादव पुत्र कोमल यादव पुत्र (उम्र लगभग 43 वर्ष) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में लावारिस हालत में मिला। मृतक गोरखपुर में रहकर दिहाड़ी मजदूरी करता था।

मृतक के परिजनों के अनुसार उन्हें किसी अंजान मोबाइल नंबर से किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर शव की जानकारी दी। जब परिजन गोरखपुर पहुंचे, तो शव बीआरडी में रखा मिला, लेकिन उसकी मौत की स्पष्ट जानकारी किसी के पास नहीं थी।

मृतक के भाई ने बताया कि दिनेश पूरी तरह स्वस्थ था और अभी तीन दिन पूर्व ही परिवार के भरण पोषण के लिए दिहाड़ी मजदूरी करने गोरखपुर गया था। अचानक इस तरह से उसका शव मिलना संदेहजनक है। परिजनों ने प्रशासन से निष्पक्ष न्याय की मांग की है।

दिनेश के घर में उसकी पत्नी मंशा के अलावा तीन बच्चे अमित 16 वर्ष, गोल्डी 14 वर्ष, धीरज 10 वर्ष है। घटना की जानकी मिलते ही परिजनों में चीख चीत्कार मच गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है।

# छेड़छाड़ और जानलेवा हमला करने वाले चार गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। ठूठीबारी/महराजगंज

ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के जमुई कला में छेड़खानी का विरोध करने पर नाबालिग पीड़िता के परिजनों पर जानलेवा हमला करने वाले आठ नामजद लोगों में से चार अभियुक्तों में क्रमशः इमरान, अरमान, सलमान, इम्तियाज को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय हेतु चालान कर दिया। बताते चले कि बीते गुरुवार को नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का विरोध करने पर गैर समुदाय के कुछ युवकों ने पीड़िता के परिजनों पर जानलेवा हमला बोल दिया था, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे लेकिन आरोपित मौके से फरार हो गए। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लिखित तहरीर के आधार पर आठ नामजद आरोपियों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गए।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जन समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

जन एक्सप्रेस। सोनौलीध्महराजगंज

जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को नौतनवा तहसील परिसर में किया गया, जिसमें जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने आम जनता की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों का त्वरित निस्तारण कर राहत पहुंचाई। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 175 फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने बताया कि इनमें से कई मामलों का निस्तारण पर मौके ही कर दिया गया, जबकि अन्य प्रार्थना पत्र संबंधित विभागों को सौंपते हुए एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम संतोष कुमार शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए




कि शिकायतकर्ता की बात को गंभीरता से सुना जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राजस्व और भूमि विवादों की जांच मौके पर जाकर, शिकायतकर्ता की हाजिरी, हस्ताक्षर और फोटोग्राफ के साथ करने का आदेश भी दिया गया।

वहीं एसपी सोमेंद्र मीना ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए और अधिकारियों को संवेदनशीलता व तत्परता से कार्य करने की हिदायत दी। कार्यक्रम में एसडीएम नौतनवा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीओ नौतनवा, सभी थानाध्यक्ष, लेखपाल तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बताते चले कि समाधान दिवस की जानकारी मिलते ही सुबह से ही फरियादियों की भारी भीड़ तहसील परिसर में उमड़ पड़ी, जिससे कार्यक्रम की जनप्रियता और उपयोगिता का स्पष्ट प्रमाण मिला।

## यौन शोषण का आरोपी तीन साल से फरार

जन एक्सप्रेस। देवरिया

पुलिस के अनुसार, रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के कमधेनवा गांव निवासी रवि कुशवाहा का विवाह बरियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से वर्ष 2022 में तय हुआ था। विवाह से पहले ही दोनों में प्रेम संबंध था। आरोप है कि बरात से 15 दिन पहले उसने अचानक शादी से इन्कार कर दिया। रामपुर कारखाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रवि कुशवाहा और माता-पिता समेत आधा दर्जन लोगों पर धमकी देने, दहेज उत्पीड़न, धोखाधड़ी और यौन शोषण का केस दर्ज कर लिया।

केस दर्ज होने के बाद रवि कुशवाहा फरार हो गया। इंस्पेक्टर गोरखनाथ सरोज ने बताया कि आरोपी 24 जुलाई तक हाजिर नहीं हुआ तो फिर कुर्की की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# अध्यक्ष ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



जन एक्सप्रेस। सोनौली/महराजगंज

नगर पालिका अध्यक्ष बृजेश मणि त्रिपाठी एवं अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार सरोज ने शनिवार को नौतनवा नगर स्थित दोमुहान घाट पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर कई पौधे रोपे गए और आम जनमानस को हरित वातावरण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा पेड़-पौधे हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। जब तक पृथ्वी पर पेड़ों का अस्तित्व रहेगा, तब तक मानव सभ्यता भी सुरक्षित रहेगी। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। पौधारोपण कार्यक्रम में सभासद अनिल जायसवाल, अभय कुमार, राकेश जायसवाल, मदनलाल वर्मा समेत नगर पालिका के कई कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया।

## ग्रामीणों ने बाइक सवार को पुलिस को सौंपा

जन एक्सप्रेस। देवरिया

श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के बिहार बॉर्डर से पास झरही नदी के रास्ते हो रही शराब तस्करी की सूचना पर बृहस्पतिवार की रात करीब 10 बजे पुलिस पहुंचकर जांच में जुट गई। ग्रामीणों ने बाइक सवार तस्कर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। एसआई बलराम सिंह ने बताया कि मारपीट की सूचना पर पुलिस गई थी। गाड़ी की जांच कर युवक छोड़ दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बृहस्पतिवार की रात करीब 10 बजे बनकटा जगदीश चौराहे के पास से झरही नदी के रास्ते शराब की तस्करी हो रही थी। किसी ग्रामीण ने इसका विरोध किया तो तस्कर उससे उलझ गए। ग्रामीणों ने एक बाइक सवार को पकड़ कर डायल 112 को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। चर्चा है कि ग्रामीण गाड़ी व एक बिहार के युवक को पुलिस के हवाले कर दिया।

# हेलो! भाई दुबई में फंसा है...झांसा देकर ठग ने एक लाख रुपये ठगे

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

कॉल करने वाले शख्स ने कहा कि आपका भाई फंसा हुआ है। पुलिस ने उसे चारों तरफ से घेर रखा है। एक लाख रुपये नहीं दोगी तो उसका वीजा नहीं लग पाएगा। झांसे में आई शबाना ने उसके द्वारा बताए गए खाते में रुपये ट्रांसफर कर दिए।

गोला थानाक्षेत्र के बरईपुरा उर्फ पड़ौली निवासी शबाना से ठगी हो गई। जालसाज ने उनके भाई के दुबई में फंसे होना का झांसा देकर एक लाख रुपये ठग लिए। शबाना ने बताया कि बीते 23 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले शख्स ने कहा कि आपका भाई फंसा हुआ है।

पुलिस ने उसे चारों तरफ से घेर रखा है। एक लाख रुपये नहीं दोगी तो




उसका वीजा नहीं लग पाएगा। झांसे में आई शबाना ने उसके द्वारा बताए गए खाते में रुपये ट्रांसफर कर दिए। शातिर ने दोबारा कॉल कर जब टिकट के एवज में 95 हजार रुपये की मांग की तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। धमकी दी कि टिकट न लेने पर उसे तीन माह की जेल हो जाएगी। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत एसपी क्राइम ने की। थानाप्रभारी अंजुल चतुर्वेदी ने बताया कि मोबाइल व अकाउंट नंबर के आधार पर शातिर की तलाश की जा रही है।

# परिषदीय स्कूलों के विलय के विरोध में शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। देवरिया

परिषदीय विद्यालयों के विलय के विरोध में भलुअनी, बरहज और भागलपुर विकास खंड के शिक्षकों ने बकुची मिश्र में एकत्र होकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बरहज के विधायक दीपक मिश्र शाका को सौंपा। विधायक ने शिक्षकों की बात को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। शिक्षकों ने आदेश वापस नहीं लेने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के निर्देशानुसार शुक्रवार को तीनों ब्लॉक के शिक्षक और पदाधिकारी सुबह से बकुची मिश्र विधायक आवास पर एकत्रित होने लगे। भलुअनी ब्लॉक के अध्यक्ष विनोद मिश्र के नेतृत्व में



सभी शिक्षक विधायक से मिलकर उन्हें मांग पत्रों का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि सरकार मनमाने तरीके से विद्यालयों का विलय कर रही है। इससे गरीब बच्चों की शिक्षा बाधित हो जाएगी। भागलपुर के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील यादव ने कहा कि सरकार का यह निर्णय सब पढ़े-सब बढ़े के अभियान को रोकने का काम करेगा। शिक्षकों ने विधायक के गांव के गरीब बच्चों की पीड़ा से रूबरू कराया और विलय से होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराया। इस दौरान बरहज के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील यादव, दिगंबर तिवारी, भागलपुर मंत्री अरुण तिवारी, संपूर्णानंद पांडेय, दुर्गानंद दीक्षित, दीपक जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## रोडवेज परिसर के गड्ढों को भरा गया

जन एक्सप्रेस। देवरिया

देवरिया डिपो परिसर में जगह-जगह बने गड्ढों को भर दिया गया है। इससे यात्रियों को सहूलियत होने के साथ ही बसों की सेहत भी दुरुस्त रहेगी।

पिछले तीन माह से रोडवेज परिसर में जगह-जगह गड्ढे हो गए थे। बारिश होते ही परिसर में पहुंचने वाले यात्रियों को इससे दिक्कत हो रही थी, कई यात्री खासकर बुजुर्ग इसे परिसर में गिरकर घायल भी हो रहे थे। इसे लेकर यहां आने वाले रोडवेज के जिम्मेदारों को कोस रहे थे। बारिश को देखते हुए रोडवेज प्रशासन की ओर से इन गड्ढों में दो दिनों पूर्व गिट्टियां गिराकर इसे भरवाया गया है। डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राकेश पति त्रिपाठी ने शुक्रवार को बताया कि परिसर में गड्ढों में संबंध में यात्रियों ने शिकायत की थी। समस्या को देखते हुए इसमें गिट्टियां भरवाई गई हैं।

# सरैया डिस्टिलरी में पहुंची पंजाब विजिलेंस टीम, मजीठिया की संपत्तियों की जांच शुरू

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

पंजाब विजिलेंस टीम ने सरैया डिस्टिलरी पहुंचकर अकाली दल नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की संपत्तियों की जांच शुरू कर दी है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में मजीठिया पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। टीम डिस्टिलरी के पुराने रिकॉर्ड उत्पादन बिक्री और मालिकाना हिस्सेदारी से जुड़े दस्तावेजों की छानबीन कर रही है। मजीठिया परिवार का सरैया स्थित आवास बंद मिला। जांच रविवार को भी जारी रहने की संभावना है।

पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अकाली दल नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की संपत्तियों की जांच करने पंजाब विजिलेंस की छह सदस्यीय टीम शनिवार की दोपहर में सरैया डिस्टिलरी पहुंची।

आबकारी विभा के अधिकारियों संग टीम दस्तावेजों की छानबीन कर रही है।टीम के आने की अटकलबाजी शुक्रवार सुबह से ही चल रही थी।दोपहर दो बजे डिस्टिलरी पहुंची टीम की जांच देर शाम तक जारी रही।

सरैया डिस्टिलरी वर्ष 2022 से बंद पड़ी है,लेकिन बिक्रम सिंह मजीठिया की हिस्सेदारी और संपत्ति से जुड़े रिकार्ड की जांच करने विजिलेंस टीम दूसरी बार चंडीगढ़ से गोरखपुर आयी है। दोपहर में पहुंची टीम बंद होने से पूर्व डिस्टिलरी के उत्पादन, बिक्री, निकासी और मालिकाना हिस्सेदारी से जुड़े पुराने दस्तावेजों की जांच करने के साथ ही उसकी फोटो कापी भी कर रही है। टीम के आने की सूचना पर मजीठिया परिवार का सरैया स्थित आवास पर शुक्रवार से ही सन्नाटा है।शनिवार को यहां ताला बंद मिला। पहले भी हो चुकी है दस्तावेजी जांच करीब डेढ़ माह पहले पंजाब विजिलेंस की चार सदस्यीय टीम गोरखपुर पहुंची थी। उस समय टीम ने डिस्टिलरी के पुराने रिकार्ड की फोटो कापी कराई थी और वापस लौट गई थी। सरैया डिस्टिलरी के प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त आरएस चौधरी ने बताया कि शनिवार को आई टीम छानबीन कर रही है।

पंजाब सरकार की विजिलेंस टीम की यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के उसी मामले से जुड़ी है, जिसमें बिक्रम मजीठिया को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस केस में आरोप है कि मजीठिया ने अपनी आधिकारिक आय के मुकाबले कई गुना अधिक संपत्ति अर्जित की है, जिसमें गोरखपुर की सरैया डिस्टिलरी और शुगर मिल में कथित 11 प्रतिशत हिस्सेदारी की बात भी सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, विजिलेंस टीम रविवार को भी दस्तावेजी पड़ताल करेगी।

सरैया की इस जांच को लेकर एक बार फिर मजीठिया के गोरखपुर से जुड़ाव की गूंज पंजाब तक सुनाई दे रही है। अभी तक न तो टीम की ओर से और न ही स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है।

# बलरामपुर पुलिस ने चोरी गैंग का खुलासा करते हुए दो चोरों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में शनिवार को थाना तुलसीपुर पुलिस द्वारा एसओजी व सर्विलांस टीम के सहयोग से किया गया शातिर चोरों के गैंग का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही गिरफ्तार चोरों के कब्जे से चोरी की 02 मोटर साइकिल, 08 मोबाइल फोन व चोरी के जेवरात बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार 5 जुलाई को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर जनपद में हुई चोरियों की घटनाओं के अनावरण हेतु जनपद में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी तुलसीपर बृज नन्दन राय के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना तुलसीपुर संजय कुमार दूवे व उनकी टीम द्वारा संदिग्ध वाहनों तथा व्यक्तियों की सघन चेकिंग के दौरान बिलोहा तिराहे पर गुप्त सूचना मिली कि धंधरा गांव से मध्य नगर की ओर 02 संदिग्ध व्यक्ति मोटर साइकिल से आ रहे हैं । इस सूचना पर ग्राम चमर बोझिया कर्बला के पास पहुंचकर दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर नाम पता पूंछा गया तो अपना नाम केशव राम यादव पुत्र सुखराज यादव निवासी ग्राम धंधरा थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर व श्यामू यादव पुत्र लल्लन यादव निवासी ग्राम मनकौरा काशीराम थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर वर्तमान पता मोहल्ला कृष्णानगर थाना कृष्णानगर जिला कपिलवस्तु नेपाल राष्ट्र बताया गया। संदिग्ध प्रतीत होने पर गाड़ी के कागजात मांगने पर नही दिखा सके वाहन व्यक्ति की तलाशी ली गई तो मोटरसाइकिल की डिग्गी से 08 चोरी की मोबाइल तथा पकड़े गए व्यक्ति की जेब से पीली धातु का लाकेट बरामद हुआ गहनता से पूंछताछ की गई तो बताया गया कि यह मोटरसाइकिल, बरामद सभी मोबाइल व पीली धातु का जेवरात चोरी के है, जिसके मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पकड़े गए व्यक्तियों से गहन पूंछताछ की गई तो बताया कि गैंड़हवा



नकटी नाला के पास 01 और चोरी की मोटर साइकिल छिपा रखी है अभियुक्तों की निशानदेही पर मोटर साइकिल होण्डा साइन सीबी भी बरामद कर लिया गया, जिसके संबंध में थाना तुलसीपुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनो के अलावा हमारा एक और साथी भी है जिसका नाम रामू उर्फ राजेश कश्यप पुत्र मनोज कश्यप निवासी काशी राम कालोनी ब्लाक नं0 28 नौगढ़ थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर वर्तमान पता मोहल्ला कृष्णानगर थाना कृष्णानगर जिला कपिलवस्तु नेपाल राष्ट्र है हम तीनों साथ मिलकर घूम-घूम कर रेकी करते हैं और मौका देखकर मोटर साइकिल और मोबाइल चुरा लेते हैं। साथ ही सूनसान और बंद घरों में भी चोरी कर लेते हैं।

हम लोग चोरी के मामलों में कई बार जेल भी जा चुके हैं। जो मोटर साइकिल हम लोगो के पास से मिली है उसको हम तीनो लोगो ने मिलकर लगभग ढाई महीना पहले मेमोरियल अस्पताल से चोरी किया था और दूसरी मोटरसाइकिल को हम लोगों ने दिनांक 24 जून 2025 को बढ़नी बाजार से चोरी किया था। चोरी किए हुए मोटरसाइकिलों का असली नंबर फेंक देते है और नंबर बदलकर दूसरी नंबर प्लेट लगा लेते हैं । चोरों ने बताया कि हम तीनो लोगों ने ही मिलकर दिनांक 27/28 जून 2025 की रात्रि में बिलोहा तिराहे पर ही एक महिला जो अपने घर के बाहर सो रही थी उसके सिरहाने से VIVO मोबाइल फोन तथा उसके गले में पहने हुये लाकेट तथा उसके कान का टप्स चुरा लिया था तथा एक मोबाइल OPPO को हम तीनो ने आज से लगभग 2 माह पहले शीतलापुर तुलसीपुर स्थित एक नाई की दूकान से चुराया था। इसके अलावा हम लोगो के पास से जो मोबाइले मिली है उनको हम लोगो ने अलग अलग जगहों से चोरी किया है। स्थान व समय हम लोगो को याद नही आ रहा है। हम लोग भारत में मोबाइल व अन्य सामानो की चोरी करके अपने साथी रामू के माध्यम से नेपाल में अलीगढ़वा बार्डर के अन्दर ले जाकर ठीक-ठाक दामों पर बेच देते है, जो पैसा मिलता है उसे हम तीनों आपस में बांट लेते हैं।

# तहसील उतरौला में आयोजित हुआ जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस

## डीएम ने शिकायतों को सुनकर निस्तारण का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में तहसील उतरौला में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमे डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं कतिपय शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने का निर्देश संबंधित को दिया। भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा न हो, यह राजस्व अधिकारी व संबंधित विभाग



सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान तहसील तुलसीपुर एवं तहसील बलरामपुर में भी आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की शिकायतों/समस्याओं को संबंधित अधिकारियों द्वारा सुना गया एवं निस्तारण किया गया।

इस दौरान एसडीएम उतरौला राजेंद्र बहादुर, सीओ राघवेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे

# न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद में वन महोत्सव सप्ताह 'एक पेड़ मां के नाम के तहत शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश रीता कौशिक एवं न्यायिक अधिकारियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इसी अवसर पर साथी अभियान के अंतर्गत तहसील अकबरपुर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित हुआ, जिसमें निराश्रित बच्चों के आधार कार्ड पंजीकरण और उनके अधिकारों पर जानकारी दी गई। अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने बताया कि अभियान के तहत सड़क या देखभाल गृहों में रहने वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।शिविर में उपजिलाधिकारी डॉ. शशि शेखर,




तहसीलदार संतोश कुमार, जिला संरक्षण अधिकारी समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे। जन्म प्रमाण पत्र बनाने में नगर निकायों के सहयोग से सभी बच्चों के आधार कार्ड बनवाए जाएंगे ताकि कोई भी बच्चा सरकारी लाभ से वंचित न रहे।

# जनपद के सभी तहसीलों में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद के टांडा तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने मौके पर मौजूद रहकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनें और निष्पक्ष जांच कर निस्तारण करें। भूमि विवाद एवं अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व व पुलिस विभाग की




संयुक्त टीम बनाकर त्वरित स्थलीय निरीक्षण कराने के निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों और थानाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जमीन संबंधी विवादों को राजस्व विभाग के सहयोग से गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर कार्रवाई की जाए ताकि किसी भी पीड़ित को न्याय से वंचित न रहना पड़े।सम्पूर्ण समाधान दिवस में टांडा तहसील में कुल 66 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 5 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, शेष मामलों को सम्बन्धित विभागों को सौंप दिया गया है।इसी क्रम में जनपद की अन्य तहसीलों में भी समाधान दिवस आयोजित हुआ। तहसील आलापुर में अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता के समक्ष 127 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 15 का मौके पर निस्तारण हुआ। भीटी तहसील में 97 में से 5, अकबरपुर में 67 में से 5 और जलालपुर में कुल 142 में से 10 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरण सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल, सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए समेत सभी जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध वसूली करते रंगे हाथ पकड़ा गया युवक

## नगर आयुक्त के आदेश के बाद पार्किंग पर पूरी तरह रोक

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

संजय प्लेस क्षेत्र में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम की टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। निगम की कार्रवाई के दौरान एक युवक को वाहन चालकों से जबरन पैसा वसूलते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम इमरान पुत्र मोहम्मद चांद निवासी नाई की मंडी बताया। नगर निगम की टीम उक्त युवक को अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार के समक्ष कार्यालय में लेकर पहुंची, जहां इमरान ने अपनी गलती स्वीकारते हुए भविष्य में ऐसी गतिविधि न करने का आश्वासन दिया। इसके बाद निगम अधिकारियों ने चेतावनी देकर उसे छोड़ दिया।

गौरतलब है कि संजय प्लेस में लगातार हो रही पार्किंग अव्यवस्थाओं और अवैध वसूली की शिकायतों को लेकर शुक्रवार को नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने यहां संचालित सभी वाहन पार्किंग व्यवस्था को अग्रिम आदेश तक स्थगित करने के निर्देश दिए थे।

शनिवार को नगर निगम ने सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम के निर्देश पर संजय प्लेस क्षेत्र में मुनादी कराकर आम नागरिकों को यह जानकारी दी कि क्षेत्र में फिलहाल किसी भी तरह की पार्किंग सेवा वैध नहीं है और कोई भी व्यक्ति वाहन पार्किंग के नाम पर पैसा मांगता है तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

संजय प्लेस में पार्किंग को लेकर लगातार आ रही शिकायतों को देखते हुए अग्रिम आदेश तक सभी पार्किंग व्यवस्थाएं स्थगित कर दी गई हैं। यदि कोई व्यक्ति पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम की टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही है और जनता को भी जागरूक किया जा रहा है।

# पत्नी के उत्पीड़न से तंग आकर युवक ने की खुदखुशी

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में ससुराल वालों और पत्नी के उत्पीड़न से तंग आकर युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक के द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का वीडियो भी बनाया। युवक ने गले में फंदा डालकर अपनी पत्नी, सास-ससुर और अन्य पर प्रताड़ित कराने का आरोप लगाया। अपनी जायदाद से पत्नी को कुछ न देने की बात भी कही। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पवन विहार निवासी गौरव ने देर रात फंदे से लटककर जान दे दी। वह शादी पार्टियों में हलवाई का काम करता था। पिता दिनेश की 17 साल और मां की 9 साल पूर्व बीमारी के चलते मौत हो गई है। गौरव ने दिन रात मेहनत मजदूरी करके अपनी तीनों बहनों की शादी की थी, वहीं गौरव की शादी सात महीने पहले सादाबाद निवासी निशा से हुई थीं। आत्महत्या करने से पहले उसने पत्नी के दूसरे पुरुष से अवैध संबंध होने और ससुराल वालों की प्रताड़ना का गंभार आरोप लगाए है। वहीं, ससुरालीजनों ने दो दिन पहले सादाबाद थाने में तहरीर भी दी। दरोगा ने कई बार फोन करके भी गौरव को बुलाया था। वह डर की वजह से थाने नहीं पहुंचा। मृतक गौरव के जीजा दिनेश ने बताया कि उसकी पत्नी निशा आत्महत्या करके उसे जेल भिजवाने की धमकी देती थी। इसकी शिकायत मार्च में ट्रांस यमुना पुलिस से की, लेकिन पुलिस द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई थी। जिसके कारण वह रोजाना की गृह क्लेश के कारण वह अपनी पत्नी निशा को उसके मायके छोड़ आया। वहां से दिल्ली काम करने के लिए निकल गया। उसके बाद दरोगा के फोन आने पर गौरव ने देर रात लगभग 1 आगरा स्थित पवन बिहार में अपने घर पर वीडियो बनाकर फंदे से लटक गया। लोगों के बताया कि गौरव घर में अकेला था, सुबह उसके द्वारा फोन न उठाने पर जीजा उसके घर पर पहुंचा, गौरव को फंदे पर लटका देखकर गौरव के जीजा ने पुलिस को इसकी जानकारी दी।

# आरटीओ में काम कराने पहुंच रहे लोग हो रहे परेशान

## उत्तर प्रदेश शासन स्तर से 13 बाबुओं का पहले ही हो चुका है ट्रांसफर

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

संभागीय परिवहन कार्यालय में बाबूओं के न बैठने से कार्य कराने पहुंच रहे लोग परेशान है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन का अतिरिक्त चार्जभार भी एआरटीओ प्रवर्तन संभाल रहे है। एआरटीओ प्रशासन और बाबूओं के न होने से लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित संभागीय परिवहन कार्यालय में एआरटीओ प्रशासन एनसी शर्मा का 15 जून को आगरा से उन्नाव ट्रांसफर हो चुका है। उनके स्थान पर अभी तक किसी की नियुक्ती नहीं हो पाई है। एआरटीओ प्रवर्तन ललित कुमार एआरटीओ प्रशासन का भी अतिरिक्त चार्ज भार संभाल रहे है। वहीं कार्यालय तैनात 23 बाबुओं में से 13 बाबुओं का ट्रांसफर हो चुका है। अब उनके स्थान पर 6 बाबू आगरा कार्यालय पहुंचे है।




विभाग सूत्रों की माने तो इनमें से किसी ने भी अभी तक अपना चार्ज भार ग्रहण नहीं किया है। जिसके चलते विभाग में कार्य कराने पहुंच रहे लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक पीड़ित व्यक्ति ने नाम न बताते हुए कहा कि बाबूओं के सीट पर उपस्थित न होने से उन्हें विभाग के कई चक्कर लगाने पडें है। फिर भी उनका काम पिछले 15 दिनों से अधूरा पड़ा हुआ है। मामले में एआरटीओ ललित कुमार ने बताया कि बाबूओं की कमी के चलते काम में देरी तो हो रही है। लेकिन किसी का काम नहीं रुका है।

लोगों की सहूलियत के लिए लगवाया था पूछताछ केंद्र पूर्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन एनसी शर्मा द्वारा लोगों की सहायता के लिए कार्यालय में पूछताछ केंद्र बनवाया गया था। पूछताछ केंद्र में प्रतिदिन दो बाबूओं की ड्यूटी निर्धारित की गई थी। जिसकी सूची पूछताछ केंद्र पर बाबू के नाम सहित उनके मोबाइल नंबर अंकित किए गए थे। जिससे कोई भी पीड़ित व्यक्ति पूछताछ केंद्र पर बाबूओं से संपर्क करने के बाद कार्यालय में पहुंचकर संबंधित बाबू से अपना काम आसानी से करा लेता था।

# स्कूल में छात्र को थप्पड़ मारने वाला डेयरी संचालक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

शहर के प्रतिष्ठित सेंट क्लेयर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल में हुए छात्र से मारपीट मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए कार्रवाई की है। स्कूल परिसर में एक छात्र को थप्पड़ मारने वाले डेयरी संचालक गौरव और उसके सहयोगी सौरभ को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बतादें कि स्कूल की छुट्टी के वक्त लगभग दोपहर के दो बजे छात्र की स्कूटी स्कूल के बाहर खड़ी एक बाइक से टकरा गई थी, जिसे लेकर गौरव और छात्र के बीच कहासुनी शुरू हो गई। मामले ने तूल तब पकड़ा जब दोनों को शांत कराने के बाद प्रिंसिपल कार्यालय के बाहर वेटिंग एरिया में बैठाया गया, वहां गौरव ने छात्र को थप्पड़ मार दिया।

ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जो स्कूल प्रशासन द्वारा पुलिस को सौंपा गया। प्रिंसिपल फादर सन्नी कोट्टूर कुरुविला की शिकायत पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज करते हुए छात्र का मेडिकल परीक्षण भी कराया है।

# बाज़ार में वैल्यू के हिसाब से सबसे आगे बना ली जगह

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

महिंद्रा की इलेक्ट्रिक एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) इलेक्ट्रिक ओरिजिन ने भारत के ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) बाज़ार में वैल्यू के हिसाब से सबसे आगे जगह बना ली है। ग्राहकों के जबरदस्त भरोसे और उत्साह के कारण, देश भर में हर 10 मिनट में एक महिंद्रा इलेक्ट्रिक एसयूवी बिक रही है।

इस शानदार रफ्तार को जारी रखते हुए, महिंद्रा अपनी दमदार बीई 6 और एक्सईवी 9ई इलेक्ट्रिक एसयूवी के पैक टू मॉडल की डिलीवरी जुलाई के अंत से शुरू कर रही है। इनकी आकर्षक शुरुआती कीमत रुपए 21.90 लाख है। ग्राहकों की ज़बरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए, पैक टू में अब 59 किलोवाट घंटा बैटरी विकल्प के साथ एक नया 79 किलोवाट घंटा बैटरी विकल्प भी मिलेगा। इससे ये गाड़ियां शहर में असल में क्रमशः 500 किलोमीटर और 400 किलोमीटर तक चल पाएंगी। दोनों बैटरी विकल्पों में महिंद्रा की आधुनिक टेक्नोलॉजी का पूरा सूट (सेट) मिलेगा। इसमें 16-स्पीकर वाला हरमन कार्डन साउंड सिस्टम (डॉल्बी एटमॉस के साथ), एक पूरी ग्लास रूफ (कांच की छत), लेवल 2 एडीएएस (एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम), एक्सईवी 9ई में ट्रिपल-स्क्रीन वाइड सिनेमास्कोप, और बीई 6 में रेस-रेडी डिजिटल कॉकपिट शामिल है। ये सब मिलकर इनोवेशन, सुरक्षा और आधुनिक लक्ज़री का बेहतरीन मेल बनाते हैं। इसके अलावा, महिंद्रा बीई 6 पैक टू को पैक थ्री वाले प्रीमियम सेज लेदरेट इंटीरियर्स (कृत्रिम चमड़े की अंदरूनी सजावट) से और भी बेहतर बना रही है। इसके साथ केबिन (अंदरूनी हिस्से) को और भी खुला और शानदार दिखाने के लिए एक सुंदर आइवरी रूफ फिनिश (छत का ऊपरी हिस्सा) भी मिलेगा।

## सपा नेता पर हुए हमले ने सभी को चौंकाया

# चेयरमैनी चुनाव की दुश्मनी खूनी रंजिश में बदली

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

तीन बार से लगातार सपा नेता मो.आरिफ पर हमले की खबर ने सभी को चौंका दिया है। एक ही सवाल उछला कि आखिर निर्विवाद छवि व सभ्य व्यवहार वाले नेता पर हमला किसने व क्यों किया होगा। मगर जब खुद मो.आरिफ ने पुलिस को बताया कि चेयरमैनी में भाजपा के टिकट पर चुनाव हारने वाला पक्ष उनसे खुन्नस रखता है।अब ताजा एक सड़क के विवाद ने यह खूनी रंजिश का रूप लिया है। दस दिन पहले भी तनातनी हुई थी। मगर उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। आज इसी का परिणाम है कि उन पर हमला हुआ है। एसपी देहात अमृत जैन के अनुसार घायल चेयरमैन पति मो.आरिफ से अब तक हुई बातचीत,परिवार से पूछताछ व घटनास्थल पर हुई जांच में काफी कुछ उजागर हुआ है। ताजा विवाद में स्पष्ट हुआ है कि जिस पक्ष पर हमले का आरोप है, उस पक्ष के पुराने घर के सामने से नगर पंचायत द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। पूरी सड़क बन गई। बस आरोपी पक्ष के घर के सामने बीस मीटर टुकड़े का निर्माण रह गया है। इसका कारण है कि आरोपी पक्ष के मकान की छजली व चबूतरे को चढ़ने वाली सीढ़ी निकल रही हैं। जिसके कारण सड़क नहीं बन पा रही। करीब दस दिन पहले मो.आरिफ ने जब आरोपी पक्ष से सडक न बनने देने पर ऐतराज जताया तो उनमें कुछ विवाद हुआ था। अब उसी खुन्नस में यह हमला होना स्पष्ट हो रहा है।2023 में हुए निकाय चुनाव में खुद आरिफ की पत्नी निर्दल पहले स्थान पर रहीं,जबकि उनके सामने सलमा नाम की महिला दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि भाजपा से जमीला खातून तीसरे स्थान पर रहकर जमानत भी न बचा सकीं। मगर जमीला का परिवार भाजपा से जुड़ गया। सत्ताधारी नेताओं संग रहने के चलते कस्बे में आए दिन रंगबाजी दिखाने लगा। कस्बे के एक पेशेवर अपराधी पर पिछले दिनों पुलिस ने कार्रवाई की। उसमें भी आरिफ के इशारे पर कार्रवाई होना माना गया। नगर पंचायत के कार्यों में विवाद पनपाए गए। ये भी विवाद के कुछ कारण रहे। मगर अब नए विवाद में हमला प्लान कर लिया गया।मो.आरिफ खुद संपन्न परिवार से आते हैं। सियासत में सक्रिय रहने के चलते उन पर खुद के लाइसेंसी हथियार भी हैं। दस दिन पहले हुए विवाद के बाद उनके पास किसी न किसी खुराफात की खबरें भी आ रही थीं। मगर उनका मानना था कि इतनी हिमाकत शायद न करें। मगर आरोपी दस दिन से प्लानिंग बना रहे थे। आज जब आरिफ बिना हथियार के कस्बे में दावत खाने निकले तो आरोपियों को अवसर मिल गया। उन्होंने घटना को अंजाम दे दिया।

# किराये के कमरे में रह रही युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

थाना महुआ खेड़ा क्षेत्र के बघेल नगर के एक मकान में एक युवक के संग लिव-इन में रह रही युवती की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। गुरुवार को उसका शव किराये के कमरे में पड़ा मिला।उसके साथ रहने वाला युवक गायब था। मकान स्वामी की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिवार की ओर से देर रात तक कोई आरोप नहीं लगाया गया।युवती एक युवक के साथ किराये के कमरे में लिव इन में रहती थी। वह युवक वहां से गायब हो गया। युवती का शव कमरेमें पड़ा मिला। पोस्टमार्टम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवती की मृत्यु गला दबाए जाने के कारण हुई। गला अंदर की ओर फटा पाया गया है।मूल रूप से बिहार की पुष्पा देवी धनीपुर में किराये पर रहती हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में उनकी शादी खुर्जा के श्रीचंद्र से हुई। उससे पांच बच्चे हुए। श्रीचंद्र की मृत्यु के बाद उसने तालानगरी में मजदूरी करने वाले राजवीर सिंह से दूसरी शादी कर ली। उसकी बड़ी बेटी ज्योति 26 वर्षीय छह माह से कृष्णा नाम के युवक संग बघेल नगर में तोताराम के मकान में किराये पर लिव-इन में रह रही थी। गुरुवार सुबह उसका शव कमरे में मिला। परिवार ने पोस्टमार्टम से भी इन्कार कर दिया, लेकिन उसकी आंख व कंधे पर चोट के चलते पुलिस ने मजिस्ट्रेट निगरानी में वीडियोग्राफी के बीच पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा।युवती के साथ रहने वाले युवक के विषय में पता चला कि वह पूर्व में बन्नादेवी में चोरी में जेल गया था। घटना के बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिला।इधर, पोस्टमार्टम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवती की मृत्यु गला दबाए जाने के कारण हुई।गला अंदर की ओर फटा पाया गया है।एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक के अनुसार मृत्यु पर संदेह चोटों के आधार पर था। इसीलिए पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी सामने नहीं आई है।

# विद्यालय मर्ज के विरोध में सभी ब्लाकों पर शिक्षकों का हल्ला-बोल प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

- सरकार स्कूल मर्ज करके बच्चो को शिक्षा के अधिकार से वंचित कर रही है- राघवेंद्र सिंह
- 7 जुलाई को जिले के सभी शिक्षक जिला मुख्यालय पर करेंगे प्रदर्शन- अभय सिंह यादव

जन एक्सप्रेस। बस्ती

सरकार के स्कूल बंद करने के निर्णय पर लगातार विरोध जारी है। शनिवार को जिले के सभी ब्लाकों पर शिक्षक और शिक्षक संगठन द्वारा स्कूल मार्च के विरोध में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। विकास खंड बनकटी ब्लाक अध्यक्ष अभय सिंह यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन करते हुए विद्यालय मर्जर करने आदेश को वापस लेने की मांग किया।

खंड विकास अधिकारी बनकटी और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंप कर विद्यालय मर्ज करने का आदेश वापस लेने की मांग किया गया। ज्ञापन देने के बाद जिला कोषाध्यक्ष एवं बनकटी ब्लाक अध्यक्ष अभय सिंह यादव ने कहा कि जब तक विद्यालयों को मर्जर आदेश वापस नहीं होगा तब तक आंदोलन रहेगा जारी रहेगा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मंत्री चंद्रशेखर शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष मोहम्मद इकबाल, दुर्गेश राव रामचंद्र शुक्ल, रामरेखा चौधरी, मारूफ खान, राम अक्षैबर चौधरी, सौरभ तिवारी, रवि प्रताप सिंह, मंजेश राजभर, नवीन चौधरी, जयप्रकाश शुक्ला आदित्यनाथ त्रिपाठी, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से ओम प्रकाश,मोहम्मद याकूब, अखिलेश चौधरी, विजय कुमार, अखिलेश मिश्रा, अजय भारती, प्रदीप चौधरी, अनूप सिंह, प्रधान संघ के ब्लॉक महामंत्री यशपाल, अनीता, सुप्रिया उपाध्याय, अंजना,अंकिता सिंह, लीलावती चौधरी, दिशा अरोरा, प्रियंका, बंदना, सुनीता चौधरी, कुरैशा, सबी फातमा, सुधा, गौरव सिंह, सिद्धेश चतुर्वेदी, अमित कुमार, अभिनव उपाध्याय, चंदन पांडेय, बिंद्रेस चौधरी, उत्कर्ष मिश्रा, सुभावन वर्मा, शिवाकांत पांडेय, केएल विश्वकर्मा, बृजेश त्रिपाठी, राम मूरत चौधरी, उमेश चंद्र पाल, प्रभात पांडे, ऋचा पांडे, अशोक वर्मा, गीता गौतम, सूरज पाण्डेय, अमित वर्मा दीपक भारती, ध्रुव चंद्र चौधरी, राम मूरत चौधरी, महेश चंद्र, बद्रुनिशा, कैसर जहां, मधु, मंजु देवी, सौम्या गुप्ता सहित सैकड़ों शिक्षक का शामिल रहे।



साउंघाट ब्लॉक- ज्ञापन सौंपते जिला मंत्री राघवेंद्र सिंह व उनकी टीम




बनकटी- बनकटी ब्लाक अध्यक्ष अभय सिंह यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन करते शिक्षक

### ज़्जिलामंत्री राघवेंद्र सिंह व अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में साउंघाट ब्लॉक शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

साउंघाट ब्लॉक पर स्कूल मर्ज के विरोध में जिला मंत्री राघवेंद्र सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में शिक्षकों ने जोरदार प्रदर्शन सरकार व अधिकारियों को सचेत किया कि अगर मर्जर के फैसले को रद्द नहीं किया गया। तो शिक्षक संगठन जिले से लेकर पूरे प्रदेश में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिला मंत्री राघवेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यालयों को मर्जर करने के आदेश से शिक्षक, छात्र,अभिभावक हैरान, परेशान है। वही ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने सरकार के इस फैसले पर कड़ा विरोध करते हुए कहा कि सरकार बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित कर रहा है।

### ज़्गौर में राजकुमार सिंह व बहादुरपुर में रीता शुक्ला के नेतृत्व में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

गौर ब्लाक में स्कूल मर्ज के विरोध में जिला संयुक्त मंत्री व ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह के अगुवाई में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। जिला संयुक्त मंत्री ने कहा कि सरकार के तानाशाही फैसले गरीब शोषित मजदूर के बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित रह जाएंगे। वही बहादुरपुर ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष रीता शुक्ला जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ला जिला संगठन मंत्री आशुतोष पाण्डेय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के जिला अध्यक्ष अंबिका पाण्डेय सभी ने एक स्वर में सरकार के इस तानाशाही मनमाने फैसले कड़ा विरोध करते हुए कहा कि सरकार मर्ज के फैसले को तत्काल रद्द करें अन्यथा शिक्षक संगठन आंदोलन को बाध्य होंगे। जिले के सभी ब्लॉक पर ब्लॉक अध्यक्षों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

### ज़्ब्लाक अध्यक्ष सन्तोष शुक्ल के नेतृत्व में मर्ज के विरोध में बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश संगठन के निर्देश पर विकासखण्ड हर्रैया के ब्लाक अध्यक्ष सन्तोष कुमार शुक्ल के नेतृत्व में शिक्षकों ने शनिवार को प्रदर्शन करते हुए बीडीओ विजय कुमार द्विवेदी और बीईओ विजय आनन्द को ज्ञापन सौंपकर विद्यालय पेयरिंग आदेश को वापस लेने की मांग किया। ज्ञापन देने के बाद ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि सरकार का विद्यालय बंद करके दूसरे में मर्ज करन१
I एकदम अव्यावहारिक है।

# प्रयागराज-जौनपुर मार्ग पर मुंगराबादशाहपुर में जाम से मिलेगी मुक्ति, जल्द बनाया जाएगा बाईपास

**प्रयागराज**
जौनपुर मार्ग पर मुंगराबादशाहपुर में जाम से मिलेगी मुक्ति, जल्द बनाया जाएगा बाईपास

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

प्रयागराज से जौनपुर का सड़क मार्ग से सफर करने में अब आपको परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। इस रूट पर वाहन चालकों के लिए अच्छी खबर है। प्रयागराज की सीमा पर स्थित मुंगराबादशाहपुर में कोदहूं से नौवादांडी बाईपास बनाने की कवायद शुरू हो गई है।

### 4,500 मीटर बाईपास को टेंडर प्रक्रिया एनएचएआई ने पूरी की

इस बाईपास के बन जाने के बाद मुंगरा बादशाहपुर में लगने वाले जाम से वाहन चालकों को जल्द ही छुटकारा मिल जाएगी। 4,500 मीटर बाईपास बनाने के लिए टेंडर की प्रक्रिया राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ह्लद्ध) की ओर से पूरी कर ली गई है। एक माह में बाईपास बनाने का काम शुरू हो जाएगा।

### मिलेगा जाम से छुटकारा

प्रयागराज से गोरखपुर मार्ग वाया जौनपुर, आजमगढ़ मुंगराबादशाहपुर में रेलवे क्रासिंग बंद हो जाने से दो और चार पहिया वाहन सवार लोगों को जाम से परेशान होना पड़ता है। जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए टू लेन बाईपास का निर्माण किए जाने की मांग कई वर्षों से की जा रही थी। जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मंजूरी मिल गई है।

### 90 करोड़ रुपये आएगी लागत

90 करोड़ रुपये की लागत से बाइपास का निर्माण किया जाएगा। डेढ़ वर्ष में बाईपास का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।
बाईपास बनाने के लिए लगभग 800 काश्तकारों से 15 हेक्टेयर जमीन का अधिगृहण किया गया है।

### 20 से 25 हजार लोगों को मिलेगी राहत

ह्लद्ध के एक अधिकारी ने बताया कि प्रयागराज से मुंगराबादशाहपुर,जौनपुर में बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन दो पहिया और चार पहिया वाहनों से होता है।
इसके अलावा क्षेत्रीय नागरिक भी ऐसे ही वाहनों से आते-जाते हैं। इस रूट से लगभग 20 से 25 हजार लोगों को आवागमन प्रतिदिन होता है।

### ह्र ॥द्ध के प्रबंधक बोले- 18 माह में पूरा हो बाईपास निर्माण

एनएचएआइ के प्रबंधक आयुष तिवारी ने बताया कि बाईपास बनाने का टेंडर डीएमआर प्राइवेट लिमिटेड बिल्डर्स को मिला है।
निर्माण शुरू होने के 18 माह में निर्माण पूरा किया जाएगा।

### जाम से निजात के लिए फूलपुर में बनाया जाएगा नया बाईपास

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) प्रयागराज में एक नया बाईपास बनाने की तैयारियों में जुट गया है। प्राधिकरण की प्रयागराज शाखा ने फूलपुर में बाईपास बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए विभागीय स्तर पर सर्वे का कार्य भी शुरू किया जा चुका है। दो से तीन महीने में इसकी पूरी कार्ययोजना बनाकर सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय को भेजने की योजना भी बनाई गई है। प्रयागराज से जौनपुर जाने के लिए फूलपुर बाजार में अक्सर भीषण जाम की समस्या देखी जाती है। इससे निजात दिलाने के लिए कुम्भ 2019 के पहले रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर आठ सौ मीटर का रेलवे ओवर ब्रिज सेतु निगम की ओर से बनाया गया था। फिर भी ब्रिज पर घंटों जाम लगाता है। प्राधिकरण की प्रयागराज इकाई ने बाईपास बनाने के लिए मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा था, जिसे स्वीकृति मिल चुकी है। अधिकारियों ने पिछले दस दिनों से सर्वे का कार्य शुरू किया है। सर्वे में यह देखा जा रहा है कि फूलपुर बाजार के बाहर से पांच किमी के बाईपास के लिए कितनी जमीन का अधिग्रहण किया जाए, उसे जौनपुर की ओर ले जाने के लिए कहां पर उतारा जाए, किसानों को जमीन के अनुसार क्या मुआवजा दिया जाएगा व कितने गांव प्रभावित होंगे। सर्वे कार्य अधिकतम तीन महीने तक चलेगा।

# स्कूल बंद के विरोध में समाजवादियों का हल्ला-बोल, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

- स्कूल बंद हुये तो शिक्षा से वंचित हो जायेंगे गरीबों के बच्चे- महेन्द्रनाथ यादव

जन एक्सप्रेस। बस्ती

उत्तर प्रदेश में कम छात्र वाले प्राथमिक स्कूल को मर्ज किए जाने को लेकर राजनीतिक दलों ने योगी सरकार को घेर लिया है।
शनिवार को समाजवादी पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ के नेतृत्व में परिषदीय विद्यालयो को जबरिया युग्मन किये जाने के विरोध में जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। 10 सूत्रीय मांग पत्र में कहा गया है कि विद्यालयों को बंद करने का निर्णय बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय और शिक्षा के अधिकार अधिनियम का खुला उल्लंघन है। सरकार शिक्षा विरोधी इस निर्णय को तत्काल प्रभाव से वापस ले। न्याय मार्ग पर एकत्र समाजवादी नेता सरकार विरोधी नारा लगाते हुये डीएम कार्यालय तक पहुंचे और मांग किया कि सरकार विद्यालयों को बंद करने का अपना निर्णय वापस ले।
ज्ञापन देने के बाद सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ ने कहा कि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार गरीब बच्चों से शिक्षा का अवसर भी छीन लेना चाहती है। सरकार का उद्देश्य निजीकरण को बढावा देना है। इससे गरीब परिवारों के छात्र शिक्षा से ही वंचित हो जायेंगे। मांग किया कि सरकार शिक्षा विरोधी इस निर्णय को तत्काल वापस ले।
विधायक राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, कविन्द्र चौधरी अतुल, वरिष्ठ नेता चन्द्रभूषण मिश्र, प्रवीण पाठक मो. स्वालेह, पूर्व जिलाध्यक्ष राजाराम यादव, जावेद पिण्डारी, मो.सलीम, अरविन्द सोनकर, आर.डी.निषाद, गुलाब सोनकर, देवेन्द्र श्रीवास्तव, गीता भारती आदि ने एक स्वर से कहा कि प्रदेश की योगी आदित्नाथ सरकार अपने तुगलकी शिक्षा विरोधी आदेश को तत्काल वापस ले।



# कोतवाली पुलिस पर स्थगन आदेश के बावजूद भी निर्माण कराने का आरोप

जन एक्सप्रेस। बस्ती

न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद कोतवाली थाना क्षेत्र के भद्रेश्वरनाथ गांव में पुलिस संरक्षण में जबरिया निर्माण कराये जाने का मामला सामने आया है। इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी सदर ने भी शहर कोतवाल को निर्माण कार्य रोके जाने का निर्देश दिया इसके बावजूद पुलिस निर्देशों को मानने से इंकार कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र के भद्रेश्वरनाथ निवासी दशरथ पुत्र स्वर्गीय राजकिशोर ने कोतवाली पुलिस पर यह गंभीर आरोप लगाते हुये बताया कि जमीन को लेकर गांव के हरि प्रसाद पुत्र स्वगीय शीतला प्रसाद से मुकदमा चल रहा है जो विचाराधीन है। न्यायालय ने स्थगन आदेश भी रखा है इसके बावूजद हरि प्रसाद कोतवाली पुलिस को अपने पक्ष में करके जबरिया मकान निर्माण कराने की कोशिश कर रहे हैं।
भद्रेश्वरनाथ निवासी दशरथ पुत्र स्वर्गीय राजकिशोर ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुये कहा है कि कोतवाली पुलिस उन्हें कोतवाली में ले गई है और विपक्षी निरन्तर मकान का निर्माण करा रहे हैं। पुलिस न्यायालय और उप जिलाधिकारी सदर के आदेश को भी मानने सें इंकार कर रही है। दशरथ के पुत्र प्रिन्स गोस्वामी ने मांग किया कि अवैध निर्माण रोके जाने के साथ ही उनके परिवार के जान माल की सुरक्षा भी कराया जाय। दबंग विपक्षी पुलिस से मिलकर किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं।



# शाहगंज के शिक्षकों ने मंत्री सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा एवं जिला अध्यक्ष अरविन्द शुक्ला के आह्वान पर आज उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक शाहगंज इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे माननीय मंत्री खेल एवं युवा कल्याण(स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव कों विद्यालय मर्जर के आदेश के विरोध में ज्ञापन सौपा गया। मंत्री द्वारा आश्वास्त किया गया कि कोई भी विद्यालय बंद नहीं किया जायेगा। संवाददाता से बातचीत में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत मिश्र ने कहा कि यह नीति गरीब छात्रों को शिक्षा से वंचित कर देगी एवं रसोइयों पर जीविकोपार्जन का संकट आ जायेगा।संगठन इसके विरोध में कमर कस चुका है। अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह रानू, कोषाध्यक्ष दयाशंकर यादव, मंत्री पंकज सिंह संगठन मंत्री राजमणि यादव, अखिलेश कुमार, अरशद कमाल इत्यादि लोग उपस्थित है।

# पेशे की नैतिकता को आत्मसात करें विधि छात्र: कुलपति

- करियर निर्माण हेतु व्यावहारिक प्रशिक्षण जरूरी -आदित्य परोलिय पीयू में कॉरपोरेट विधि卐 पर एक दिवसीय आनलाइन कार्यशाला

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान द्वारा कॉरपोरेट विधि का परिचय- विधि छात्रों के लिए क्षेत्र एवं करियर संभावनाएँ विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ.देवराज सिंह द्वारा प्रतिभागियों के स्वागत एवं विषय प्रवर्तन करते हुए किया गया। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट विधि का ज्ञान विधि छात्रों के लिए अत्यंत आवश्यक है। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कॉरपोरेट विधि की बढ़ती वैश्विक प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए विधि छात्रों को व्यावहारिक कौशल, अनुसंधान क्षमता और पेशे की नैतिकता को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता मुंबई के स्वतंत्र विधि सलाहकार आदित्य परोलिया ने कॉरपोरेट विधि की अवधारणाओं, कंपनी संचालन, निवेश ढांचे एवं विधिक उत्तरदायित्वों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विधि छात्रों को इस क्षेत्र में करियर निर्माण हेतु अनुशासन और व्यावहारिक प्रशिक्षण पर विशेष बल देने को कहा। इस ऑनलाइन कार्यशाला में विश्वविद्यालय एवं उसके अधीनस्थ विधि महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं व प्राध्यापकों ने गूगल मीट के माध्यम से सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में वक्ता का परिचय डॉ. वनीता सिंह ने संचालन प्रगति सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रियंका सिंह ने किया। तकनीकी सहयोग सूरज सोनकर, जीशान अली एवं डॉ.शुभम सिंह ने प्रदान किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राजन तिवारी ने आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।

# चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

गौराबादशाहपुर पुलिस ने शनिवार को चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी का चालान न्यायालय भेज दिया है।
लेकिन इस पूरे गिरोह का मुख्य सरगना जो इलाके में चोरी की बड़ी-बड़ी वारदातों को अंजाम दिलाता है। वह अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है । हालांकि पुलिस ने दावा किया कि वह भी बहुत जल्द शिकंजे में होगा। मगर इलाके की जनता मुख्य सरगना की गिरफ्तारी का इंतजार कर रही है।
थाना के उपनिरीक्षक अरविंद यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर नयनसंड मैरादखान पुल के पास से सूरज यादव पुत्र बैधराज यादव निवासी कुरेथू थाना गौराबादशाहपुर, कपिल गौतम पुत्र महेन्द्र गौतम निवासी छब्बीलेपुर थाना सरायख्वाजा, गगन पुत्र ओमप्रकाश निवासी कबीरुद्दीनपुर थाना गौराबादशाहपुर को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से सुपर स्पलेन्डर क्क20669, ॥स्र डिलक्स क्क62ङ्ग4327, और स्पलेन्डर क्क0ष्टरु1718 तीन मोटरसाइकिल बरामद की गई। जो की चोरी की है। पुलिस ने बताया कि तीनों ने मिलकर एक बाइक ग्राम ढेरापुर थाना बक्शा से दूसरा झांसेपुर बारात से और तीसरा ग्राम उदियासन से चुराया था। पुलिस के अनुसार यह सभी शातिर चोर हैं

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर डम्फर दौड़ने से व्यापारी भड़के

- कल्याणपुर बाजार में व्यापारियों ने मिट्टी ढुलाई के काम का विरोध कर किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जफराबाद क्षेत्र के कल्याणपुर बाजार में शनिवार को व्यापारियों ने बाजार में दिनों रात ओवरलोड मिट्टी लदे ट्रैक्टरों व डंफरो के चलने को लेकर बाजार में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।
उनका कहना है कि इससे सड़क तो पूरी तरह से ध्वस्त हो रही है। तेज रफ्तार से बाजार में दौड़ रही इन गाड़ियों से आए दिन एक्सीडेंट हो रहे। बरसात के इन दिनों में ट्रैक्टर से सड़कों पर गिर रही मिट्टी दो पहिया वाहन चालकों के लिए मौत का सबब बन गई है। व्यापारियों ने जिला प्रशासन से मांग किया कि इस तरह की आवाजाही पूरी तरह से बंध किया जाए नहीं तो किसी दिन बड़े हादसे हो सकते हैं। दरअसल जफराबाद रेलवे स्टेशन से जौनपुर जंक्शन तक एक और रेलवे लाइन के बनाने का काम चल रहा है।ऊक्त कार्य के लिए सुंगुलपुर गांव से मिट्टी ले जाने का काम चल रहा है। कल्याणपुर बाजार से प्रतिदिन करीब 200 डंपर और 200 से अधिक ट्रैक्टर ओवरलोड मिट्टी लादकर निकलते हैं। एक घंटे में 20 से ज्यादा डंपर और करीब 20 ट्रैक्टर का आवागमन होता है। व्यापारियों का कहना है कि वाहनों की तेज रफ्तार से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कुछ ट्रैक्टर चालक तो बिना लाइसेंस के है। ऊक्त वाहनों से ओवरलोडिंग की वजह से सड़कों पर मिट्टी गिरती है। दिनभर उड़ती धूल से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। इससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। बरसात होते ही वही मिट्टी बाइक आदि के लिए खतरनाक बन गयी है।
प्रदर्शन में पंकज जायसवाल, साहबराज यादव, मंगल गुप्ता, रमेश चंद्र जायसवाल, त्रिभुवन जायसवाल, अंकित मोदनवाल, राजेश गुप्ता, भोनू सुलेमानी, अर्जुन गौतम, राज यादव, प्रीतम मोदनवाल और प्रदीप चौहान समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।



### धीमी गति से चलाएं वाहन तो बने बात

जफराबाद। उद्योग व्यापार मंडल जफराबाद के अध्यक्ष मुकेश चंद्र जायसवाल ने कहा कि मिट्टी ढुलाई जारी रह सकता है, लेकिन वाहनों की स्पीड कम होनी चाहिए। मिट्टी लदे ट्रैक्टरों व डंफरो पर प्लास्टिक लगाया जाना चाहिए |जिससे लोगो को मिट्टी व कीचड़ से नुकसान न पहुंचे। महामंत्री संजय कुमार यादव ने वाहनों की तेज रफ्तार से होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि व्यापारियों का कारोबार प्रभावित न हो इस बात का ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

# अधिकारियों से न्याय नहीं मिला तो इंसाफ के लिए मंदिर-मंदिर भटक रहा हरिशंकर



जन एक्सप्रेस जौनपुर

जौनपुर। जिले के मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के सरायबिका गांव निवासी हरिशंकर आज भी अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है लेकिन अब अदालतों में नहीं, बल्कि भगवान के दरबारों में। सरकारी तंत्र और न्याय व्यवस्था से निराश होकर उसने न्याय की उम्मीद अब देवालयों से लगाई है। हरिशंकर की पीड़ा सिर्फ ज़मीन के टुकड़े की नहीं, बल्कि सिस्टम से मिले धोखे की कहानी है। पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करने वाले रिश्तेदारों के खिलाफ 2010 से 2013 तक उसने थाने से लेकर तहसील, डीएम से लेकर मुख्यमंत्री तक फरियाद की, लेकिन न तो जमीन मिली और न ही इंसाफ। उल्टे उस पर आत्मदाह का आरोप लगाकर जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया गया। अब हरिशंकर ने धरती के भगवानों की अदालत से उम्मीद छोड़कर ऊपरवाले की चौखट पर अर्जी लगानी शुरू की है। बीते 17 जून से उसने मध्यप्रदेश के इंदौर जिले स्थित कुबेरश्वर धाम से साइकिल यात्रा शुरू की है। यह यात्रा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश होते हुए राजस्थान के प्रसिद्ध मेहंदीपुर बालाजी धाम तक जाएगी।
करीब 5000 किलोमीटर लंबी यह आस्था-यात्रा कई राज्यों के प्रसिद्ध देवी-देवताओं के मंदिरों से होकर गुजरेगी। हरिशंकर हर मंदिर पर अपने दुखों की अर्जी लेकर मत्था टेक रहा है, मानो अब न्याय सिर्फ भगवान ही दिला सकते हैं।

**यात्रा का प्रमुख पड़ाव इस प्रकार है**

- मध्यप्रदेश- कुबेरश्वर धाम (सीहोर), बिरला मंदिर (भोपाल), भीम बैठका, बागेश्वर धाम (छतरपुर), महाकालेश्वर धाम (उज्जैन)
- उत्तर प्रदेश - चित्रकूट धाम, प्रयागराज संगम, विंध्याचल धाम, काशी विश्वनाथ, चौकिया धाम (जौनपुर), अयोध्या धाम, लखनऊ के भूतनाथ व दुर्गा माता मंदिर, मथुरा-वृंदावन परिक्रमा
- राजस्थान - खाटू श्यामजी, भादवा माता, सांवरिया सेठ और अंतिम पड़ाव मेहंदीपुर बालाजी धाम
- हरिशंकर की इस साइकिल यात्रा को कोई राजनीतिक रंग नहीं दिया जा सकता, क्योंकि यह नारा नहीं, एक आह है - जो अब मंदिर की घंटियों में गूंज रही है। अपनी न्याय यात्रा को वह ईश्वर के दरबार में अंतिम अपील मानता है।
- जब धरती पर इंसाफ न मिले, तो भगवान की अदालत ही आख़िरी उम्मीद होती है, - हरिशंकर

# सपा छात्र सभा के जिला उपाध्यक्ष बनाये गए फुलेश यादव

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खुटहन समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की अनुमति से एवं समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा तथा जिला अध्यक्ष दिलीप प्रजापति के अनुमोदन से बीरमपुर गॉव निवासी फुलेश चन्द्र यादव को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह खबर सुन कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर छा गयी। दीपू उपाध्याय, चंदन यादव, अमर सिंह यादव, रोहित मिश्रा, वरुण तिवारी, बेअंत यादव, अमित गुप्ता, छोटू शर्मा आदि कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दी। जिलाध्यक्ष दिलीप प्रजापति ने कहा, हम फुलेश चन्द्र यादव का स्वागत करते हैं और हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में संस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया जा सकेगा। फुलेश ने उपाध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि वे संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करेंगे और कहा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव जी के विचारों एवं समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन जन तक पहुँचाते हुए संगठन को और अधिक बल तथा गतिशीलता प्रदान करने का वह भरसक प्रयास करेंगे।

### धर्मापुर के बीडीओ ने गौशाला का किया निरीक्षण, दाना भूसा के अलावा हरे चारे का करें प्रबंध

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। गौराबादशाहपुर। धर्मापुर के बीडीओ कृष्णमोहन यादव ने शुक्रवार को धर्मापुर विकास खंड के पांडेयपट्टी गांव में स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में बन रहे अतिरिक्त शेड को बेहतर ढंग से बनवाने का निर्देश दिया। कहां बरसात के दिनों में मवेशियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो इसके लिए अलग से और व्यवस्था कराई जानी चाहिए। दाना भूसा के साथ हरे चारे के लिये भी उन्होंने प्रबंधन करने का निर्देश दिया। श्री यादव ने कहा की जरूरत पड़ने पर जनता का सहयोग लेकर पशुओं की सभी व्यवस्था को पूरी तरह से सही कराया जाएगा। मवेशियों के गोबर को निकालना और साफ सफाई पर उन्होंने विशेष ध्यान देने की बात कही। गौशाला में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिया गया है। बिजली का कनेक्शन है। सीसीटीवी को चलाने के लिये सोलर इनवर्टर भी लगवाने का निर्देश दिया गया है। बीडीओ ने केयरटेकर को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात भी कही। निरीक्षण के दौरान एडीओ आईएसबी राकेश रोशन, सचिव आरके पाल आदि उपस्थित रहे।



# नवाब सिंह को गैंगस्टर एक्ट में भी मिली जमानत

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



गैंगस्टर व दुष्कर्म मामले में आरोपित कन्नौज सदर के पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह को इलाहाबाद हाई कोर्ट से सशर्त जमानत मिल गई है। न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की एकल पीठ ने यह जमानत मंजूर की है। बांदा जेल में बंद पूर्व ब्लाक प्रमुख को 11 अगस्त 2024 की रात पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अड़गापुर गांव निवासी कन्नौज सदर के पूर्व ब्लाक प्रमुख की गिरफ्तारी उनके डिग्री कालेज से 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में की गई थी। आरोप है कि नवाब सिंह के पास पीड़िता को उसकी बुआ ही लेकर पहुंची थी। पुलिस ने पीड़िता की बुआ को सहयोग करने और नवाब सिंह के भाई नीलू यादव को साक्ष्य मिटाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। तीनों आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गयी थी। जिला एवं सत्र न्यायालय से नवाब सिंह की जमानत अर्जी खारिज़ कर दी गई थी। मार्च में हाईकोर्ट में इस आदेश को चुनौती दी गयी थी। कन्नौज जिला जेल में बंद नवाब और नीलू पर आरोप लगा कि उनसे दर्ज़नो लोग रोज मुलाकात कर रहे थे। इस पर शासन के निर्देश पर नवाब सिंह को बांदा जेल और उसके भाई नीलू का कौशांबी जेल भिजवाया गया था। नवाब सिंह के अधिवक्ता शिवकुमार यादव का कहना है कि पुलिस ने राजनीतिक दबाव में नवाब सिंह और उनके भाई पर कई मुकदमे दर्ज किए हैं। सिर्फ गैंगस्टर एक्ट में जमानत मंजूर नहीं हुई थी। अब हाई कोर्ट से जमानत मंजूर हो गई हैं। इससे जल्द नवाब सिंह की रिहाई होगी।

### फर्जी पर्ची से मुलाकात पर बदली गई थी जेल

जिला जेल में दोनों भाइयों की सभी सुविधाएं मिल रही थीं। आठ मार्च 2025 को शहर के मुहल्ला डाक बंगला सरायमीरा निवासी अधिवक्ता अरविंद चौहान ने एसपी विनोद कुमार से शिकायत की थी कि नवाब सिंह और उसके भाई नीलू से रोजाना बड़ी संख्या में समर्थक जिला जेल पहुंच मुलाकात करते हैं। इसकी जांच तत्कालीन सीओ सदर कमलेश कुमार ने की थी उन्ही की जांच आख्या पर दोनों आरोपियों की जेल बदल दी गयी थी।

### 324 दिन बाद आएंगे जेल से बाहर

कन्नौज - पंचायत चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाने वाले पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव 324 दिन बाद जेल से बाहर आएंगे। नवाब सिंह और उसके भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे। 21 सितंबर 2024 को नवाब सिंह को किशोरी से दुष्कर्म के मामले में जमानत मिली थी। इसके बाद अन्य मामलों में भी निचली अदालत से उसे जमानत मिल गई थी। सिर्फ गैंगस्टर एक्ट में दोनों भाइयों की जमानत होनी थी। अब जमानत मंजूर होने पर नवाब सिंह और उनके भाई जेल से बाहर आ जाएंगे।

## डीएम और एसपी ने रोपे पौधे, दिया हरियाली का संदेश



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**रामसनेहीघाट।** शनिवार को तहसील रामसनेहीघाट में पहली बार पहुचे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने तहसील परिसर में वृक्षा रोपण किया। तहसील रामसनेहीघाट में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी पहली बार शनिवार को पहुचे, तहसील पहुचने पर अधिकारियों का उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जिले के दोनों अधिकारियों तहसील परिसर में वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण का संदेश दिया। जिलाधिकारी के तहसील आने की सूचना पर उनके स्वागत व वृक्षारोपण की तैयारियों को सुबह ही पूरा कर लिया गया था, डीएम व एसपी के पहुचने पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया जिसमें एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसको सुरक्षित लेने का संकल्प दिलाया गया।

# डीएम की अनूठी पहल, शिकायत लेकर आये फरियादियों को दिए फलदार वृक्ष के पौधे

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में तहसील सदर कन्नौज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर शिकायतकर्ताओं को सुनने के साथ ही उन्हें एक एक पौधा भी भेंट किया और कहा कि शिकायत का निस्तारण तो हो ही जायेगा आप पौधारोपण कर इसका संरक्षण करे ताकि पर्यावरण की सुरक्षा हो और नई पीढ़ी को वरक्षारोपण का संदेश भी मिले।

सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर कन्नौज में राजस्व विभाग की 59, पुलिस विभाग की 24, विकास विभाग की 07 सहित कुल 119 शिकायकर्ताओं की शिकायतें दर्ज की गयी, जिसके सापेक्ष 09 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार तहसील तिर्वा में कुल 135 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें कुल 13 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया तथा तहसील छिबरामऊ में कुल 165 शिकायतें दर्ज की गयी जिसमें 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता आदित्य पाल निवासी जलालपुर सरवन के स्थान पर आदित्य कुमार पुत्र राम बहादुर,. अशोक कुमार ग्राम अहमदपुर रौनी खतौनी में रखवा 1. 0033 हेक्टेयर के स्थान पर 1. 230 हैकटेयर,. ग्राम नैरा में रोशन के स्थान पर रोशन खान तथा सरला पत्नी जयवीर सिंह के स्थान पर सरला यादव पत्नी जयवीर सिंह यादव निवासी बरकागांव को मौके पर खतौनी संशोधन के पश्चात खतौनी वितरण की।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए गये कि किसी भी दशा में शिकायत का निस्तारण किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा विधिविरूद्ध एवं निर्धारित समय सीमा के पश्चात न किया जाए। यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा गलत तरीके से शिकायत का निस्तारण किया गया तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होनें निर्देश दिये कि आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस से 03 दिन पूर्व ही समस्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वदेश गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर नवनीता राय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एफएसडीए अभियान चलाकर खाद्य पदार्थो का अपमिश्रण रोके : डीएम

- हर घर नल योजना में एजेंसी की खराब प्रगति पर डीएम ने दी चेतावनी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में फूड सेफ्टी एवं हर घर नल योजना के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाये जाने तथा आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने हेतु रणनीति बनाकर छापेमारी की जाये। उन्होने कहा कि गैर जनपदों से एवं जनपद में पनीर निर्माण करने वाली इकाईयों की सघन जांच कर कार्रवाई की जाये। जनपद कन्नौज में छिबरामऊ एवं गुरूसहायगंज में मिलावटी खाद्य पदार्थों की शिकायते अधिक प्राप्त होती हैं, अभियान चलाकर जांच की जाये। कहा कि फूड सेफ्टी से संबंधित गोष्ठी कराने के साथ ही जागरूकता के कार्यक्रम भी किये जाये।

जिलाधिकारी ने हर घर जल नल योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि विकास खण्ड उमर्दा में सिकरौरी, मनिकापुर, अगौस तथा विकास खण्ड छिबरामऊ में कपूरापुर एवं विकास खण्ड हसेरन में बरौली, खिरिया फूलनपुर व विकास खण्ड सौरिख में सरायठेकू, खानपुर, अल्हादादपुर में सर्टिफिकेशन का कार्य लंबित पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुये यथाशीघ्र कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर उन्होनें जल जीवन मिशन के पोर्टल पर हर घर जल नल योजना की प्रगति देखी तथा खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि पोर्टल पर नियमित प्रगति को देखें तथा मिलने वाली समस्याओं का समाधान करें। कार्यदायी संस्था वीएसए की ओएचटी में साप्ताहिक प्रगति शून्य पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुये सुधार लाने के निर्देश दिये। कहा कि प्रगति में सुधार न पाये जाने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फसल अवशेष खेतों में न जलाएं डीडी एजी ने की ज़िले के किसानों से अपील

- कृषि भूमि का क्षेत्रफल 02 एकड़ से कम होने की दशा में अर्थदण्ड रू0 2500/- प्रति घटना।
- कृषि भूमि का क्षेत्रफल 02 एकड़ से अधिक 05 एकड़ तक होने की दशा में अर्थदण्ड रू0 5000/-प्रति घटना।
- कृषि भूमि का क्षेत्रफल 05 एकड़ से अधिक होने की दशा में अर्थदण्ड रू0 15000/- प्रति घटना।

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जनपद में लगभग 60 हजार हेक्टेयर में जायद (गर्मी मौसम) मक्का उगाई जाती है, वर्तमान में खेतों में मक्का कटाई चल रही है, और फसल अवशेष खेत में खड़े हैं या कृषकों द्वारा चारे के उपयोग में लिया जा रहा है। कुछ क्षेत्र के कृषकों द्वारा मक्का फसल अवशेष खेत में न मिलाकर जला दिया जाता है। यह पर्यावरणीय दृष्टि से दण्डनीय है। साथ ही फसल अवशेष जलाने से मृदा में उपस्थित सूक्ष्म जीवाणु भी जलकर मर जाते हैं जिसके कारण मृदा प्रदूषण के साथ-साथ मृदा उर्वरता प्रभावित होती है। परिणाम स्वरूप कृषक की लागत में वृद्धि होती है एवं कुल आय में कमी आती है। एक हेक्टेयर मक्का क्षेत्रफल से 80 से 100 कुन्तल फसल अवशेष प्राप्त होता है, आप इस अवशेष को खेत में मिलाकर सड़ा दे %तो अगली फसल के लिए उर्वरक की मॉग कम होगी जिससे किसान भाईयों की फसल उत्पादन लागत में कमी आयेगी। फसल अवशेष जलाने पर राष्ट्रीय हरित अभिकरण के आदेश के कम में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति हेतु अर्थदण्ड निर्धारित किये गये है। इसके अतिरिक्त फसल अवशेष जलाने की घटना में दोषी पाये जाने वाले व्यक्ति के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित कराते हुए गिरफ्तार किये जाने का भी प्राविधान किया गया है। उप निदेशक कृषि सन्तोष कुमार ने जनपद के सभी किसान भाईयों से अपील है कि मक्का फसल अवशेष को खेत में न जलाये इसका उपयोग या तो पशुओं के चारे के लिए करें या खेत में डिस्क हैरो से जुताई करके मिलाये जिससे आगामी आलू की बुवाई के लिए खेत में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा में बढ़ोत्तरी हो जायेगी। परिणाम स्वरूप आपकी फसल प्रदूषण मुक्त पैदा होगी और पर्यावरणीय दृष्टि से लाभकारी होगा।

# स्कूल चलो और युवा उद्यमी विकास योजना को और अधिक गति दें अफसर : डीएम

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में स्कूल चलो अभियान, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, पीएम सूर्य घर योजना एवं लखपति दीदी योजना के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि सत्र 2025-26 में जनपद के 1459 परिषदीय विद्यालयों में 19565 नए बच्चों के एडमिशन कराए गए हैं, इसमें और गति लाकर अधिक से अधिक बच्चों के एडमिशन कराए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण के तहत स्कूल चलो रैली, विद्यालयों में शिक्षा का मेला जैसे आयोजन कर बच्चों को पढ़ाई के प्रति सजग करने हेतु अभिभावकों को विद्यालय से जोड़ा जाये। जिले में कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित न रह जाए, इसके लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण भी किया जाए। विद्यालयों में मूलभूत सुविधाये जैसे पेयजल, शौचालय, पुस्तक वितरण, एमडीएम, फर्नीचर, रसोइयों का मानदेय, विद्यालय परिसर की साफ सफाई, स्पोर्ट्स किट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अभियान केवल एक औपचारिकता न बनकर वास्तविक परिणाम देने वाला हो।

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना न केवल ऊर्जा बचत करती है बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे जन आंदोलन का रूप दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस योजना के 1057 लक्ष्य की पूर्ति हेतु माहवार निर्धारित कर समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाए ताकि अधिक से अधिक घरों को सौर ऊर्जा से जोड़कर विद्युत बचत सुनिश्चित की जा सके।

डीएम ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि स्वयं बैंको में जाकर आवेदनों की स्थिति की जांच करें, जिससे लंबित आवेदनों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके और बैंक स्तर पर किसी भी प्रकार की शिथिलता या विलंब की पहचान कर जवाबदेही तय की जा सके।

साथ ही उन्होंने सीएम युवा मित्र को स्पष्ट निर्देश दिए कि सोमवार और मंगलवार को बैंकवार जाकर प्रोजेक्ट रिपोर्ट लेकर उपलब्ध कराएं। यह योजना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है, अतः इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें कि पात्र युवाओं को समय पर योजना का लाभ मिले और जिले में रोजगार सृजन के ठोस प्रयास किए जाएं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, पीओ नेडा अनुपम राय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र हित में पौधरोपण अति आवश्यक : डॉ.प्रियंका मौर्या

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। विकासखंड परिसर में पौधरोपण महाअभियान कार्यक्रम में शनिवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या ने पर्यावरण गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संतुलन के लिए एक पेड़ मां के नाम काफी अच्छी पहल शुरू की है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए राष्ट्र हित में पौधरोपण काफी जरूरी है। महिलाओं के अधिकारों व न्याय दिलाने के लिए राज्य महिला आयोग लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने परिसर में पाकड़, आंवला आदि पौधों का रोपण किया।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने बीते दो वर्षों से संजय शुक्ला के द्वारा ब्लॉक परिसर में किए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिये धन्यवाद दिया। पौधरोपण के बाद उनकी देखरेख करने पर बल दिया।संजय शुक्ला अध्यक्ष कुटीवीर बाबा सेवा संस्थान ने बताया कि उन्होंने पौधारोपण अभियान का शुभारंभ 2016 में गांव के स्कूलों में 51 पौधे रोपित कर किया था। मुख्य अतिथि डॉ मौर्या ने वाणीकांत द्विवेदी, अखिलेश गुप्ता, सुशील श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, जगतपाल सिंह, नीलम साहू, शिवानी श्रीवास्तव, पूनम, निर्लेश दीक्षित, आलोक जयसवाल, मुन्ना द्विवेदी समेत करीब आधा सैकड़ा लोगों को आंवला का पौधा भेंट कर उनकी सुरक्षा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन राकेश तिवारी ने किया।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव







उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु तहसील, बांगरमऊ में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विधायक श्री श्रीकान्त कटियार की उपस्थिति में जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुसिल अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील बांगरमऊ, उन्नाव में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 96, गृह विभाग की 16, समाज कल्याण विभाग की 19, विकास विभाग की 09, चकबन्दी विभाग की 20, खाद्य एवं रसद विभाग की 10 सहित अन्य विभागों की 26 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 196 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 28 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के दौरान जो भी असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होते हैं, अधिकारी गण उन्हे अच्छे से पढ़े और तदोपरान्त गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। तहसील परिसर में संबंधित विभागों द्वारा पोषण, समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री/किसान कार्ड, बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं स्वास्थ्य के कैंप लगाकर जनसमुदाय को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया तथा जरूरतमन्दों को आवश्यक दवाओं का वितरण कराया गया।संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना अंतर्गत कु0 अंशिका गुप्ता, कु0 बुशरा एवं कु0 वैष्णवी को प्रति लाभार्थी को रुपये 7000-7000 का डेमो चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना अंतर्गत कु0 काजल, कु0 सिमरन, कु0 सुनैना एवं कु0 शिवानी को रू0 2500-2500 के डेमो चेक प्रदान किये गये। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों द्वारा निकाली गई रैली को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कृषि विभाग द्वारा 8 किसानों को उड़द, मूंग एवं तिल के बीजो, जिला पूर्ति कार्यालय के सहयोग से पात्र लाभार्थियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। वन विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत तहसील परिसर में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा वृक्षारोपण किया गया। पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसील परिसर में स्थापित किए गए वाटर कूलर का जिलाधिकारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया साथ ही जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया तथा उप जिलाधिकारी बांगरमऊ को बाढ़ से संबंधित दिशा निर्देश प्रदान किए गए।

## एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ समाधान दिवस

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।

**सिरौलीगौसपुर।** तहसील सभागार में शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान विभिन्न विभागों से कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुईं। राजस्व विभाग से 10, पुलिस विभाग से 12, विकास विभाग से 3, पूर्ति विभाग से 9, प्रोबेशन विभाग से 1, विद्युत विभाग से 3, जल निगम से 1 और बाल विकास पुष्टाहार विभाग से 1 शिकायत दर्ज की गई। कुल प्राप्त शिकायतों में से 8 का मौके पर निस्तारण किया गया। पूर्ति विभाग की 6 और राजस्व विभाग की 1 शिकायत का निपटारा किया गया।कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. देव प्रताप सिंह, कोतवाल संतोष कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभू नाथ पाठक और नायब तहसीलदार अनु सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं का माफ हो टोल टैक्स : नरेन्द्र वर्मा

- जिला बार एसोसिएषन के अध्यक्ष ने सैकड़ो अधिवक्ताओं के साथ किया प्रदर्षन, भेजा तीन सूत्रीय ज्ञापन

बाराबंकी



शनिवार को जिला बार एसोसिएषन के अध्यक्ष की अगुवाई में सैकड़ो अधिवक्ताओं ने प्रदर्षन करते हुए अपना तीन सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को भेजा। जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ता एकत्र होकर जनपद न्यायालय से सड़क पर निकलकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट में स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और वहां पर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को अपने तीन ज्ञापन सौपे जिसमे जिले को लखनऊ मंडल में शामिल करने के साथ, अयोध्या जिले में शामिल रुदौली तहसील वापसी के साथ केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को सम्बोधित ज्ञापन में मांग करते हुए कहा की जिले के बहराइच-गोण्डा मार्ग पर शहावपुर स्थित टॉल प्लाजा व अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अहमदपुर टॉल प्लाजा पर जिले के अधिवक्ताओं का टॉल टैक्स माफ करने की मांग करने के साथ मुख्यमंत्री को सम्बोधित दो ज्ञापनों में जिले को अयोध्या मंडल से हटाकर लखनऊ मंडल में शामिल करने के साथ अयोध्या जिले की तहसील रुदौली को पुनः जनपद मे शामिल करने की मांग मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन देकर मांग की है। प्रदर्शन में बार महामंत्री रामराज यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रथम पवन कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष द्वितीय मनोज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अनुराग शुक्ल, देवराम यादव, नवीन कुमार रस्तोगी, सुषमा शर्मा, पंकज कुमार श्रीवास्तव, सतीश चंद्र सोनी, संतोष कुमार, रमेश चंद्र भारती, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, गौरव कुमार गुप्ता, हिमालय जायसवाल, पंकज कुमार रावत, नवनीत कुमार वर्मा, मनोज कुमार मिश्रा सहित सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित रहे सभी ने एक ही स्वर में नारेबाजी करके मांग की और ज्ञापन दिया।

# चोरी के 6 मोबाइल के साथ दो अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा चोरी के 6 मोबाइल के साथ 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। 9 मई को मोहनलाल शर्मा पुत्र स्व0 बाबूलाल शर्मा निवासी मंशा खेड़ा थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव की तहरीर पर थाना गंगघाट पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

जिसमें आज शनिवार को थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा अभियुक्तगण शुभम धानुक 30 पुत्र श्याम कुमार धानुक सीताराम कालौनी थाना गंगाघाट उन्नाव, शिवम पासी 25 पुत्र रविशंकर पासी सीताराम कालौनी थाना गंगाघाट उन्नाव को उपरोक्त अभियोग से संबन्धित चोरी के मोबाइल सहित कुल 6 मोबाइल फोन बरामद कर ठाकुर खेड़ा से पीपर खेड़ा जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/317(4) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

# जनसुनवाई का उद्देश्य, शिकायतकर्ता का हो पूर्ण समाधान : शशांक त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**रामसनेहीघाट।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील रामसनेहीघाट में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा निम्नलिखित शिकायतकर्ताओं की समस्यायों का तत्काल निस्तारण कराया गया। आशुतोष श्रीवास्तव निवासी डिग्सरी द्वारा खतौनी में नाबालिग से बालिग, शत्रोहन द्वारा खतौनी में त्रुटि के सम्बन्ध में प्रस्तुत किये गए प्रार्थना पत्र में खतौनी की त्रुटि को तत्काल दुरुस्त करवा के प्राप्त करवाया। आवेदक धनञ्जय का तत्काल राशनकार्ड, नीलम पत्नी राकेश के प्रार्थना पत्र पर कन्या सुमंगला योजना से आच्छादित करवाया तथा सुनील कुमार सिंह निवासी सेमौर को तत्काल उनकी घरौनी प्रदान करवाई। शिकायतकर्ता राजेन्द्र प्रसाद नि0 नियामतपुर द्वारा राजस्व टीम की उपस्थिति में खाली कराये गए चकमार्ग पर पुनः अतिक्रमण करने की शिकायत की गई जिसपर जिलाधिकारी ने एसडीएम को टीम भेजवा कर पुनः अतिक्रमण मुक्त करवाते हुए सम्बन्धित अतिक्रमणी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए। फरियादी कुसुम तिवारी निवासी पूरे दूलम द्वारा धारा 24 अन्तर्गत अपने खेत की पैमाइश करवाने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर उन्होंने सम्बन्धित कानूनगो को बुलाकर एक सफ्ताह के अन्दर खेत की पैमाइश करने के निर्देश दिए। जनसमस्याओं को सुनने के बाद जिलाधिकारी ने उन्हें प्राथमिकता के साथ निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी कहा कि अधिकारी शिक़ायत कर्ताओं से सहजता से बात करें और स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण व ससमय समस्याओं का निस्तारण करें। शिकायतों के निस्तारण करते समय अधिकारी शिकायतकर्ताओं से उनके मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करके इस बात को भी सुनिश्चित कर ले कि शिकायतकर्ताओं को संतुष्टि मिली है या नहीं, शिकायत निस्तारण का अंतिम पैमाना शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही है।

# बढ़ रही गरीबों की संख्या, अमीर और अमीर हो रहे गडकरी ने धन के असमान बंटवारे पर चिंता जताई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान देश में बढ़ती गरीबी और धन के असमान बंटवारे की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे गरीबों की संख्या बढ़ रही है और संपत्ति कुछ अमीरों के पास सिमटती जा रही है, जो एक खतरनाक स्थिति है। उन्होंने कहा कि समाज में धन का विकेंद्रीकरण होना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि सारी संपत्ति कुछ लोगों के पास केंद्रित हो जाए। हमें ऐसी अर्थव्यवस्था की दिशा में काम करना होगा जो रोजगार पैदा करे और गांवों का विकास करे।

### गडकरी ने की पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की सराहना

अपने संबोधन के दौरान गडकरी ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और डॉ. मनमोहन सिंह की उदार आर्थिक नीतियों की सराहना की। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि बिना नियंत्रण के केंद्रीयकरण से सावधान रहने की जरूरत है। साथ ही स्वामी विवेकानंद को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि जिसका पेट खाली हो, उसे दर्शन नहीं सिखाया जा सकता।

### कृषि का देश की जीडीपी पर मामूली असर

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि पर 65 से 70 प्रतिशत लोग निर्भर हैं, फिर भी इसका देश की जीडीपी में योगदान केवल 12 प्रतिशत है। वहीं उद्योग क्षेत्र का योगदान 22 से 24 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र का 52 से 54 प्रतिशत है।

### सीए की भूमिका का दिया उदाहरण

अपने बयान में आगे गडकरी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) की भूमिका पर बात की। उन्होंने कहा कि सीए सिर्फ टैक्स रिटर्न भरने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे देश की अर्थव्यवस्था के इंजन बन सकते हैं। सड़क निर्माण के क्षेत्र में किए गए कामों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने ही सबसे पहले बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) सिस्टम की शुरुआत की थी। गडकरी ने कहा कि आज हमारे पास सड़क विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। हम टोल से सालाना 55,000 करोड़ रुपये कमा रहे हैं और यह दो साल में बढ़कर 1.40 लाख करोड़ हो जाएगा। अगर हम इसे 15 साल के लिए मोनेटाइज करें तो हमें 12 लाख करोड़ रुपये मिल सकते हैं।

### केदारनाथ रोपवे परियोजना का दिया उदाहरण

अपने बयान में केदारनाथ में 5,000 करोड़ रुपये की लागत से बन रही रोपवे परियोजना का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एक निजी ठेकेदार यह काम करने को तैयार है और 800 करोड़ रुपये की रॉयल्टी सरकार को देगा। साथ ही विदेशी निवेश पर उन्होंने कहा कि वे अमेरिका या कनाडा से पैसे नहीं ले रहे हैं, बल्कि देश के गरीबों से जुटाए गए फंड से सड़कें बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिस शेयर की कीमत 100 रुपये थी, वह अब 160 रुपये तक पहुंच गई है और निवेशकों को 18 से 20 प्रतिशत तक का रिटर्न मिलेगा।

# भाजपा को जल्द मिलेगा नया अध्यक्ष

## अंतिम चरण में प्रक्रिया, प्रदेश प्रमुखों की नियुक्ति से रास्ता साफ



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को जल्द ही नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है, क्योंकि पार्टी ने अपने संविधान के अनुसार अधिकांश राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली है। 2024 के लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद से ही पार्टी के भीतर कई संभावित नामों पर चर्चा चल रही है। वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2023 में खत्म हो गया था, लेकिन आम चुनावों को देखते हुए इसे जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था। इस कार्यकाल को दोबारा बढ़ाया गया, जिससे वह अभी तक इस पद पर बने हुए हैं। पार्टी अब तक 26 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर चुकी है, जिससे राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने का रास्ता साफ हो गया है। इस पद के लिए जिन नामों पर चर्चा हो रही है, उनमें शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव और धर्मेंद्र प्रधान जैसे कुछ केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता शामिल हैं। इसके अलावा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल और विनोद तावड़े के नाम भी संभावितों में शामिल हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, नया अध्यक्ष चुनते समय तीन मुख्य बातों पर ध्यान दिया जा रहा है - संगठनात्मक अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन और जातीय समीकरण। पार्टी जल्द ही एक केंद्रीय चुनाव समिति भी बना सकती है, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया की निगरानी करेगी। यह समिति नामांकन, जांच और जरूरत पड़ने पर मतदान की प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाएगी। भाजपा ने हाल ही में संगठनात्मक चुनावों की शुरुआत की है, जिसकी शुरुआत देशभर में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति से हुई। भाजपा के संविधान के मुताबिक, मंडल स्तर पर चुनाव होने के बाद जिला अध्यक्ष चुने जाते हैं। जब आधे जिलों में चुनाव हो जाते हैं, तब प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होता है और जब आधे से ज्यादा राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष बन जाते हैं, तभी राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जा सकता है। दो जुलाई को भाजपा ने अपने संगठन के पुनर्गठन के दूसरे चरण के तहत सात राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में नए प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा की थी। इससे पहले पार्टी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मिजोरम, पुडुचेरी और अंडमान व निकोबार द्वीप समूह में भी नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर चुकी है।

### रामचंदर राव ने तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष का पद संभाला

उधर, पूर्व एमएलसी और वरिष्ठ अधिवक्ता एन रामचंदर राव ने आज तेलंगाना भाजपा के नए अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने जी. किशन रेड्डी की जगह यह पद ग्रहण किया है। रामचंदर राव ने पार्टी के तेलंगाना मुख्यालय में औपचारिक रूप से पदभार संभाला। इस मौके पर किशन रेड्डी, पार्टी सांसद डी. के. अरुणा और कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। पदभार ग्रहण करने से पहले राव ने हैदराबाद के चारमीनार स्थित प्रसिद्ध भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने तेलंगाना विधानसभा परिसर के पास स्थित तेलंगाना अमरवीरुल स्तूपम पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जो तेलंगाना राज्य के लिए बलिदान देने वालों की याद में बनाया गया है। रामचंदर राव ने भाजपा नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पार्टी को राज्य में और मजबूत बनाने और जनता की सेवा के लिए काम करेंगे।

# तेज हुई जनगणना की तैयारियां

## दो दिवसीय सम्मेलन में सभी राज्यों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जनगणना की तैयारियों के तहत भारत के रजिस्ट्रार जनरल (आरजीआई) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जनगणना संचालन निदेशकों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस सम्मेलन में अधिकारियों को आगामी कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें डिजिटल इंटरफेस, प्रश्नावली, टीम गठन और मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) जैसे विषयों पर प्रेजेंटेशन दिया गया। भारत के महापंजीयक एव जनगणना आयुक्त ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया, दो जुलाई से शुरू हुआ यह दो दिवसीय सम्मेलन चार जुलाई 2025 को समाप्त हुआ, जिसमें 2027 में होने वाली जनगणना की तैयारियों, आगे की रूपरेखा और टीम वर्क पर चर्चा हुई। भारत के महापंजीयक एव जनगणना आयुक्त ने सभी अधिकारियों से यह अपील की कि वे यहां प्राप्त जानकारियों को आगे बढ़ाएं और जाति आधारित व्यापक जनगणना के लिए जरूरी कदम उठाएं। जनगणना की प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाने के लिए आरजीआई एक डिजिटल इंटरफेस बनाएगा, जिसकी मदद से सभी संबंधित पक्षों को रीयल-टाइम अपडेट मिलते रहेंगे। जनगणना की पहली चरण की प्रक्रिया यानी हाउस लिस्टिंग 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगी। यह जनगणना की पहली महत्वपूर्ण कड़ी है। जनगणना दो चरणों में की जाती है। पहले चरण को हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन कहा जाता है, जिसमें प्रत्येक घर की स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं से जुड़ी जानकारी एकत्र की जाती है। दूसरा चरण जनसंख्या गणना का होगा, जो 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा। इसमें हर व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और जनसांख्यिकीय विवरण लिए जाएंगे। यह जानकारी हाल ही में भारत के रजिस्ट्रार जनरल मृत्युंजय कुमार नारायण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे पत्र में दी है। आगामी जनगणना देश की 16वीं जनगणना होगी और स्वतंत्रता के बाद यह आठवीं बार आयोजित की जाएगी। इस बार जनगणना में जाति आधारित गणना भी की जाएगी। इस बार पहली बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी। इसके लिए मोबाइल ऐप का इस्तेमाल किया जाएगा। लोगों को स्वयं-गणना की सुविधा भी दी जाएगी। रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त कार्यालय ने नागरिकों से पूछे जाने वाले करीब तीन दर्जन प्रश्नों की एक सूची तैयार की है। इस सर्वे में यह जानकारी ली जाएगी कि घर में मोबाइल फोन, इंटरनेट, वाहन (साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार, जीप, वैन) और घरेलू उपकरण (रेडियो, टेलीविजन, ट्रांजिस्टर) जैसी वस्तुएं हैं या नहीं।

# पुणे राजमार्ग पर दुष्कर्म और लूटपाट के मामले में दो गिरफ्तार, बीएनएस और पॉक्सो के तहत मामला दर्ज



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे

महाराष्ट्र के पुणे जिले की दौंड तालुका में एक किशोरी के यौन शोषण और राजमार्ग पर लूट की घटना के पांच दिन बाद पुलिस ने शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को पुणे जिले से ही पकड़ा गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह चौंकाने वाली घटना सोमवार तड़के उस समय हुई, जब कुछ लोग एक कार में बैठकर पास के सोलापुर जिले के पंढरपुर मंदिर जा रहे थे। यह घटना दौंड के पास भीगवन इलाके के राजमार्ग पर हुई। पुणे ग्रामीण पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हमने इस मामले में दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, बाइक पर सवार दो लोगों ने किशोरी (17 वर्षीय) का यौन शोषण किया और कार में मौजूद तीन महिलाओं के सोने के गहने लूट लिए। इस मामले में दौंड थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि कार का चालक नींद में था, इसलिए उसने सुबह करीब 4:15 बजे राजमार्ग पर एक चाय की दुकान के पास गाड़ी रोक दी। जब वह शौच के लिए बाहर गया, तो दो अज्ञात व्यक्ति वहां आए और कार में बैठे लोगों को तेज धार वाले हथियार दिखाकर धमकाया और उनके गहने लूट लिए। इसके बाद उनमें से एक आरोपी लड़की को कार से बाहर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों आरोपी बाइक से वहां से फरार गए। डरे-सहमे लोग पास के पेट्रोल पंप पहुंचे और वहां के कर्मचारियों को सूचना दी, जिन्होंने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने से पहले कार में बैठे लोगों की आंखों में लाल मिर्च पाउडर फेंका था, ताकि वे कुछ देख न सकें। पुलिस ने दोनों में से एक आरोपी का स्केच भी जारी किया था।

# समाज की समस्याओं को समझते हुए फैसला दें अदालतें, मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अपील

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भुषण रामकृष्ण गवई ने शनिवार को कहा कि कानून या संविधान की व्याख्या समाज की जरूरतों को ध्यान में रखकर व्यावहारिक ढंग से की जानी चाहिए। मुंबई में बॉम्बे हाईकोर्ट की तरफ से उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालयों को समाज की समस्याओं को समझते हुए फैसले देने चाहिए। मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा, कानून या संविधान की व्याख्या आज की पीढ़ी की समस्याओं के संदर्भ में होनी चाहिए। यह व्याख्या व्यावहारिक होनी चाहिए और समाज की जरूरतों के अनुरूप होनी चाहिए।

### न्यायाधीशों को निष्ठा से काम करने की सलाह

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायाधीशों को अपने विवेक, पद की शपथ और कानून के अनुसार काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि एक बार जब कोई मामला निपट जाए, तो न्यायाधीश को उसका पीछा छोड़ देना चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए।

### कुछ न्यायाधीशों के व्यवहार पर शिकायतें मिली

सीजेआई गवई ने यह भी खुलासा किया कि हाल ही में उन्हें कुछ न्यायाधीशों के असभ्य व्यवहार की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने सभी न्यायाधीशों से आग्रह किया कि वे इस प्रतिष्ठित संस्था की छवि को बनाए रखें। उनका कहना था, %न्यायाधीश होना सुबह 10 से शाम 5 तक की नौकरी नहीं है, बल्कि यह समाज और देश की सेवा करने का एक अवसर है। कृपया ऐसा कुछ न करें जिससे न्यायपालिका की छवि को ठेस पहुंचे। न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में नियुक्तियों के दौरान कॉलेजियम इस बात का पूरा ध्यान रखता है कि योग्यता, विविधता और समावेशिता (इन्क्लूसिवनेस) बनी रहे। उन्होंने कहा, किसी भी कीमत पर न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया जाएगा।

## महाराष्ट्र में घातक हो रहा कोरोना, 12 नए मरीजों की हुई पुष्टि

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

देशभर में एक बार फिर धीरे-धीरे कोरोना वायरस अपने पैर पसार रहा है। इसी क्रम में शनिवार को भी महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 12 नए मामले सामने आए हैं। इतना ही नहीं एक महिला की मौत हो गई है। यह जानकारी राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने दी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस साल एक जनवरी से अब तक राज्य में कुल 2,569 लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं और 41 लोगों की मौत हो चुकी है। शनिवार को कोल्हापुर की 76 साल की महिला की कोरोना से मौत हुई है। अधिकारियों के मुताबिक महिला पहले से कुछ गंभीर बीमारियों से पीड़ित थी, जिससे उसकी हालत और बिगड़ गई। बता दें कि शनिवार को जिन 12 नए मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई, उनमें पुणे से चार मरीज, मुंबई से दो मरीज, ठाणे जिला से दो मरीज, नागपुर से दो मरीज, कोल्हापुर से एक मरीज और गढ़चिरोली से एक मरीज शामिल हैं।




# निपाह वायरस से निपटने के लिए केरल में टीम तैनात करेगा केंद्र

## तीन जिलों में अब तक 300 से अधिक की पहचान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



देश के दक्षिणी राज्य केरल में एक बार फिर से निपाह वायरस दस्तक दे रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक दो लोगों में निपाह वायरस संक्रमण के संभावित लक्षण दिखने के बाद शुक्रवार को तीन जिलों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। केरल में निपाह वायरस के दो मामले मिलने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय वहां राष्ट्रीय संयुक्त प्रकोप प्रतिक्रिया दल (एनजेओआरटी) को तैनात करने पर विचार कर रहा है। यह दल सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को लागू करने में केरल सरकार की मदद करेगा। सूत्रों ने बताया कि एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) की केंद्रीय निगरानी इकाई- एनसीडीसी, प्रदेश इकाई के साथ संपर्क में है और स्थिति पर सक्रिय रूप से नजर रख रही है। विभिन्न नियंत्रण गतिविधियों के समन्वय के लिए राज्य नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर दिया गया है। एक सूत्र ने कहा, प्रथम दृष्टया दोनों मामले महामारी विज्ञान की दृष्टि से एक-दूसरे से जुड़े नहीं हैं, लेकिन उनके लक्षणों और सामाजिक संपर्कों की जांच की जा रही है। अब तक तीन जिलों- पल्लकड़, मल्लपुरम और कोझिकोड में 300 से अधिक संपर्कों की पहचान की गई है।

### स्वास्थ्य अधिकारियों को किया गया अलर्ट

केरल के सबसे प्रभावित रहे जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में 26 विशेष टीमें तैनात की गई हैं, जो कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग, लक्षणों की निगरानी और जनता बीमारी के लिए जागरूक करने की दिशा में काम कर रही हैं। मरीजों के संपर्क में आए लोगों की पहचान करने के लिए पुलिस से मदद मांगी गई है। जिला कलेक्टरों को कंटेनमेंट जोन तैयार करने के लिए कहा गया है। अधिकारियों से यह भी आग्रह किया जा रहा है कि वे जांच करें कि क्या हाल के हफ्तों में कोई अप्राकृतिक या अस्पष्टीकृत मौतें हुई हैं? जो संभावित प्रकोप से जुड़ी हो सकती हैं।

### केरल में देखा जाता रहा है प्रकोप

इससे पहले मई में भी केरल में निपाह के मामले रिपोर्ट किए गए थे। 8 मई को केरल के मलप्पुरम जिले में ही एक 42 वर्षीय महिला में निपाह वायरस के संक्रमण की पुष्टि की गई थी। मरीज को वेंटिलेटर पर रखा गया था। वहीं पिछले साल सितंबर में 24 वर्षीय एक युवक की निपाह संक्रमण से मौत हो गई थी। अमर उजाला में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक नौ सितंबर को मलप्पुरम में एक 24 वर्षीय युवक की संक्रमण से मौत हो गई थी। इससे पहले जुलाई 2024 में भी एक 14 वर्षीय लड़के की मौत हो गई थी।

# महापौर ने दिखाया रौद्ररूप, ग्रीन बेल्ट की मजार को हटाने का दिया निर्देश



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

- महापौर ने दिखाया रौद्ररूप ग्रीन बेल्ट की मजार को हटाने का दिया निर्देश

गाजियाबाद नगर निगम महापौर सुनीता दयाल का। वायरल वीडियो चर्चा का विषय बन गया । जीटी रोड पर ग्रीन बेल्ट में स्थित अवैध मजार को देखकर उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और गाड़ी रोकर वही मजार पर बैठे व्यक्ति को खरी खोटी सुनाने लगी।इसके साथ ही यथाशीघ्र ग्रीन बेल्ट को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश भी लगे हाथ दे डाला । मजार पर बैठे व्यक्ति और महापौर के बीच गर्मागर्म बहस वीडियो में कैद हुआ और फिर वायरल हो गया । जो कि सुर्खियां बन गया। ज्ञात हो कि महापौर सुबह किसी कार्यवश जीटी रोड से गुजर रही थी ,तभी उनकी निगाहें रक्षा विभाग की बाउंड्री से सटे ग्रीन बेल्ट में स्थित मज़ार पर पड़ गई और तत्काल गाड़ी रोककर उसकी मजम्मत शब्दों से कर डाली । बार बार महापौर द्वारा पुरानी चेतावनी का जिक्र करके उसको समझाया गया और ग्रीन बेल्ट खाली करने की बात दोहराई।

### शक्ति खंड चार ग्रीन बेल्ट पर कब होगी महापौर की नजरें इनायत पूछ रहे नागरिक

इस समाचार की सुर्खियां बनने के बाद खुद महापौर भले अपनी वायरल वीडियो पर इतरा रही हो लेकिन उनके तेवर को लेकर इंदिरापुरम के शक्तिखंड चार स्थिति ग्रीन बेल्ट में जमकर संचालित अन्य धार्मिक और ग्रीन बेल्ट में पक्के निर्माण के साथ व्यवसायिक गतिविधियों पर कब नकेल कसेगी जनता पूछ रही है। ज्ञात हो कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा ग्रीन बेल्ट के विकास हेतु कुछ लोगों को ग्रीन बेल्ट भूमि का आवंटन किया था। जिसके बाद लोगों ने बैंक्विट हाल बनाकर खूब कमाई किया जब जनता ने ग्रीन बेल्ट की याद दिलाई तब जाकर उसके अस्तित्व को बुलडोज करके ग्रीन बेल्ट खाली कराया गया। लेकिन अब फिर से ग्रीन बेल्ट में उच्चतम न्यायालय के निर्देश और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अनुबंध को दर किनार करके कुछ बिल्डर्स और स्वयं सेवी संस्थान व्यवसायिक हित साधने में लगे हैं। कुछ तो सीट से चहारदीवारी करके स्थाई निर्माण लगे हैं। जिसकी जानकारी सबको है लेकिन सबकी निगाहों पर हरे कागजों का मोटा चश्मा चढ़ा है। जो किसी भी अनैतिक और अवैध कार्य को नहीं देख पा रही है।

# जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

- तीनों तहसीलों में कुल 160 शिकायतें प्राप्त, मौके पर 12 का निस्तारण

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद




जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर शिकायत का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाएं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अखिलेश मोहन, एसडीएम अजीत सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विकास कश्यप की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 07 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में लोनी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 47 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)